सुप्रभात
रांची, गुरुवार
08.06.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 323



05 जैविक उद्यान में गैंडे के बच्चे का नामकरण हुआ मोती

## न्यूज डायरी

### पूर्व विधायक पुतकर हेम्ब्रम का निधन

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम के पूर्व विधायक पुतकर हेम्ब्रम का बुधवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। मंगलवार की देर रात जमशेदपुर के टीएमएच में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया था। कुछ दिन पहले बाथरूम में गिर जाने से उनके सिर में अंदरूनी चोट आयी थी। श्री हेम्ब्रम राजनीति में आने से पहले टाटा कॉलेज के हो भाषा के प्रोफेसर और आकाशवाणी चाईबासा के प्रारंभिक उद्घोषक भी रह चुके हैं। उनके निधन पर सभी नेताओं ने शोक जताया है।

### रनिया थानेदार के खिलाफ हत्या और छेड़खानी का मामला दर्ज

खूंटी। तोरपा थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार (अभी रनिया) एसआइ विश्वजीत ठाकुर, एसआई प्रीतम राज, एसआई महती चोपाई के खिलाफ हत्या, छेड़खानी का मामला दर्ज किया गया है। तोरपा के रोड़ो गांव में 26 नवंबर को पुलिस की छापेमारी के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गयी थी। मृतक निजामुद्दीन की पोती की शिकायत पर तोरपा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इस मामले में छह महीने बाद कोर्ट के निर्देश पर यह मामला दर्ज किया गया है। केस के आईओ तोरपा थाना प्रभारी मनीष कुमार को बनाया गया है।

### रामगढ़ महिला थाना प्रभारी और दो जमादार सस्पेंड

रामगढ़। महिला थाने में पैसे के लेनदेन को लेकर थाना प्रभारी और दो जमादार सस्पेंड कर दिये गये हैं। रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने बुधवार को निर्देश जारी कर दिया है। महिला थाना परिसर में दो पक्षों के बीच मामला चल रहा था, जिसमें समझौते के बाद रुपये का लेनदेन हुआ था। इस मामले में तत्काल महिला थाना प्रभारी राजे कुमारी कुजुर और जमादार शाहनवाज खान और एसएन यादव को सस्पेंड कर दिया गया।

### गढ़वा में यात्री बस पलटी, 22 यात्री घायल

गढ़वा। जिले में घोड़दाग मोड़ के पास बुधवार को तड़के एक यात्री बस के पलट जाने से 22 लोग घायल हो गये। सबसे पहले आसपास के गांव के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने की कोशिश की। इस बस में करीब 50 लोग थे। इसके बाद पहुंची गढ़वा पुलिस ने हादसे में घायल यात्रियों को पास के अस्पताल में पहुंचाया।

### चाईबासा में फिर पांच आइआइडी बरामद

रांची। चाईबासा के जंगलों में चाईबासा पुलिस और सुरक्षाबलों द्वारा लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान मुफस्सिल थाना इलाके के जंगलों से दो आईईडी बरामद किया, वहीं गोइलकेरा थाना क्षेत्र के जंगलों से तीन आइईडी बरामद किया गया। सभी पांच आइईडी को निरोधक दस्ता ने नष्ट कर दिया।

### कोर्ट परिसर में गैंगस्टर की गोली मारकर हत्या

लखनऊ । राजधानी जेल से पेशी के लिए सिविल कोर्ट आये पश्चिमी यूपी के गैंगस्टर संजीव जीवा की कोर्ट के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गयी। शूटर वकील के ड्रेस में कोर्ट पहुंचे थे। शूटर ने संजीव जीवा पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। मौके पर मौत उसकी मौत हो गयी। जीवा, ब्रह्मदत्त द्विवेदी हत्याकांड का मुख्य आरोपी था और इसी मामले में सजा काट रहा था। घटना में दो पुलिसकर्मी व एक बच्ची भी घायल है। जीवा को मुख्तार अंसारी के शार्प शूटर मुन्ना बजरंगी का करीबी बताया जाता है। एक को पकड़ लिया गया है, उससे है, उससे पूछताछ की जा रही है।

हीट वेव की चपेट में पूरा झारखंड, घर से निकलना दूभर, स्कूली बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़

# प्रचंड गर्मी में भी नौनिहालों को जाना पड़ रहा स्कूल

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। पूरे झारखंड में इन दिनों हीट वेव चल रहा है। मौसम विभाग लगातार लोगों को सचेत कर रहा है, लेकिन इन सब के बीच राज्य के कई जिलों में सरकारी स्कूल खोल दिये गये हैं। बच्चे गर्मी से परेशान हो रहे हैं और विभाग चैन से सो रहा है। मौसम केंद्र की ओर से हर दिन अलर्ट जारी कर बताया जा रहा है कि आगामी 12 जून तक पूरे राज्य में लू चलेगी। लोगों के घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। मौसम विभाग द्वारा आगाह किया जा रहा है कि दिन में 12 बजे के बाद बेवजह घर से न निकलें। लेकिन इस चेतावनी पर राज्य के शिक्षा विभाग की नजर नहीं जा रही है। इतनी प्रचंड गर्मी के बावजूद रांची प्रमंडल के सरकारी स्कूल 5 जून से खुल चुके हैं। इसका खामियाजा नौनिहालों को उठाना पड़ रहा है। देह झुलसाने वाली गर्मी में छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल जाना पड़ रहा है। दूसरी तरफ अस्पतालों में लू से प्रभावित मरीजों के संख्या में इजाफा हुआ है। बच्चों के नाक से खून बहने और बुखार लगने की शिकायत आम हो गयी है।

**विभाग को लेना है फैसला : डीएसई :** इस संबंध में रांची के शिक्षा अधीक्षक (डीएसइ) आकाश कुमार से बात की तो उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा संघ की ओर से इस बात की जानकारी दी गयी है। लेकिन इसपर अंतिम फैसला तो विभाग को लेना है।

(शेष पेज 11 पर)

## मौसम विभाग का फिर अलर्ट , अब 12 तक लू की आशंका




रांची। पूरा झारखंड भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। मौसम विभाग ने पहले 11 जून तक लू का अलर्ट जारी किया थआ। पर अब मौसम विभाग के ताजा अपडेट के मुताबिक 12 जून को भी पूरे राज्य में लू चलेगी। ऐसे में 9 से लेकर 12 जून के लिए विभाग ने पूरे झारखंड में लू का अलर्ट जारी किया है। राज्य में गोड्डा का सर्वाधिक तापमान 44 डिग्री तक जा पहुंचा है। वहीं जमशेदपुर 41.5, डालटेनगंज 42.9 और रांची का अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। विभाग की मानें तो दस जून तक मुख्य रूप से दुमका, पाकुड़, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा, बोकारो, रांची, गुमला, हजारीबाग, खूंटी आदि जिलों में लू का असर देखा जायेगा। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार अगले पांच दिनों तक राज्य का मौसम साफ रहेगा। इस दौरान राज्य का अधिकतम तापमान 41 डिग्री रहने की जानकारी दी गयी है।

**मानसून का इंतजार :** झारखंड में लगातार बढ़ते तापमान से परेशान लोग मानसून के इंतजार में हैं। केरल में अब तक मॉनसून नहीं आया है। अनुमान है कि इस बार पांच दिन देर से मॉनसून आयेगा। इसके कारण झारखंड में लोगों को अभी गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। झारखंड के लोगों को भी अभी मानसून का इंतजार करना होगा। प्री मॉनसून बारिश में भी देरी होगी। तपती गर्मी ने लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है।

# कामडारा में भीषण सड़क हादसा, चार लोगों की मौत

## अनियंत्रित कार गुमटी से टकरा कर खेत में जा गिरी

### मरनेवालों में सभी गुमटी के पास बैठे लोग, रांची संत जेवियर स्कूल के प्राचार्य की थी कार

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। रांची-सिमडेगा स्टेट हाईवे पर बैंक ऑफ इंडिया शाखा कामडारा के समीप बुधवार को भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसा अपराह्न लगभग ढाई बजे की है। घटना में कामडारा निवासी महिला दुकानदार ज्योतिष इंदवार उर्फ ज्योति देवी (40), सुरहु पहान टोली गांव निवासी कृपा तोपनो(40), बेरथिला बरला एवं कामडारा गांव निवासी बसंत नाग(55) की मौत हो गयी। घायलों में सुरहु पहान टोली निवासी एलिना सुरीन, कामडारा बरटोली निवासी जोलडेन नाग और उसकी पत्नी लुसिया तोपनो, बमहंडीह गांव निवासी जिरामनी केरकेट्टा के नाम शामिल है। एक घायल जिरमानी केरकेट्टा की गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना पर कामडारा पुलिस व प्रखंड सह अंचल प्रशासन एवं ग्रामीणों ने मानवता का परिचय देते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया। महिला कृपा व बेरथिला की मौत घटनास्थल पर हो गयी जबकि गुमटी दुकानदार महिला ज्योतिष की मौत रांची ले जाने के क्रम में रास्ते में हुई। एक अन्य घायल बसंत की मौत रेफरल अस्पताल कोनबीर ले जाने के क्रम में हो गयी। घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। घटना की सूचना पर कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, गुमला जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रोशन बरवा सहित कई नेता घटना स्थल पहुंचे थे।

### प्राचार्य व कार में सवार सभी सुरक्षित

जानकारी के इनोवा सवार रांची के संत जेवियर्स स्कूल के प्रिंसिपल अपनी पुत्री के साथ सिमडेगा से रांची लौट रहे थे। इसी क्रम में बैंक ऑफ इंडिया शाखा कामडारा के समीप एक बाईक सवार कार को चकमा दे दिया। इससे इनोवा कार (जेएच 01 डीबी 6127) अनियंत्रित होकर रोड किनारे लगे एक गुमटी को अपने चपेट में लेते हुए सौ फीट हवा में उछल गयी। इस दौरान गुमटी के पास बैठे लोग वाहन की चपेट में आ गये, जिसमें चार लोगों की मौत हो गयी। गुमटी को उड़ाते हुए कार अनियंत्रित हो कर खेत में जा गिरी। घटना के समय अधिकांश घायल बैंकिंग कार्य के लिए बैंक व गुमटी दुकान के आसपास खड़े थे। सभी वाहन की चपेट में आ गये। हादसे में प्रिंसिपल और उनकी पुत्री सुरक्षित हैं। इनोवा सवार सभी लोग सुरक्षित हैं।

मोदी सरकार का किसानों को बड़ा तोहफा

# धान, अरहर, मूंग व उड़द के एमएसपी में भारी वृद्धि

एजेंसी





नयी दिल्ली । केंद्र की मोदी सरकार ने दालों की बढ़ी कीमतों को देखते हुए अरहर, मूंग और उड़द दाल के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोत्तरी कर कर किसानों को बड़ा तोहफा दिया। सरकार ने 2023-24 फसल वर्ष (जुलाई-जून) के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 143 रुपये बढ़ाकर 2,183 रुपये प्रति क्विंटल करने की घोषणा की है। इस कदम का मकसद किसानों को धान की खेती के लिए प्रोत्साहन देना और उनकी आमदनी बढ़ाना है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीइए) की बैठक में 2023-24 के फसल वर्ष के लिए खरीफ (गर्मियों) की सभी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढ़ाने की मंजूरी दी गयी। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयलने सीसीइए की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, 'कृषि क्षेत्र में हम कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिशों के आधार पर समयबद्ध तरीके से एमएसपी तय करते हैं। पिछले वर्षों की तुलना में इस साल एमएसपी में अधिक बढ़ोतरी की गयी है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय जबकि खुदरा मुद्रास्फीति नीचे आ रही है, एमएसपी में बढ़ोतरी से किसानों को फायदा होगा। उन्होंने बताया कि सामान्य ग्रेड के धान का एमएसपी 143 रुपये बढ़ाकर 2,040 रुपये से 2,183 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। 'ए' ग्रेड के धान का एमएसपी 143 रुपये बढ़ाकर 2,203 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है।

न्यूनतम समर्थन मूल्य में सबसे अधिक 10.4 प्रतिशत की वृद्धि मूंग में की गयी है। मूंग का एमएसपी अब 8,558 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। पिछले साल यह 7,755 रुपये प्रति क्विंटल था। धान खरीफ की प्रमुख फसल है और इसकी बुवाई आमतौर पर दक्षिण पश्चिम मानसून के आगमन के साथ शुरू होती है।

इसके साथ ही केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हुडा सिटी सेंटर से साइबर सिटी गुरु ग्राम के साथ द्वारका एक्सप्रेस वे साइड लाइन को जोड़ने वाली मेट्रो सम्पर्क के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी प्रदान कर दी। इस पर 5,452 करोड़ रुपए की लागत आयेगी। इसके तहत मेट्रो का 28.5 किलोमीटर का विस्तार होगा और इसमें 27 स्टेशन होंगे। मंजूरी के बाद से इस परियोजना को पूरा होने में चार वर्ष लगेंगे।

# बांग्लादेशी घुसपैठियों के रांची में प्रवेश की आशंका

### डीसी ने सभी बीडीओ, सीओ थानेदारों से जांच कर मांगी रिपोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने जिले में बांग्लादेशी घुसपैठियों की रिपोर्ट मांगी है। बांग्लादेशी घुसपैठ की अब तक जांच और सत्यापन रिपोर्ट सभी प्रखंडों, अंचलों और थाना प्रभारियों को रांची के एसडीओ को देने को कहा है। बुधवार को उपायुक्त ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के अनुसार रांची में बांग्लादेशी घुसपैठियों के प्रवेश की आशंका है। इसकी लगातार निगरानी एवं जांच और सत्यापन किया जाएगा। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारियों और सभी थाना प्रभारी के अपने-अपने क्षेत्र के बांग्लादेशी घुसैपठियों से संबंधित जांच प्रतिवेदन और सत्यापन रिपोर्ट अपने अनुमंडल पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया है। बुंडू के सदर अनुमंडलाधिकारी को भी अपने क्षेत्र में सत्यापन कराने और हर माह विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।राज्य की विशेष शाखा के एसपी के पत्र के आलोक में यह कार्रवाई की जा रही है। विशेष शाखा ने सभी जिलों के उपायुक्त और एसपी को पत्र लिख बांग्लादेशी घुसपैठ की जानकारी मांगी है। पत्र में कहा गया है कि साजिश के तहत संताल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठियों के सरकारी दस्तावेज तैयार कर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराया गया है। राज्य की आंतरिक व्यवस्था के खतरे को देखते हुए संतार परगना के साथ राज्य के अन्य जिलों में भी इसकी सतत निगरानी और जांच करने को कहा गया है।

# आम चुनने गये दो लोगों को हाथी ने मार डाला

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। कामडारा थाना क्षेत्र के कुली गांव में बुधवार की सुबह आम चुनने गये दो लोगों को हाथी ने पटक-पटक कर मार डाला। वहीं एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हैं। मृतकों में कुली गांव निवासी मोतरों सिंह (60) एवं कुरमुल गांव निवासी जुही देवी ( 35) शामिल हैं। ग्रामीणों के अनुसार तड़के लगभग 4:30 बजे एक जंगली हाथी अचानक कुली गांव स्थित आम बगीचा आ धमका। आम चुन रहे मोतरों सिंह को पटक पटक कर हाथी ने मार डाला। जुही देवी भी अपने पति के साथ आम चुन रही थी। वह हाथी हाथी चिल्लाने लगी। आवाज सुनकर उसका पति भाग गया लेकिन हाथी ने जुही को सूढ़ में लपेट लिया। पटक पटक कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कामडारा सीएससी में इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गयी।

हाथी ने पाकुट निवासी बंधना स्वांसी को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही वनपाल लिबनुस कुल्लू घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक जुही देवी के परिजनों को तत्काल सहायता के रूप में 15 हजार रुपये एवं मोतरों सिंह के परिजनों को 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की है। लिबनुस ने बताया कि कागजी कार्रवाई के बाद बाकी मुवावजा राशि प्रदान की जायेगी।

# कोलकाता एयरपोर्ट से अमित अग्रवाल गिरफ्तार

### सैन्य जमीन घोटाला मामला

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में इडी की टीम ने कोलकाता एयरपोर्ट से कारोबारी अमित अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, अमित अग्रवाल की गिरफ्तारी की पुष्टि इडी की ओर से देर रात तक अधिकारिक रूप से नहीं की गयी। सूत्रों से मिली खबर के मुताबिक, अमित अग्रवाल को बागडोगड़ा एयरपोर्ट पर से ही निगाह रखा जा रहा था। जैसे ही अमित अग्रवाल कोलकाता एयरपोर्ट से बाहर निकले, वैसे ही उन्हें इडी के अधिकारियों के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। संभवतः गुरुवार को कोलकाता कोर्ट में पेश करने के बाद उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर रांची लाया जायेगा। गौरतलब हो कि रांची के बरियातू स्थित सेना के कब्जे वाली 4.83 एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही इडी ने अपनी जांच पूरी कर ली। इस मामले में अमित अग्रवाल की संलिप्तता पायी गयी। इडी पूर्व से ही रांची में भारी पैमाने पर जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में भी अमित अग्रवाल की भूमिका की इडी जांच कर रही है। इडी को शक है कि संताल के क्षेत्र में 1000 करोड़ के अवैध खनन में मिले काले धन को अमित अग्रवाल ने जमीन की खरीद-बिक्री में खपाया है।

# हादसे के बाद फिर पटरी पर लौटी कोरोमंडल एक्सप्रेस

## यात्रियों ने कहा, रेलवे पर भरोसा, यात्री के हाथ में दिखी भगवान की मूर्ति

एजेंसी



भुवनेश्वर। ओडिशा रेल हादसे के बाद पटरियों की मरम्मत की गई और उनपर दोबारा ट्रेनों को आवागमन शुरू हो गया है। हादसे की शिकार कोरमंडल एक्सप्रेस फिर सफर पर चल पड़ी। हाथों में लड्डू गोपाल की मूर्ति के साथ सफर कर रहे यात्री नजर आये। बुधवार को पश्चिम बंगाल के शालीमार से कोरोमंडल एक्सप्रेस भी तमिलनाडु के चेन्नई के लिए रवाना हुई। 2 जून को ओडिशा में तीन रेलों के बीच हुए एक्सीडेंट के बाद यह ट्रेन पहली बार पटरी पर दोबारा लौटी है। कई यात्रियों के हाथों में भगवान की मूर्ति भी नजर आयी। ओड़िशा के बालासोर में हुए रेल हादसे ने पूरे देश को दहला दिया। कोरोमंडल एक्सप्रेस को ही सबसे अधिक नुकसान हुआ था।

**यात्री बोले- रेलवे पर भरोसा है :** दोबारा शुरू हुई इस यात्रा को लेकर कोरोमंडल में सफर कर रहे उन यात्रियों में मिली-जुली भावनाएं हैं। कुछ बहुत डरे हुए हैं तो कुछ लोगों का कहना है कि उन्हें रेलवे पर बहुत भरोसा है।

(शेष पेज 11 पर)

### ओड़िशा में फिर ट्रेन हादसा : 6 की मौत

जाजपुर । ओडिशा में लगातार ट्रेन हादसों के मामले आ रहे हैं।, बुधवार को एक ओर ट्रेन हादसा होने की खबर है। यह हादसा जाजपुर रोड रेलवे स्टेशन पर हुई, जहां एक मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में कई मजदूर आ गये। अब तक छह की मौत हो चुकी है। हादसे में कई गंभीर रूप से घायल होने का बताया जा रहा है। सभी मजदूर मालगाड़ी ट्रेन के एक डिब्बे के नीचे शरण लिये हुए थे। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, यह मालगाड़ी ट्रेन बिना इंजन के जाजपुर रेलवे स्टेशन पर खड़ी थी, लेकिन नॉरवेस्टर के प्रभाव के कारण तूफान उठा था, जिससे बचने के लिए मजदूर मालगाड़ी के नीचे बैठ गये थे। तभी तेज हवा से एक बोगी आगे की तरफ बढ़ी और उसके नीचे बैठे मजदूर चपेट में आ गये। दो जून से लेकर अब तक तीन ट्रेन हादसे हो चुके हैं। इस हादसे का मंजर जहन से हटा भी नहीं था कि पांच जून को बरगढ़ के मेंढापाली में एक मालगाड़ी ट्रेन बेपटरी हो गयी। छह जून को गंजाम जिले के ब्रह्मपुर रेलवे स्टेशन पर आकर पहुंची सिकंदराबाद-अगरतला एक्सप्रेस ट्रेन में धुआं उठते देखा गया था। ट्रेन में आग लगने का कारण शॉट सर्किट बताया जा रहा है। एसी कोच से धुआं उठते देख सभी यात्री डिब्बे से बाहर निकल गये। हालांकि, बाद में कोच की मरम्मत कर उसे बदल दिया गया और ट्रेन अपने गंतव्य स्थल के लिए रवाना हो गयी।

# पलामू में दो नक्सलियों के यहां एनआइए का छापा

### औरंगाबाद नक्सल हमले से जुड़ा है मामला

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। बिहार एनआइए की टीम झारखंड के पलामू जिले में छापेमारी की। मामला 2016 में बिहार के औरंगाबाद जिले में हुए नक्सल हमले का है, जिसमें कई जवान शहीद हो गये थे। टॉप इनामी माओवादी अभिजीत यादव और प्रसाद यादव ने इस हमले को अंजाम दिया था।

इन्हीं दोनों के पलामू स्थित घर में बिहार एनआइए की टीम ने छापेमारी की। फिलहाल, दोनों ही जेल में हैं। एनआइए की टीम दोनों माओवादियों के घर में विभिन्न दस्तावेजों को खंगाला। टॉप माओवादी अभिजीत यादव का घर पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के बंधुडीह गांव में है। वहीं प्रसाद यादव का घर छतरपुर थाना क्षेत्र के बगैया गांव में है।

**औरंगाबाद में हमले की जांच कर रही एनआइए :** दरअसल, बिहार के औरंगाबाद के मदनपुर के इलाके में 2015-16 में बड़ा नक्सल हमला हुआ था। इस हमले में कई जवान शहीद हुए थे।

(शेष पेज 11 पर)

## गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 77,000 रु./प्रति किलो |

## स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने नवगठित समितियों के सभापतियों संग की बैठक, कहा

# विधानसभा की समितियों के कार्य महत्वपूर्ण

*हम सभी संकल्प लें कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के संपूर्ण कल्याण के लिए विधायी शक्तियों का अधिकतम उपयोग करेंगे : स्पीकर*



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा की वर्ष 2022-2023 के लिए नवगठित समितियों के सभापतियों की बैठक बुधवार को स्पीकर रवींद्र नाथ महतो की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर स्पीकर श्री महतो ने कहा कि सभी सदस्यों को अलग-अलग समितियों के सभापति की जिम्मेदारी दी गई है। निश्चित ही यह चुनौतीपूर्ण कार्य है। राज्य की जनता ने जिन आशाओं के साथ हमें चुनकर यहां भेजा है, उन आशाओं को पूरा करने का अवसर भी यह समिति के माध्यम से हमें प्राप्त होते हैं। उन्होंने समितियों के प्रतिवेदन एवं उनसे संबंधित अनुशंसा तथा क्रियान्वयन से संबंधित आंकड़ों का अवलोकन किया। संसद की स्थायी समितियों के प्रतिवेदन की अनुशंसा विभागों द्वारा लगभग 60 प्रतिशत तक अनुशंसाओं को सरकार द्वारा मान ली जाती है और उनका क्रियान्वयन किया जाता है। वहीं संसद की प्रत्यायुक्त विधान समिति की बात कहे तो लगभग 80 से 85 प्रतिशत तक अनुशंसाओं को सरकार स्वीकार कर लेती है। उन्होंने कहा कि अधिकतर विधायक युवा हैं। आपकी ऊर्जा से निश्चय ही झारखंड के नवनिर्माण और आम जनों का कल्याण होगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस समिति की बैठक में हम सभी संकल्प लें कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के संपूर्ण कल्याण के लिए विधायी शक्तियों का अधिकतम उपयोग करेंगे। सभापतियों की बैठक में माननीय सदस्य सीपी सिंह, लोबिन हेंब्रम, रामचंद्र चंद्रवंशी, केदार हाजरा, सरयू राय, दीपक बिरुआ, सीता मुर्मू, रामचंद्र सिंह, नीरल पूर्ति, विनोद सिंह, सरफराज अहमद, इरफान अंसारी, उमाशंकर अकेला, अपणार्सेन गुप्ता, ग्लेन जोसेफ ग्लॉस्टेन, भूषण तिर्की, रामदास सोरेन बैठक में उपस्थित थे।

### राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का 66वां सम्मेलन 30 सितंबर से 6 अक्टूबर तक का-अकरा, घाना में

## स्पीकर ने की संसदीय संघ की आम बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड विधानसभा के सेंट्रल हॉल में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की वार्षिक आम बैठक स्पीकर रवींद्र नाथ महतो की अध्यक्षता में हुई। राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सभापति श्री महतो ने जानकारी दी कि इस वर्ष राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का 66वां सम्मेलन 30 सितंबर से 6 अक्टूबर 2023 तक का-अकरा, घाना में सुनिश्चत है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ जैसे बड़े संगठन में हम अपने आपको उपस्थिति दर्ज कराने तक सीमित न रहकर राष्ट्र की तरक्की में अपनी भागीदारी किस तरह निभा पायें, इस पर भी सोचना चाहिये। मैं व्यक्तिगत तौर पर यह महसूस कर रहा हूं कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुछ क्षेत्रों में बहुत आगे हैं लेकिन, कई ऐसे विषय भी हैं, जिस पर सभी को परस्पर मिलकर कार्य करने होंगे ताकि हम राष्ट्र को श्रेष्ठ बनाने में अपनी भी भागीदारी निभा सकें। बैठक में सीपीए झारखंड शाखा के सचिव प्रभारी सैयद जावेद हैदर ने वर्ष 2022-2023 का लेखा-जोखा के संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत की।

# झारखंड में 25 जून तक मॉनसून आने की उम्मीद

### केरल में मॉनसून 10 जून तक करेगा प्रवेश

### 12 जून तक चलेगी लू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में मॉनसून आने में अभी और देरी है। भीषण गर्मी से परेशान लोगों को अब 25 जून तक इंतजार करना पड़ सकता है। दरअसल, केरल में अब तक मॉनसून नहीं आया है। केरल में इस बार मॉनसून तय तिथि (4-5 जून) से करीब पांच दिन देर आने का अनुमान है। इसका असर झारखंड पर भी पड़ेगा। केरल में मॉनसून 5 जून तक आने का अनुमान था। अब भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार केरल में मॉनसून 10 जून तक प्रवेश कर सकता है। ऐसे में मानसून की हवा सामान्य रही, तो 25 जून के आसपास झारखंड में भी मॉनसून की बारिश शुरू हो सकती है।

**झारखंड में कब से होगी प्री-मॉनसून बारिश :** मॉनसून में देरी के कारण झारखंड के लोगों को अभी गर्मी से राहत नहीं मिलनेवाली है। प्री-मॉनसून बारिश में भी देरी होगी। मौसम केंद्र का पूर्वानुमान है कि 10 जून तक झारखंड में बारिश की उम्मीद नहीं है। इस दौरान तापमान बढ़ेगा। 8 से 12 जून तक पूरे राज्य में लू चल सकती है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अरब सागर में साइक्लोन बिपोरजॉय आ रहा है, लेकिन झारखंड में कोई असर नहीं होगा।

## खबर एक नजर में

### छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष का स्वागत



**रांची।** भाजपा मुख्यालय में बुधवार को छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल समेत तीन नेताओं का स्वागत किया गया। यह स्वागत पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने किया। नारायण चंदेल एवं छत्तीसगढ़ के भाजपा सांसद रणबीर सिंह जूदेव और विजय बघेल का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर गंगोत्री कुजूर, सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, हेमंत दास, सूरज चौरसिया भी उपस्थित थे।

### भाजपा के प्रदेश प्रभारी आज रामगढ़-हजारीबाग में



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी व राष्ट्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह रैना आज गुरूवार को रामगढ़ और हजारीबाग के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर उपलब्धियों की चर्चा करेंगे। साथ ही, टिफिन बैठक और प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगे। बता दें कि भाजपा नेता पार्टी की ओर से से चलाए जा रहे महाजनसंपर्क अभियान के क्रम में प्रवास कर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। दोनों नेता रामगढ़ पहुंचकर 3 बजे अपराह्न होटल शिवम इन में प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगे। साथ ही, अपराह्न 5 बजे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक में भाग लेंगे।

### शराब विक्रेता कंपनियों के खिलाफ प्राथमिकी

**रांची।** उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखंड के मुताबिक कुछ शराब विक्रेता कंपनियां फर्जीवाड़ा कर रही हैं। राज्य के उत्पाद आयुक्त के नाम का एक फर्जी मेल आइडी बना कर जालसाजी करने का प्रयास किया है। इस संबंध में उत्पाद आयुक्त ने बताया है कि सोशल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मीडिया के माध्यम से पता लगा है कि उनके नाम से फर्जी मेल आईडी बना कर जालसाजी करने का मामला प्रकाश में आया है। कुछ शराब विक्रेता कंपनियां इनमें शामिल हैं। इसके जरिये वे अपने पक्ष में गलत सूचना जनित कर इसके स्क्रीन शॉट को वायरल कर रहे हैं। वायरल गलत सूचना के आधार पर शराब व्यवसायियों को गुमराह कर अवैध राशि लेने का प्रयास भी किया जा रहा है। इस मामले की जानकारी सामने आने के बाद विभाग के स्तर से एफआईआर दर्ज कराते हुए विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। उत्पाद आयुक्त ने ऐसे वायरल मैसेज और जालसाजी से बचने की अपील है।

### कल मनेगा बिरसा मुंडा का शहादत दिवस



**रांची।** शक्ति और साहस के परिचायक एवं झारखंड के वीर योद्धा बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर 9 जून को राज्य के सभी प्रखंडों में आजसू पार्टी के नेता, कार्यकर्ता एवं समर्थक धरती आबा को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि भगवान बिरसा की प्रेरणा से हम संघर्ष के रास्ते पर चलते रहेंगे। धरती आबा ने हमें शोषण के खिलाफ लड़ने की ताकत दी। इधर रांची जिला इकाई के पदाधिकारी कोकर, रांची स्थित समाधि स्थल पर माल्यार्पण करेंगे।

### विधायक डॉ लंबोदर महतो राज्यपाल से मिले

## अंगीभूत कालेजों से इंटर अलग करने का आदेश निरस्त करने की मांग की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** आजसू पार्टी के विधायक डॉ लंबोदर महतो ने बुधवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की और कई विषयों पर चर्चा की। उन्होंने राज्यपाल से सभी समस्याओं के समाधान की दिशा में शीघ्र पहल करने का आग्रह किया। उन्होंने गोमिया में डिग्री कॉलेज का उद्घाटन करने और शैक्षणिक सत्र चालू सत्र से प्रारंभ करने का आग्रह किया। उन्होंने राज्य के सभी अंगीभूत महाविद्यालयों जिनमें इंटर कला, विज्ञान व वाणिज्य संकाय में नामांकन लेने पर रोक लगाई है तथा जिसके कारण लाखों छात्र छात्राएं इंटर की पढ़ाई से वंचित हो जायेंगे, उक्त आदेश को निरस्त करने का आग्रह किया। उन्होंने राज्यपाल को इस बात से अवगत कराया कि गोमिया एवं गुरुडीह पलीहारी पंचायत के सभी गांव को कोनार नदी से नये सिरे से इंटेक वेल, डब्ल्यूटीपी एवं पाइपलाइन बिछाते हुए नई ग्रामीण जलापूर्ति योजना स्वीकृति का प्रस्ताव एक अप्रैल 22 को डीएमएफटी बोकारो जिला के शासी निकाय द्वारा अनुमोदित किया गया है। इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति अतिशीघ्र डीएमएफटी मद या जल जीवन मिशन योजना के तहत कराने का आग्रह किया। उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्र चतरो चट्टी के गझंडी से हुरलुंग वाया चतरो चट्टी पथ का निर्माण एवं रजरप्पा से लेकर ललपनिया भाया बड़की पुन्नू पथ निर्माण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति अविलंब कराने की पहल करने और राजकीय मध्य विद्यालय हुरलुंग उत्क्रमित मध्य विद्यालय में तब्दील करने का भी आग्रह किया।

# सभी नगर निकायों को निर्देश- अभियान चलाकर 10 दिनों में नाला और नालियों की सफाई करें : विनय चौबे

**पीएमएवाई के क्रियान्वयन में कोई कोताही न बरतने का निर्देश, शहरी पेयजलापूर्ति योजनाओं को ससमय पूरा करने को कहा...**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य के नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे ने सभी नगर निकायों को अगले 10 दिनों में नाले नालियों की तलहटी से सफाई कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि बारिश का मौसम शुरु होने वाला है। बरसात में किसी भी परिस्थिति में नाले या नालियों से गंदे या बरसात के पानी की निकासी अवरूद्ध न हों। सचिव ने बुधवार को स्मार्ट सिटी स्थित जुपमी के सभागार में नगर विकास एवं आवास विभाग की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिया। बैठक में सचिव ने सभी निकायों को निर्देश दिया कि अभियान चला कर 10 दिनों में नालों की सफाई हर हाल में करायें। नाला व नालियों की सफाई के साथ यह सुनिश्चित हो कि नालों का कचरा बरसात में सड़क पर न फैलने पाए।

श्री चौबे ने समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कार्य पद्धति में बदलाव जरूरी है। टीम गठित कर लाभुकों से आवेदन लिये जायें। इसके लिए बैठक कर समन्वय स्थापित करें। रांची में आवासों की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत लगभग 10 हजार लोगों के लिए आवास बनाया जायेगा। साथ ही 50 प्रतिशत से कम आवास बनवाने वाले निकायों को काम में तेजी लाने का निर्देश दिया।

श्री चौबे ने 15 वें वित्त आयोग के तहत शहरों में बनने वाले तालाब, पार्क और वेंडर मार्केट के लिए डीपीआर बनाने के काम में तेजी लेन का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्य में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सचिव ने यह भी निर्देश दिया कि अमृत योजना के अन्तर्गत जहां टेंडर निष्पादित हो गया है वहां वहा कार्यादेश दिया जाये, लेकिन काम मॉनसून के बाद शुरू करायें। इसके आलावा सचिव ने जुडको के अधिकारियों को पेयजलापूर्ति योजनाओं को ससमय पूरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कांटा टोली फ्लाईओवर को यथासंभव जल्द पूरा कराने के लिए कहा।

मौके पर सूडा निदेशक अमित कुमार ने राज्य में चल रही नगर विकास की योजनाओं को गुणवत्ता पूर्वक काम कराने का निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यालय नगर निकायों को हर संभव मदद के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि अमृत योजना का काम शिफ्ट वाईज कराई जाये।

मौके पर राज्य सरकार की ओर से विभाग के अपर सचिव मनोहर मरांडी, अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार, रांची नगर निगम के नगर आयुक्त शशि रंजन, जुडको के परियोजना निदेशक प्रशासन अरविन्द मिश्र, डीएमए सहायक निदेशक, परियोजना निदेशक पेयजलापूर्ति रणवीर सिंह, सभी नगर निगम के नगर आयुक्त के नगर तथा निकायों के कार्यपालक और विशेष पदाधिकारी शामिल थे।

# कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव पहुंचे इडी दफ्तर, संपत्ति का दिया ब्योरा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** पोड़ैयाहाट से कांग्रेस के विधायक प्रदीप यादव बुधवार को इडी कार्यालय पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक, प्रदीप यादव आय से अधिक संपत्ति का ब्योरा देने के लिए इडी कार्यालय पहुंचे थे। कुछ समय इडी ऑफिस में रहने के बाद वे वापस लौट गए। गौरतलब हो कि इडी ने प्रदीप यादव से जुड़े रांची, दुमका व गोड्डा के 16 ठिकानों पर इडी ने एक साथ छापेमारी की थी। इनमें रांची में छह व दुमका तथा गोड्डा में 10 ठिकाने शामिल थे।

छापेमारी में इडी को कुछ नकदी के अलावा चल-अचल संपत्ति में निवेश की जानकारी मिली थी। संबंधित दस्तावेजों का अब इडी के द्वारा सत्यापन किया जा रहा है।

**पूर्व की छापेमारी में मिले इनपुट के आधार पर हुई थी छापेमारी**

इडी की छापेमारी पूर्व में आयकर विभाग की छापेमारी में मिले इनपुट के आधार पर हुई थी। उस वक्त आयकर विभाग की छापेमारी में विधायक प्रदीप यादव के यहां से दो लाख रुपये, उनके करीबी गोड्डा के होटल व्यवसायी श्यामाकांत यादव के यहां से 40 लाख रुपये, दुमका के विनोद कुमार लाल के यहां से नौ लाख रुपये बरामद हुए थे। जबकि इडी ने प्रदीप यादव के करीबी अजय कुमार झा के यहां से 60 लाख रुपये बरामद किया था। इसके अलावा मनोज कुमार अकेला के यहां से करीब पांच लाख रुपये मिले थे।

# शिक्षकों के तबादले की प्रक्रिया शुरू, शिक्षा सचिव ने दिये निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड के सरकारी शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर बड़ी खबर आ रही है। तबादले की प्रक्रिया शिक्षा विभाग ने शुरू कर दी है। प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं के अंतरू जिला अंतरजिला स्थानांतरण को लेकर शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने निर्देश दिये हैं। उन्होंने 7 जून को सभी उपायुक्तों को इस संबंध में आदेश दिया है। सूत्रों के अनुसार शिक्षा सचिव ने विभिन्न संकल्प और अधिसूचना का हवाला दिया है।

उन्होंने कहा है कि इसके आलोक में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं के अंतः जिला, अंतरजिला स्थानांतरण में निम्नांकित मामलों पर विचार किया जाना है। उन्होंने निर्देश दिया है कि प्राथमिक शिक्षा स्थापना समिति, माध्यमिक शिक्षा स्थापना समिति की बैठक जिले में यथाशीघ्र आयोजित कर क्रम संख्या 1 एवं 2 के संबंध में प्रारंभिक विचार एवं अनुशंसा करें। क्रम संख्या 3 के संबंध में जिला स्तर से विद्यालयवार चिन्हित अधिशेष शिक्षकों-शिक्षिकाओं का नाम एवं उनके विद्यालय के नाम के संबंध में बैठक की कार्यवाही शिक्षक स्थानांतरण पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित की जाये।

# ओड़िशा ट्रेन हादसा : पांचवें दिन भी बोगियों के अभाव में 29 ट्रेनों का परिचालन रहा रद्द

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** बालासोर में ट्रेन हादसे के पांच दिन बाद भी बंगाल-ओड़िशा रेलमार्ग पर यात्री ट्रेनों का परिचालन सामान्य नहीं हो पाया। दक्षिण पूर्व रेल जोन से चलनेवाली 29 ट्रेनों का परिचालन बुधवार को भी रद्द रहने के कारण झारखंड, बिहार, यूपी, छत्तीसगढ़, एमपी एवं दक्षिण भारत मार्ग के हजारों यात्री प्रभावित रहे। इसकी मुख्य वजह है कि बदले मार्ग पर चलने और घटना के कारण रद्द ट्रेनों के रैक की दिक्कत परिचालन से जुड़े स्टेशनों पर हो रही है। इससे 7 जून तक ट्रेनों को रद्द किया गया। रेलकर्मियों की मानें तो 8 जून तक आवागमन पूर्व की तरह ही सामान्य हो जाएगा।

दक्षिण पूर्व जोन से जारी बुलेटिन के अनुसार, मंगलवार और बुधवार को विभिन्न मार्गों की 80 ट्रेनों का परिचालन रद्द बताया गया। आज बुधवार को भी 29 ट्रेनें रद्द रही। इनमें टाटानगर-चक्रधरपुर स्टेशन से गुजरने वाली भुवनेश्वर-आनंद विहार संपर्क क्रांति, आनंद विहार-पुरी नीलांचल एक्सप्रेस एक्सप्रेस, ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस शामिल हैं। अन्य ट्रेनों में बिहार के भागलपुर समेत चेन्नई, हैदराबाद, यशवंतपुर और गुवाहाटी मार्ग की ट्रेनें हैं। मालूम हो कि शुक्रवार शाम ओडिशा में शालीमार-चेन्नई कोरोमंडल एक्सप्रेस, यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस और मालगाड़ी दुघर्टनाग्रस्त होने से खड़गपुर-हिजली व बालासोर के बीच 175 किलोमीटर तक ट्रेन सेवा ठप थी। इससे रेलवे ने रविवार रात तक विभिन्न स्टेशनों से दर्जनों मार्ग की 300 से ज्यादा ट्रेनों का परिचालन रद्द किया था, जो अब भी कायम है। जानकार बताते हैं कि हादसे में क्षतिग्रस्त लाइन व अन्य परिचालन सिस्टम बालासोर में अपडेट हो चुका है। लेकिन ट्रेनों की बोगियों के अभाव में दो दर्जन से अधिक ट्रेनों का रद्द किया गया है। क्योंकि बदले मार्ग पर चलने और घटना के कारण रद्द ट्रेनों के रैक की दिक्कत परिचालन से जुड़े स्टेशनों पर हो रही है। इससे 7 जून तक ट्रेनों को रद्द किया गया है। रेलकर्मियों की मानें तो 8 जून तक आवागमन पूर्व की तरह ही सामान्य हो जाएगा।

**हादसे में मृत यात्रियों की शिनाख्त का प्रयास जारी :** ट्रेन हादसे में मृत यात्रियों की शिनाख्त के लिए रेलवे ने अज्ञात मृतक और जख्मी की सूची को वेबसाइट पर अपलोड किया है, ताकि कोई भी किसी अनजान शव या जख्मी के बाबत 24 घंटे में सूचना दे सके। दुर्घटना में प्रभावित यात्रियों के परिवार की खोज के लिए रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर वरीय अधिकारी रहेंगे। अस्पतालों में भर्ती यात्रियों की सूची व शव की पुष्टि के लिए हेल्पलाइन नंबर 18003450061 और 1929 भी जारी हुआ है।

### महागठबंधन के नेताओं में जोर आजमाइश जारी

# बोर्ड-निगम में जगह पाने को लेकर दिल्ली तक परिक्रमा और चिरौरी शुरू

**उदय चौहान**

**रांची।** झारखंड में बोर्ड-निगम में जगह पाने के लिये परिक्रमावीरों की मंडली दिल्ली की दौड़ लगा रहे हैं। दरअसल, महागठबंधन सरकार के तीन साल पूरे होने के बाद बोर्ड-निगम के खाली स्थानों को भरने का काम शुरू हो गया है। हिंदू-धार्मिक न्यास बोर्ड और राज्य आवास बोर्ड के लिये अध्यक्ष और सदस्यों के नाम जारी किये जा चुके हैं। इससे पूर्व राज्य बाल संरक्षण आयोग का गठन किया जा चुका है। अब सत्ताधारी दलों के नेता-कार्यकर्ता उत्साह में दिख रहे हैं। अब मलाई काटने के लिये सत्ताधारी नेता खाली पड़े बोर्ड-निगम में जगह पाना चाहते हैं। दलों के अंदर भी होड़ मची हुई है। ऐसे में खासकर कांग्रेसी बैकग्राउंड वाले नेता कार्यकर्ता रांची से दिल्ली तक अपने-अपने तरीके से फिल्डिंग कर रहे हैं।

बताया गया है कि झामुमो ऐसे मामले में निश्चिंत है। लेकिन, कांग्रेस में कहा जा रहा है कि दिल्ली में जिसकी सेटिंग मजबूत होगी उसी के हिस्से पद आयेगा। पार्टी हलकों में यह चर्चा हे कि जिन्हें बोर्ड-निगम में सेट करना है, उनकी सूची पार्टी आलाकमान को भेजी जा चुकी है। अब तो सारा कुछ दिल्ली से किया जाना है।

### क्या है फॉर्मूला

कहा जा रहा है कि सत्तारूढ़ दलों झामुमो, कांग्रेस, राजद के बीच बोर्ड–निगम का बंटवारा 11, 9 और 1 के फॉर्मूले पर होना है। जिस दल के विधायक जिस विभाग के मंत्री हैं, उससे संबंधित बोर्ड–निगम में उसी दल के लोगों को समायोजित किया जायेगा। हालांकि, यह कार्य विभागीय स्तर से होना है और विभाग की ओर से तैयारी की जा रही है।

फिलहाल, आवास बोर्ड में रामगढ़ जिले के बरकाकाना के रहने वाले संजय लाल पासवान को झारखंड राज्य आवास बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, सदस्य के पद पर रांची के अभिलाष साहु की नियुक्ति हुई है। इसके अलावा पाकुड़ के गुलाम अहमद गोकुल, रांची के नीतिन अग्रवाल और धनबाद के पवन महतो को नियुक्त किया गया है। जबकि, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयशंकर पाठक को झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, पलामू के हृदयानंद मिश्रा, रांची के राकेश सिन्हा, देवघर के अजय नारायण मिश्रा और पलामू के संजीव तिवारी को बोर्ड के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। दोनों बोर्डों के अध्यक्ष का पद कांग्रेस को मिला है। जबकि सदस्यों में कांग्रेस व झामुमो के नेताओं को शामिल किया गया है। इससे पहले झारखंड राज्य परिवहन प्राधिकार का गठन किया गया था। जिसमें नियुक्त सभी गैर सरकारी 11 सदस्य झामुमो के हैं। इनमें दो सदस्य पार्टी के जिलाध्यक्ष हैं। बाकी 9 सदस्य झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता हैं। इसके अलावा बाल संरक्षण आयोग का गठन किया गया है। इसमें कांग्रेस की ओर से उज्ज्वल तिवारी को स्थान मिला है।

सूत्रों के अनुसार झारखंड राज्य निगरानी पर्षद, झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, झारखंड राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, झालको, झारखंड कृषि विपणन परिषद, रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार, झारखंड पर्यटन विकास निगम, झारखंड राज्य वन विकास निगम, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, झारखंड माटी कला बोर्ड, समाज कल्याण बोर्ड, खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार धनबाद, झारखंड श्वेतांबर जैन न्यास बोर्ड, राज्य प्रावैधिक शिक्षा परिषद, झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड, सैरात रेमिशन कमेटी, झारखंड राज्य बाल श्रमिक आयोग, झारखंड राज्य अनुसूचित जाति आयोग, झारखंड अनुसूचित जनजाति आयोग, झारखंड राज्य गोसेवा आयोग, राज्य महिला आयोग, युवा आयोग, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद, झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण, झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग,झारखंड वक्फ बोर्ड, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग, वित्त आयोग, राज्य खनिज विकास निगम में स्थान रिक्त हैं। इन्हीं पदों के लिए पार्टी नेताओं के बीच जोर आजमाइश चल रही है।

## रातू रोड में तेजी से हो रहा फ्लाइओवर का निर्माण कार्य


फोटो : समीर

# समय पूर्व तैयार होगा फ्लाइओवर और एलिवेटेड कॉरिडोर

### जाम से मिलेगी निजात

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के लोगों को जल्द ही जाम से निजात मिलेगी। रांची डीसी राहुल सिन्हा ने बुधवार को कांटोटोली फ्लाईओवर और रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य को लेकर दिशा निर्देश देने के बाद उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर और एलिवेटेड कॉरिडोर समय से पहले तैयार हो जाएगा।

राजधानी रांची में बन रहे कांटोटोली-सिरमटोली फ्लाईओवर और रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण में तेजी लाने की पूरी कोशिश हो रही है। आम लोगों के साथ-साथ प्रशासन भी चाहता है कि इसका निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जाए।

फ्लाईओवर का निरीक्षण करने पहुंचे डीसी राहुल सिन्हा ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था को देखते हुए निर्माण का काम समय से पहले कर लिया जाएगा। उम्मीद की जा रही है कि अगले एक से डेढ़ साल में कांटोटोली-सिरमटोली फ्लाईओवर और रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर, को पूरा कर सरकार के हवाले कर दिया जायेगा।

**इसी साल दिसंबर तक बन जाएगा फ्लाईओवर :** बता दें कि कांटाटोली फ्लाइओवर का निर्माण मार्च 2024 तक पूरा करने का समय दिया गया है, लेकिन जुडको ने इसी साल दिसंबर तक पूरा कराने का लक्ष्य रखा है। वहीं, पथ निर्माण विभाग और एलएंडटी कंपनी का दावा है कि सिरमटोली-फ्लाइओवर को भी अक्टूबर 2023 में पूरा करा लिया जायेगा। वहीं रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर को अगले साल तक पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है।

**आपस में जोड़े जाएंगे सिरमटोली और कांटाटोली फ्लाईओवर :** इधर सिरमटोली और कांटाटोली के फ्लाईओवर आपस में जोड़े जाने की भी सूचना है। दोनों को आपस में जोड़ने के लिए पथ निर्माण विभाग ने डिजाइन तैयार कर लिया है। अब उस अनुरूप डीपीआर तैयार कराया जायेगा। यह फ्लाईओवर पटेल चौक से शुरू होगा। सिरमटोली चौक के पास फ्लाईओवर से उतरने और चढ़ने दोनों के लिए रैंप तैयार किया जायेगा।

## झारखंड बन रहा लव जिहाद का केंद्र इसपर जल्द रोक लगे: संजय पोद्दार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष संजय पोद्दार ने कहा कि झारखंड लव जिहाद का केंद्र बनता जा रहा है। हाल के कुछ महीनों से कई जिलों में लव जिहाद के मामले तेजी से बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के भागलपुर की रहने वाली एक मॉडल का आरोप है कि मॉडल कोचिंग संचालक तनवीर अख्तर ने धर्म और नाम छिपा कर उसका यौन शोषण किया और धर्म परिवर्तन करने और शादी करने का दबाव बनाया। मॉडल का आपत्तिजनक वीडियो बना कर उसे ब्लैकमेल करने के नाम पर कई बार संबंध बनाया और धर्म बदलने का मॉडल पर दबाव बनाया। वहीं पश्चिमी सिंहभूम जिले के अदनान खान दो साल पहले एक नाबालिग हिन्दू लड़की के साथ अमित कुमार बता कर उससे दोस्ती की। इस बीच लड़की ने लड़के से बार-बार उसके धर्म के बारे में पूछा लेकिन युवक ने लड़की को अमित कुमार बताया और खुद को बिहारी कहता रहा। रांची के खलारी में उड़िया धौड़ा गांव में एक मुस्लिम युवक ने अपना धर्म छुपाकर हिंदू लड़की से शादी की। बाद में लड़की पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाया। बोकारो के हरला थाना क्षेत्र से 8 दिसम्बर, 2022 में एक मामला सामने आया था, जहां नाबालिग हिंदू लड़की से धर्म बदल कर मुस्लिम युवक ने शादी का प्रयास किया लेकिन शादी से पहले ही उसके मुस्लिम होने की बात सामने आ गई थी। साहिबगंज जिले में एक हिंदू लड़की रेबिका पहाड़िन की हत्या करके उसके शव को 50 टुकड़ों में काटकर फेंक दिया गया था। मामले की जांच हुई तो इस केस में उसका पति दिलदार अंसारी ही हत्यारा निकला। दुमका में शाहरुख और नईम ने 12वीं की छात्रा अंकिता सिंह पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी थी। उन्होंने सरकार से लव जिहाद के मामलों पर अविलंब रोक लगाने की मांग की है।

# यश मॉडल के संचालक पर आरोप लगाने वाली मॉडल लायी गयी रांची, कराया मेडिकल टेस्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** महाराष्ट्र पुलिस ने रांची पुलिस को एक मामला भेजा था। बिहार की रहने वाली एक मॉडल ने यश मॉडल के मालिक पर लव जिहाद का आरोप लगाया था। वही मॉडल को रांची लाया गया है। जहां मॉडल का सदर अस्पताल में बुधवार को मेडिकल टेस्ट कराया गया। इधर रांची पहुंची पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उससे पहली मुलाकात यश नाम बताकर की थी। जब उसका असली नाम तनवीर खान पता चला, तो उसने दूरी बनानी शुरू कर दी। इसके बाद ब्लैकमेल करने और मारपीट का सिलसिला शुरू हो गया। इस मामले में युवती ने सीएम को ट्वीट कर गुहार लगाई। वहीं पुलिस रांची में मामला दर्ज कर कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

### क्या है शिकायत में



पीड़िता ने पुलिस को बताया कि यश मॉडल के मालिक तनवीर खान ने पहली मुलाकात में अपना नाम यश बताया था। मगर, बाद में उसे पता चला कि उसका असली नाम यश नहीं तनवीर है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि दोस्ती के दौरान होली में नशे की गोलियां खिलाकर उसके कुछ फोटो खींचे थे। इसके बाद से तनवीर उसे ब्लैकमेल करने लगा। आरोपी तनवीर उस पर धर्म बदले और शादी का दबाव बनाने लगा।

### आरोप को किया खारिज

तनवीर इन आरोपों को खारिज कर रहा है। उसने अपनी गलती मानी और पीड़िता पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया। कोर्ट में दिए एक एफिडेविट में स्वीकार किया कि वह उसे हैरस करता था। मगर, उसका इरादा उसे नुकसान पहुंचाना नहीं था। वह ऐसा करता था, ताकि दोनों साथ रह सकें। इसके अलावा उसने कबूल किया है कि वह आगे से ऐसा कुछ भी नहीं करेगा। वह अपने ब्वॉयफ्रेंड के साथ मिलकर ब्लैकमेल कर रही है। मुझे झूठे आरोपों में फंसाने की कोशिश कर रही है। तनवीर ने कहा कि इस युवती ने मेरे बिजनस को नुकसान पहुंचाया। जब मैंने इससे भरपाई की मांग की तो वो मुझे ब्लैकमेल करने लगी। कहा कि इससे पहले युवती ने मेरी न्यूड तस्वीर मेरी फैमिली और फ्रेंड्स को भेजा था, लेकिन मैंने इग्नोर कर दिया था।

## लव जिहाद का आरोपी तनवीर अख्तर नेपाल फरार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में मॉडलिंग स्कूल का संचालक और लव जिहाद का आरोपी तनवीर अख्तर नेपाल भाग गया है। उसने रांची से बिहार के गया और पूर्णिया-अररिया के रास्ते बॉर्डर पार किया है। उसका कोई परिचित भी उसके साथ है। पुलिस की तकनीकी टीम ने इस बात को पकड़ा है कि वह रांची से नेपाल फरार हो गया है। इसके बाद से पुलिस एक्शन मोड में है और लगातार दबिश बनाए हुए है। गत एक जून को लव जिहाद के मामले की जांच करने रांची पुलिस मुंबई गई थी। मुंबई में रहने वाली मॉडल से रांची पुलिस पूछताछ की और पूरे मामले की जानकारी ली। साथ ही मॉडल का बयान दर्ज किया।

रांची पुलिस के अनुसार तनवीर अख्तर के खिलाफ कई तरह के सबूत मौजूद हैं। साइबर सेल की मदद से यह भी पता लगाया गया है कि तनवीर अख्तर उस मॉडल युवती का फर्जी फेसबुक भी बनाने वाला था। इसकी कोशिश भी उसने की थी। मुंबई गयी झारखंड की स्पेशल टीम को खुद मॉडल ने भी कई साक्ष्य उपलब्ध कराए हैं। रांची से नेपाल भाग जाने के बाद भी पुलिस इस बात का दावा कर रही है कि आरोपी तनवीर की गिरफ्तारी जल्द होगी।

**क्या है पूरा मामला :** मुंबई में रहने वाली बिहार के भागलपुर की एक मॉडल ने आरोप लगाया है कि रांची में ग्रूमिंग इंस्टीट्यूट चलाने वाले मुस्लिम शख्स ने हिंदू बनकर उसे झूठे प्रेमजाल में फंसा लिया और अब शादी के लिए धर्म परिवर्तन का दबाव बनाते हुए ब्लैकमेल कर रहा है। मॉडल ने मुंबई में मामला भी दर्ज कराया है। उसने सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मदद मांगी थी। मुंबई में काम करने वाली मॉडल वर्ष 2020 में रांची में एक मॉडलिंग कंपनी के संपर्क में आयी थी। वहां एक व्यक्ति से उसकी मुलाकात हुई, जिसने अपना नाम यश बताया। पहले दोनों के बीच दोस्ती हुई। फिर यश ने मॉडल पर धर्म परिवर्तन और शादी करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। मॉडल को जब पता चला कि यश दरअसल में यश नहीं, तनवीर अख्तर खान है, तो उसने उससे दोस्ती खत्म कर दी लेकिन तनवीर ने उसे परेशान करना शुरू कर दिया।

# सैन्य घोटाले में जगतबंधु टी-एस्टेट के दिलीप घोष भी हुए गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सेना की जमीन घोटाला मामले में इडी की टीम ने बुधवार की रात कोलकाता से कारोबारी अमित अग्रवाल के नजदीकी दिलीप कुमार घोष को भी गिरफ्तार कर लिया है। इससे पूर्व इडी ने जगतबंधु टी एस्टेट से जुड़े दिलीप घोष को समन कर दस मई को एजेंसी के जोनल कार्यालय में हाजिर होने का निर्देश दिया था, लेकिन वे हाजिर नहीं हुए थे।

**दिलीप अहम कड़ी है जमीन घोटाले के अहम कड़ी माना जा रहा है दिलीप घोष :** गिरफ्तार दिलीप घोष की कंपनी जगतबंधु टी एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड को ही फर्जी कागजातों के जरिए सेना की कब्जे वाली 4.83 एकड़ जमीन बेची गई थी। इडी को यह भी जानकारी मिली थी कि कंपनी ने 20 करोड़ के सरकारी मूल्य की जमीन महज सात करोड़ में खरीदने का जिक्र रजिस्ट्री में किया था। वहीं इस जमीन के बदले फर्जी मालिक प्रदीप बागची को महज 25 लाख मिले थे। रजिस्ट्री में अलग-अलग बैंक खातों से बाकी 6.75 करोड़ रुपये देने का दावा इडी की जांच में गलत निकला था।

## मछली व्यवसायी से ₹55 हजार की लूट, जांच में जुटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रांची में इन दिनों लूट, छिनतई और मर्डर की घटना बढ़ती ही जा रही है। बुधवार को भी अपराधी एक कांड को अंजाम देकर निकल गए। मछली का व्यवसाय करने वाले बरियातू के संजय साहनी से डोरंडा के डीपीएस स्कूल रोड में करीब 55 हजार रुपए अपराधियों ने लूट लिये। 4-5 की संख्या में अपराधी स्कूटी से आए और संजय से 55 हजार रुपए लूटकर निकल गए। जानकारी मिलते ही हटीया डीएसपी राजा मित्रा, जगरनाथपुर थाना प्रभारी व डोरंडा थाना प्रभारी घटनास्थल के पास पहुंचे। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिले रिम्स के नये प्रभारी निदेशक डॉ आरके गुप्ता, विभागों का लिया जायजा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** रिम्स के नये प्रभारी निदेशक डॉ आरके गुप्ता ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आवासीय कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान रिम्स में बेहतर स्वास्थ्य सेवा बहाल करने पर विचार विमर्श किया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने उम्मीद जतायी कि नये निदेशक के आने से रिम्स में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। नये तकनीक और टीम भावना के साथ रिम्स में अच्छा वातावरण मिलेगा।

**विभिन्न विभागों का लिया जायजा :** रिम्स का प्रभारी निदेशक बनने के बाद डॉ आरके गुप्ता अस्पताल के विभिन्न विभागों का जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ओपीडी कॉम्प्लेक्स, ब्लड बैंक और अस्पताल के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। स्टाफ और मरीजों से कमियों के विषय में जानकारी ली और व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक डॉ हीरेंद्र बिरुआ और चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी भी उनके साथ थे।

## आपराधिक मामले में अभियोजन की स्वीकृति

**रांची।** उपायुक्त राहुल सिन्हा ने बुधवार को हिंदपीढ़ी थाना में दर्ज कांड संख्या 61/ 23 के अभियुक्त अरबाज, जमील और वसीम के खिलाफ शस्त्र अधिनियम की धारा-25 (1-बी), ए/26/35 के तहत अभियोजन की स्वीकृति दी है। ये सभी हरमू नदी किनारे किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने जुटे थे। पुलिस ने इन्हें 17 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। वहीं एक अन्य अपराधी गुर्जर भाग निकला था। तलाशी के क्रम में तीनों के पास से देसी पिस्टल एवं जिंदा गोली बरामद की गई थी। इस कांड के अनुसंधान के क्रम में तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध मामला सत्य पाया गया।

## स्मृति कप में स्पंदन क्लब कोलकाता विजयी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के मेकॉन स्टेडियम में बुधवार को स्मृति कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन हुआ। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेंद्र खन्ना की स्मृति में यह खेल आयोजित की जा रही है। उद्घाटन के मौके पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय भी मौजूद रहे। पहला मैच रांची रॉयल बनाम स्पंदन क्लब कोलकाता के बीच खेला गया। कोलकाता ने टॉस जीतकर रांची को बल्लेबाजी के लिए निमंत्रण दिया। रांची रॉयल ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 178 रन बनाए। विनय सिंह ने 54 रन, वसीम 36, सिद्वार्थ राज सिन्हा 23, कौशल 16 रन बनाकर नाबाद रहे। नितीन बाली में 20 रन देकर तीन विकेट और आशीष अनुज ने एक- एक विकेट लिया। जबाबी पारी खेलने उतरी स्पंदन क्लब कोलकाता ने 19.4 ओवर में छह विकेट खोकर 182 रन बनाया और जीत हासिल की। आबिद हसन ने 61 रन बनाए, इन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं, टीम के लिए बॉबी यादव ने 32 और तीरथ 23 रन बनाकर नाबाद रहे। वसीम ने 18 रन देकर दो विकेट हासिल किया। दूसरा मैच एमपी वर्मा पटना बनाम जमशेदपुर जांबाज के बीच खेला गया। एमपी वर्मा ने 19 ओवर में दस विकेट खोकर 142 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। मुकेश को मैन ऑफ द मैच दिया गया।

इस अवसर पर मन्नान सिद्दिकी, किशन अग्रवाल, संजय मिश्रा, प्रवीण देवघरिया, चंचल भटटाचार्य, सुनील कुमार, उदय शर्मा, संजय श्रीवास्तव, विजयकांत दूबे, उज्जवल दास, मृत्युंजय कुमार, अजातशत्रु, गुरप्रीत सिंह, मो नावेद, मुकेश सिन्हा, इंद्रजीत सिंह मलहोत्रा, दीपक कुमार सिन्हा, अमित मिश्रा, मेकॉन के मुख्य क्यूरेटर उमाकांत जेना, महमूद आलम और पूर्व खिलाड़ी थे।

# जेब होगी ढीली, रांची से उड़ान सेवा महंगी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** उड़ानों की कीमतें अचानक से आसमान छूने लगी हैं। किराया इतना बढ़ गया है कि डोमेस्टिक फ्लाइट इंटरनेशनल फ्लाइट से भी ज्यादा महंगी हो गई है। विशेष तौर पर अगर आप 24 घंटे पहले रांची से मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु सहित अन्य जगहों के लिए फ्लाइट बुक करते हैं तो आपको भारी-भरकम रकम चुकानी पड़ेगी।

इधर, राहत की बात तो यह है कि 10 जून से रांची से मुंबई के लिए सीधी विमान सेवा शुरू की जायेगी। साथ ही इंडिगो द्वारा 240 यात्रियों की क्षमता वाले विमान की सेवा शुरू की जायेगी। इससे लोगों को काफी लाभ मिलेगा। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। जुलाई से रांची से बेंगलुरु और हैदराबाद के लिए आकाश एयरलाइंस द्वारा सीधी विमान सेवा शुरू की जायेगी।

### रांची से मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु के लिए किराया

| तारीख | मुंबई | दिल्ली | बेंगलुरु |
|---|---|---|---|
| 07 जून | 14,841 | 10,501 | 19,580 |
| 08 जून | 11,250 | 9,630 | 15,776 |
| 09 जून | 9,626 | 9,630 | 13,571 |
| 10 जून | 8965 | 8,348 | 11,786 |
| 11 जून | 8303 | 8,999 | 11, 786 |

बात करें सात जून को रांची से मुंबई तक के लिए फ्लाइट का किराया 14,841 रुपये, रांची से दिल्ली के लिए 10,501 रुपये चुकाने पड़े। जबकि रांची से बेंगलुरु के लिए 19,580 रुपये देने पड़े। इसी तरह आने वाले दिनों में भी फ्लाइट का किराया काफी महंगा है।

## खूंटी में खुला बिरसा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस एवं रिसर्च हॉस्पिटल

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में खूंटी जिला राज्य में एक अलग छाप छोड़ेगा : हर्षनाथ मिश्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** खूंटी जिले में बुधवार को बिरसा इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंसेस एवं रिसर्च अस्पताल की ओपीडी सेवा शुरू हो गयी। खूंटी उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि बिरसा इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंसेस एवं रिसर्च अस्पताल आदिवासी बहुल इलाका में मील का पत्थर साबित होगा। अस्पताल के माध्यम से क्षेत्र के गरीब असहाय सुविधाविहीन एक-एक व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल सह रिसर्च सेंटर के विकास के लिए सरकार हरसंभव सहयोग देने के लिए वचनबद्ध रहेगी।

मौके पर सेन्ट्रल कोल फील्ड लिमिटेड के डायरेक्टर पर्सनल हर्षनाथ मिश्रा ने कहा कि खूंटी जिला भारत सरकार के बहुलक्षित जिलों में से एक है और स्वास्थ्य के क्षेत्र में इस राज्य के लक्षित खूंटी जिला एक अलग छाप छोड़ेगा।

बिरसा इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंसेस एवं रिसर्च अस्पताल के ओपीडी सेवा प्रारंभ सह मुफ्त स्वास्थ्य शिविर में अमेरिका के जाने माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अविनाश गुप्ता, अमेरिका की जानी मानी आंतरिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ गीता गुप्ता, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सुनिता कात्यान, डॉ सुमित, डॉ अभिषेक, डॉ राकेश, नेत्र विशेषज्ञ डॉ डॉली टंडन, चिकित्सक डॉ जेके मित्रा, सर्जरी विशेषज्ञ डॉ आर एस शर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ श्वेता लाल, और चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ रवि शंकर द्विवेदी व डॉ पियाली बनर्जी ने जियारप्पा गांव एवं अगल- बगल के दूर दराज के ग्रामीणों का मुफ्त इलाज कर दवाइयां भी दीं।

उद्घाटन समारोह में बीआइएमएसआर के संस्थापक ट्रस्टी व सीइओ डॉ आर के राय, ट्रस्टी अशोक भगत, खूंटी अनुमंडल पदाधिकारी अविकेत सचान, एसबीआइ के क्षेत्रीय मैनेजर रजनीश कुमार सिंह, यूनियन बैंक के एजीएम राकेश कुमार, आइआइसीएम की निदेशक कामक्षी रमण, राँची यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति, पड़हा राजा मुखिया सोमा मुंडा, मुखिया सोमा मुंडा, अर्पणा हंस, सुनील मुंडा, रबिया पहान, शंकर पहान, दुगा मुंडा, झारखंड पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष रिजवान अहमद, कार्यकारी अध्यक्ष किरण आइंद, रांची जिला महिला अध्यक्ष अंशु लकड़ा सहित चर्च समुदाय के फादर अनिल होरो और फादर बेनेडिक्ट उपस्थित रहे।

## जिस बेटी की हत्या की दर्ज करायी थी प्राथमिकी , 48 घंटे बाद वह जिंदा घर लौटी

**शोभा के पिता बहादुर दास ने 3 जून को दामाद पर बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/देवघर।** झारखंड के देवघर में एक पिता ने अपनी बेटी की हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज होने की महज 48 घंटे बाद ही महिला जिसका नाम शोभा देवी है, वह जिंदा घर लौट आयी। महिला शोभा देवी देवीपुर थानाक्षेत्र के तिलौना गांव की रहने वाली है। शोभा के पिता बहादुर दास ने 3 जून को दामाद पर बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। शोभा की शादी कुछ वर्ष पहले मधुपुर थानाक्षेत्र के जयंतीग्राम में हुई थी। शोभा ने थाने में जो राज बताया वह जानकर पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए।

### महिला ने उसे बेचे जाने का आरोप लगाया

शोभा ने पुलिस को दिये बयान में बताया कि उसके पति विक्की दास ने उसे किसी को बेच दिया था। वह किसी तरह वहाँ से जान छुड़ाकर वापस भाग आई है। शोभा ने कहा कि उसने कई दिनों से ठीक से भोजन नहीं किया है । ऐसे में पुलिसवालों ने नगर थाने के मेस से खाना मंगवाकर शोभा को खिलाया। फिलहाल शोभा को महिला पुलिसकर्मियों की निगरानी में रखा गया है। पुलिस पूरे मामले की जाँच कर रही है। पुलिस यह पता लगा रही है कि महिला के पिता ने सीधे हत्या की प्राथमिकी क्यों दर्ज कराई। पति ने उसे क्यों बेचा?

### दहेज के लिए बेटी को प्रताड़ित किया जाता था

शोभा के पिता बहादुर दास ने पुलिस को बताया कि 31 मई को उन्हें बताया गया कि ससुराल वालों ने उनकी बेटी की हत्या कर शव को गायब कर दिया है। पिता ने कहा कि दामाद विक्की दास और उसकी चचेरी भाभी संगीता 5 लाख रुपये दहेज की मांग कर रहे थे। जिसके चलते उनकी बेटी को हमेशा प्रताड़ित किया जाता था । अभी एक महीने पहले शोभा ने एक बेटी को जन्म दिया है । बेटी के जन्म देने के बाद से प्रताड़ना और भी ज्यादा बढ़ गई। ससुराल में शोभा के साथ मारपीट भी की जाती थी। उन्होंने कहा कि जब उन्हें शोभा की हत्या और शव गायब करने की खबर दी गई तो वह अपने स्तर से पता लगाते रहे। जब कहीं से कोई जानकारी नहीं मिली तो 3 जून को पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई ।

# आम की नयी किस्म तैयार कर दिलायें अंतरराष्ट्रीय पहचान : राधाकृष्णन

## राज्यपाल ने पलांडू अनुसंधान केंद्र में आम महोत्सव सह किसान मेले का किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता







**नामकुम।** कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केंद्र, प्लांडू में बुधवार को आम महोत्सव सह किसान मेला का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

मौके पर उपस्थित अधिकारियों और किसानों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह केवल स्वादिष्ट आमों का उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारे किसानों के प्रयासों और समर्पण को सलाम है। उन्होने कहा कि आम उत्सव आम की नई किस्मों अत्याधुनिक तकनीकों और नवीन उत्पादों को लोकप्रिय बनाने में सहायक सिद्ध होगा। राज्यपाल ने वैज्ञानिकों से हमारे आमों को विकसित कर उसे अलफांसो जैसी अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की बात कही। राज्यपाल ने कहा कि कृषि हमारे राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ ह। अन्नदाता किसानों की समृद्धि से ही समृद्ध झारखंड का निर्माण हो सकता है। राज्यपाल ने कहा कि क्षेत्र में उपलब्ध जैव विविधता के कारण विभिन्न सब्जियों और फलों की फसलों की उन्नत किस्में और संकरों को विकसित करने की अत्यधिक संभावना है। वैज्ञानिक इसपर काम करें। इस मौके पर महामहिम राज्यपाल द्वारा पूर्वी भारत के विभिन्न राज्यों से आये प्रगतिशील किसानों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया एवं संस्थान के वैज्ञानिकों को भी उत्कृष्ट अनुसंधान कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया। साथ ही उन्होंने केंद्र के प्रकाशनों तथा केंद्र द्वारा निर्मित प्रसंस्कृत उत्पाद स्वर्ण मैंगो मसाला रोल का विमोचन किया।

डॉ सुरेश कुमार चौधरी, उप महानिदेशक आईसीएआर ने कहा कि देश के पूर्वी पठारी भाग की जलवायु बागवानी फसलों की खेती के लिए अत्यंत अनुकूल है। इस क्षेत्र के अधिकांश किसान आम की खेती करते हैं। आम के वृक्ष फल देने के साथ साथ ग्रीन हाउस गैसों के प्रभाव को कम करने, मिट्टी की उर्वरा शक्ति एवं नमी को बनाये रखने में सहायक हैं, जिससे पर्यावरण संतुलन बना रहता है। वहीं संस्थान के निदेशक डॉ अनुप दास ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान की गतिविधियों, कृषि अनुसंधान एवं विकसित एवं हस्तांतरित कृषि तकनीकों शोध प्रकाशनों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हुए अनुसंधान केन्द्र प्लांडू द्वारा आम की उत्पादकता बढ़ाने हेतु कई उन्नत तकनीकों का विकास किए जाने की बात कही। वहीं राज्य के कृषि सचिव अबुबक्कर सिद्दीकी ने कहा कि आम आधारित कृषि प्रणाली को अपनाकर किसान अपनी आय को बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम में डॉ सुजय रक्षित, डॉ अभिजीत कर, डॉ शशि भूषण चौधरी, पूर्व प्रधान डॉ शिवेन्द्र कुमार, प्लाण्डू के प्रधान डॉ अरुण कुमार सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। इस आयोजन में देश के पूर्वी राज्यों के 350 से अधिक किसानों ने भाग लिया।

**किसानों ने लगाई प्रदर्शनी :** आम महोत्सव के दौरान महामहिम राज्यपाल द्वारा आम की विभिन्न उन्नत किस्मों की प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया गया। जिसमें केन्द्र द्वारा संरक्षित लगभग एक सौ सत्तर किस्मों के आम प्रदर्शित किए गए थे। प्रदर्शनी में किसानों के द्वारा लाई गई अनेक आम की किस्मों को भी शामिल किया गया था। जिनमें कांचा मीठा मैंगो, पर्पल मैंगो, सुरखा वर्णा, पैरी, सीएचएम, साहाबाले, आम्रपाली, जर्दालु, बंबईया, लीची आम, मल्लिका, केला आम, मालदह, दशहरी, लंगड़ा, अलफांसो सहित अन्य किस्में शामिल थी।

### प्रगतिशील किसान श्रवण गुप्ता पुरस्कृत

**राज्यपाल** ने महिलौंग के प्रगतिशील किसान श्रवण कुमार गुप्ता को भी उनके कार्यो के लिए पुरस्कृत किया। श्रवण ने बताया कि वे पिछले बारह वर्सो से पलाण्डू केन्द्र में प्रशिक्षण लेकर अपनी नर्सरी के माध्यम से फलों की प्रजातियां तैयार करते है और उसे बेचते है, श्रवण अपनी नर्सरी के माध्यम से वर्स में पंद्रह से बीस लाख रुपए का कारोबार करते है।

# बीआइटी मेसरा, सेंट्रल यूनिवर्सिटी, आइआइएम व ट्रिपल आइटी को जमीन समस्या के निदान को कार्रवाई करें : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** जिले के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को बीआइटी मेसरा, ट्रिपल आइटी, सेंट्रल यूनिवर्सिटी, आइआइएम को जमीन संबंधित समस्यों के निदान के लिए अपने अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

रांची समाहरणालय में उपरोक्त विवि से जुड़ी जमीन संबंधित समस्याओं को लेकर हुई समीक्षात्मक बैठक में अपर समाहर्त्ता, रांची राजेश बरवार, उप समाहर्त्ता भूमि सुधार, रांची राजीव कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रांची अंजना दास, अंचल अधिकारी नगड़ी एवं बीआईटी मेसरा, आईआईआईटी, सेंट्रल यूनिवर्सिटी, आईआईएम के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में सबसे पहले बीआईटी मेसरा के लिए अधिग्रहित गैर विवादित भूमि को अपने अधीन लेकर उस पर भवन निर्माण कराने की समीक्षा की गई। उपायुक्त द्वारा बीआईटी मेसरा के प्रतिनिधि को गैर विवादित भूमि पर छात्रों की सुरक्षा के लिए निर्माण कार्य शुरू करने की बात कही गई। विवादित स्थानों के संबंध में उपायुक्त ने ग्रामीणों के साथ बातचीत कर समाधान निकालने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अन्य मामलों में संबंधित सीओ को भी दिशा निर्देश दिया जाएगा।

सेंट्रल यूनिवर्सिटी से संबंधित दोहरी जमाबंदी की समीक्षा के दौरान उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। केंद्रीय विश्वविद्यालय के परिसर तक पहुंच पथ निर्माण के संबंध में उपायुक्त ने प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में आवश्यकतानुसार बिजली आपूर्ति को लेकर उपायुक्त ने बिजली विभाग के संबंधित पदाधिकारी को व्यवस्था करने का निर्देश दिए।

# झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन का प्रयास रंग लाया, विद्यालयों के नामों में हुआ संशोधन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने झारखंड के 80 विद्यालयों के नाम को बदलने का फैसला किया था। इन विद्यालयों का नाम मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय रखा गया। लोहरदगा के नदिया हिंदू हाई स्कूल का नाम सहित झारखंड के अन्य जगहों में भी विद्यालयों के नामों में परिवर्तन किए जाने पर लोगों में जनाक्रोश था।

झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन झारखंड सरकार द्वारा विद्यालयों के नाम बदलने के फैसले पर घोर निंदा करते हुए इसे बिल्कुल गलत एवं दुर्भाग्यपूर्ण बताया था। इस संबंध में झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने लोहरदगा में नदिया हिंदू हाई विद्यालय का नाम बदले जाने के फैसले पर रोष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन प्रेषित कर नाम को संशोधित करने की मांग की थी। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए बताया था कि नदिया हिंदू उच्च विद्यालय का अपना गौरवमयी इतिहास रहा है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। लोहरदगा में स्थित नदिया हिंदू उच्च विद्यालय की स्थापना आजादी से पहले वर्ष 1931 में की गई थी। स्कूल की स्थापना घनश्याम दास बिड़ला और स्थानीय लोगों ने मिलकर की थी। इस विद्यालय में स्थापना समय से ही हिंदू-मुस्लिम एवं सभी धर्मों के लोग एक साथ आपसी भाई-चारे एवं बिना किसी भेदभाव के साथ पढ़ते हैं। तब से इस विद्यालय का नाम नदिया हिंदू उच्च विद्यालय रहा है। इस उच्च विद्यालय का पुराना नाम हटाकर मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय किया जाने से लोगों में काफी नाराजगी है। आपसे आग्रह है कि इस विद्यालय का नाम मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया की जगह नदिया हिंदू मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय करने की कृपा की जाए। झारखंड सरकार ने त्रुटियों मे सुधार करते हुए लोहरदगा के नदिया हिंदू उच्च विद्यालय अब नदिया हिंदू मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के नाम से जाना जाएगा। इसके अलावे अन्य कुछ विद्यालयों के नामों में भी आंशिक संशोधन किया गया है। विद्यालयों के नामों पर संशोधन किए जाने पर झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### एसोसिएशन ने सीएम के प्रति आभार व्यक्त किया

## खबर एक नजर में

### पुत्कर हेंब्रम के निधन पर भाजपा नेताओं ने जताया शोक

**रांची।** भारतीय जानता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने चाईबासा के पूर्व विधायक एवं झारखंड भाजपा के वरिष्ठ नेता पुत्कर हेंब्रम जी के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिजनों को यह दुख सहने की क्षमता दें। भाजपा विधायक दल के नेता व बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पूर्व विधायक पुतकर हेम्ब्रम के निधन की खबर से मर्माहत हूं। उनके निधन से राज्य व जनजातीय समाज को बड़ी क्षति हुई है। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ तिवारी ने पूर्व विधायक पुत्कर हेम्ब्रम के निधन पर दु:ख जताया। शोक प्रकट करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा, सुनील सिंह, जेपी पटेल, गंगोत्री कुजूर, प्रणव वर्मा, विनोद शर्मा, अपर्णा सेन गुप्ता, सांसद आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा आदि शामिल थे।

### सांसद संजय सेठ ने बच्चियों को नि:शुल्क दिखायी द केरला स्टोरी

**रांची।** सांसद संजय सेठ और भाजपा युवा महिला मोर्चा की ओर से बुधवार को लालपुर के प्लाजा सिनेमा में सुबह करीब 500 बच्चियों को नि: शुल्क द केरला स्टोरी मूवी दिखाई गई। इन सभी बच्चियों को मूवी दिखाकर उन्हें संस्कारों के प्रति सजग किया गया। श्री सेठ ने कहा कि आज के इस युग में बच्चियां पश्चिम संस्कृति की तरफ ज्यादा आकर्षित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि वह अपने मूल पारिवारिक संस्कार को भूलती जा रही हैं। ऐसे में बच्चियों में भारतीय संस्कृति और संस्कार को जीवित रखने के उद्देश्य से यह मूवी दिखाई गई। एक साथ करीब पांच सौ बच्चियों ने द केरला स्टोरी मूवी देखी। सभी ने इसके लिए सांसद और महिला मोर्चा को धन्यवाद दिया।

### अनगड़ा प्रखंड में लगा विधिक जागरूकता शिविर

**रांची।** न्यायमूर्ति श्री एस चंद्रशेखर न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय रांची सह कार्यकारी अध्यक्ष झालसा रांची के निर्देश पर झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के तत्वावधान में 29 मई से 14 जून तक मध्यस्थता पर आधारित मन का मिलन पखवारा विशेष अभियान का कार्यक्रम जारी है। इस कार्यक्रम के तहत बुधवार को न्यायालय में लंबित 24 वाद को मध्यस्थता हेतु भेजा गया साथ ही आज के इस कार्यक्रम में मुकदमा पूर्व वाद के लिए 10 आवेदन आया, और 5 वाद सफल हुआ। इस कार्यक्रम को लेकर किसी प्रकार के कानूनी जानकारी और परामर्श देने के लिए मध्यस्थ, पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में प्रात: 7 बजे से 12 बजे तक मौजूद रहे। डालसा रांची के सचिव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम की जानकारी अधिक से अधिक लोगों को हो जिसके लिए रांची जिला के प्रखंड और गांव में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में आज अनगड़ा प्रखंड में विधिक जागरूकता शिविर का अयोजन किया गया। जहां लोगो को मध्यस्थता के बारे में जानकारी दी गई। लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के अधिवक्ता कविता खात्ती ने मध्यस्थता के बारे में जानकारी दी और साथ ये भी बताया की मध्यस्थता से वाद का निष्पादन होने पर दोनो पक्षों का समय, पैसा के साथ संबंध की भी रक्षा होती है।

### योगाभ्यास व प्रणायाम से मन सहज हो जाता है : स्वामी गोरखनाथ

**रांची।** कांके रोड स्थित सत्यानन्द योग मिशन केन्द्र, सरोवर एनक्लेव में बुधवार को योगोत्सव कार्यक्रम में स्वामी गोरखनाथ सरस्वती ने ध्यान का अभ्यास कराया और सत्संग दिए। उन्होंने कहा कि ध्यान से पूर्व थोड़ा योगाभ्यास, प्रणायाम कर लेने से मन को व्यवस्तित करना बहुत ही सहज हो जाता है। बताते चलें कि यह वर्ष परमहंस स्वामी सत्यानंद सरस्वती के जन्म का शताब्दी वर्ष है। इस उपलक्ष्य में स्वामी सत्यानंद सरस्वती के योग शिक्षा और उनके विचार का पूरे विश्व में जगह –जगह आयोजन हो रहा है।

### जेसीआइ रांची के कार्निवल ऑफ ड्रीम्स में बच्चों ने की मस्ती

**रांची।** जेसीआई राँची द्वारा द रुइन हाउस में आयोजित कार्निवल ऑफ ड्रीम्स में पहले दिन बच्चों की भीड़ उमड़ी एवं बच्चों ने खूब मस्ती किया, इस कार्निवल में कोमल माहेश्वरी के द्वारा बच्चों को हेलेन ओ ग्रेडी एक्टिंग वर्कशॉप कराया गया जिसके बाद बच्चों ने स्टेज परफॉर्मेंस कर लोगों का मन मोह लिया, पूजा बगड़िया ने बच्चों को फ्लुएड आर्ट सिखाया, कशिश सरावगी ने बच्चों के फेस पर टैटू बनाया एवं जेरी लैंड के जेरी ने बच्चों के बीच गिफ्ट एवं चॉकलेट बांटा। जेसीआई राँची के अध्यक्ष अरविंद राजगढ़िया ने बताया की इस कार्निवल में बच्चों के लिए गन शूटिंग, ट्रामपॉलिन, स्पिन व्हील, टॉय स्टॉल एवं फूड स्टॉल लगाए गए हैं एवं 8 जून को मैजिक शो, ट्रेजर हंट, स्टोरी टेलिंग, मूवी नाइट एवं और भी मनोरंजक कार्यक्रम बच्चों के लिए आयोजित किए जाएंगे।

# चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो अभियान को लेकर जागरुकता रथ रवाना



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जिला में चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो अभियान के चौथे चरण की शुरूआत हो चुकी है। यह अभियान पांच जून से 12 जून 2023 तक चलेगा। इसे लेकर बुधवार को उपायुक्त रांची के निदेशानुसार जागरुकता रथ को रवाना किया गया। विकास भवन परिसर से उप विकास आयुक्त-सह-नोडल पदाधिकारी एसबीएम (ग्रामीण) दिनेश यादव, निदेशक डीआरडीए एवं कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया गया। अभियान के तहत हर दिन अलग-अलग स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा माहवारी के प्रति लोगों को जागरूक कियाा जायेगा।

कार्यपालक अभियंता ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत माहवारी प्रबंधन के लिए आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रथ रवाना किया गया है।

# आदिवासी विकास परिषद व आदिवासी लोहरा समाज का प्रतिनिधिमंडल अड़वल नवाडीह में प्रताड़ित परिवार से मिला

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद एवं आदिवासी लोहरा समाज ( सामाजिक संगठन) के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को सिल्ली प्रखंड के अड़वल नावाडीह गांव में छुआछूत की भावना को लेकर प्रताड़ित किए जा रहे हैं लोहरा परिवार के लोगों से मुलाकात की। उनके साथ सामाजिक बैठक कर जानकारी ली गई। जिसमें यह पता चला कि अड़वल नावाडीह गांव में रह रहे लोहरा समाज के लोगों को अन्य समाज ( कुर्मी, महतो, प्रमाणिक, नाई एवं मुण्डा ) के लोग जिसमें कुर्मी समाज के लोग विशेष कर यह भेद- भाव, ऊंच-नीच और छुआछूत की भावना से उनके साथ उठना-बैठना नहीं करते हैं। साथ ही साथ वर्तमान समय में भीषण गर्मी के समय अपने कुओं से पानी भरने नहीं देते हैं। लोग पीने का पानी के लिए भी तरस रहे हैं लोहरा समाज के लोग कई बार इसकी शिकायत मुखिया, ग्राम पंचायत एवं वर्तमान विधायक सुदेश महतो से भी किया गया। बदले में उनकी ओर से महज आश्वासन के और कुछ नहीं मिला।

यह विडंबना की बात है कि आजादी के 75 वर्ष होने के बाद भी झारखंड के लगभग प्रत्येक गांव में यह समस्या बरकरार है। जिसका सबसे बड़ा कारण अशिक्षा और जागरूकता की कमी। इसी विषय पर अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद एवं आदिवासी लोहरा समाज के प्रतिनिधियों ने पीड़ितों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया और जागरूकता अभियान चलाने की भी पहल करने की बात कही। इसके अलावा मीडिया के माध्यम से अन्य समाज से आग्रह किया कि इस तरह का भेदभाव और ऊंच-नीच की भावना को हर हाल में समाप्त किया जाए और लोगों को उनके मौलिक अधिकार से दूर न किया जाए।

प्रतिनिधिमंडल में अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद से रांची जिला अध्यक्ष कुन्दरसी मुंडा, रांची महानगर अध्यक्ष पवन तिर्की, जिला महासचिव कार्तिक लोहरा, उपाध्यक्ष वासुदेव भगत, महानगर उपाध्यक्ष प्रकाश मुंडा, आदिवासी लोहरा समाज से केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राजू लोहरा, मांडर प्रखंड अध्यक्ष बजरंग लोहरा आदि शामिल थे। गांव से निकलने के बाद संगठन के लोगों ने सिल्ली प्रखंड के अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी से मुलाकात की और सारी बातों को रखा। बीडीओ ने संगठन के लोगों को यह आश्वासन दिया कि डीप बोरिंग करा कर पाइपलाइन द्वारा उनके घर तक पानी पहुंचाई जाएगी।

## पारस अस्पताल रांची के चिकित्सा निदेशक डॉ संजय कुमार ने दी लक्षण व बचाव जानकारी, कहा

# जागरूकता ही है ब्रेन ट्यूमर से बचाव का रास्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विश्वभर में हर साल 8 जून को वर्ल्ड ब्रेन ट्यूमर दिवस मनाया जाता है। पहली बार 8 जून, 2000 को जर्मन ब्रेन ट्यूमर एसोसिएशन (ड्यूश हिरनटूमोरहिल्फ ई.वी.) द्वारा ब्रेन ट्यूमर रोगियों का समर्थन करने के लिए विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस मनाया गया था। इसका मुख्य मकसद ट्यूमर रोगियों और उनके परिवारों को सहायता प्रदान करना और ब्रेन ट्यूमर के बारे में जागरूक करना है, ताकि लोग इस बीमारी के बारे में जान सकें और समय रहते इलाज करवा सकें।

पारस अस्पताल रांची के चिकित्सा निदेशक और रांची के प्रख्यात न्यूरो विशेषज्ञ डॉ संजय कुमार ने बताया कि भारत में भी ब्रेन ट्यूमर बढ़ता जा रहा है। इस बीमारी में ब्रेन में कोशिकाओं और ऊतकों की गांठ बन जाती है। इसे ही ब्रेन ट्यूमर कहा जाता है। ब्रेन ट्यूमर बहुत ही खतरनाक बीमारी है। सही समय पर अगर इसका इलाज नहीं किया जाये, तो यह बीमारी जानलेवा साबित हो सकती है। लोगों को इसके खतरों के प्रति आगाह करने के लिए ब्रेन ट्यूमर डे पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और इसके बारे में जागरूक किया जाता है।

न्यूरो विशेषज्ञ डॉ संजय कुमार बीमारी के लक्षण और इसके खतरनाक प्रभाव के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि ब्रेन ट्यूमर होने पर आम लक्षण जो शरीर में दिखाई देते हैं, उनमें धीरे-धीरे सिरदर्द का बढ़ना, घबराहट या उल्टी, शरीर के एक हिस्से में धीरे-धीरे पक्षाघात (पैरालायसिस), मिर्गी का झटका आना, एक कान से कम सुनाई पड़ना आदि शामिल हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार नशीली दवाएं और शराब के अधिक सेवन करने के कारण भी यह बीमारी हो सकती है। ऐसे लोग जो रेडिएशन के संपर्क में अधिक रहते हैं और धूम्रपान अधिक करते हैं, उन लोगों को ब्रेन ट्यूमर का बहुत ज्यादा खतरा होता है। लोगों को सचेत करने के लिए ब्रेन ट्यूमर दिवस का आयोजन किया जाता है।

### विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस पर विशेष



ब्रेन ट्यूमर अनुवांशिक भी हो सकता है।

उन्होंने बताया कि समय रहते इस बीमारी के प्रति सावधान हो जाना बहुत जरूरी है। इन लक्षणों को कभी भी नजरअंदाज न करें। यदि किसी व्यक्ति में ऐसे लक्षण पाये जाते हैं, तो उन्हें तत्काल डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। अक्सर लोग सिर दर्द, उल्टी, हाथ पैर की कमजोरी आदि को नजरअंदाज कर देते हैं, जिसके कारण आगे चलकर उन्हें गंभीर समस्या का सामना करना पड़ सकता है। इस बीमारी का इलाज बहुत ही जरूरी है। इसका इलाज कई अलग-अलग तरीकों से किया जाता है। सर्जरी, रेडिएशन थेरेपी और कीमोथेरपी आदि जैसे इलाज के विकल्प हैं। ब्रेन ट्यूमर के मरीज को ठीक होने के बाद भी रेगुलर फॉलोअप में रहना चाहिये। उन्हें हर एक साल पर सीटी स्कैन और एमआरआइ जांच करानी चाहिए, जिससे ये पता चल सके कि ट्यूमर कहीं फिर से तो विकसित नहीं हो गया है।

ब्रेन ट्यूमर के बारे में विस्तार से बताते हुए पारस अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ संजय कुमार ने कहा कि हमारे मस्तिष्क में अचानक ही असामान्य कोशिकाओं का बढ़ना ब्रेन ट्यूमर कहलाता है। ब्रेन ट्यूमर कई प्रकार के होते हैं। कुछ ब्रेन ट्यूमर कैंसर के साथ होते हैं, जो कि बहुत खतरनाक होते हैं और कुछ साधारण होते हैं। सामान्य ब्रेन ट्यूमर की शुरुआत मस्तिष्क से होता है, वहीं कैंसर के साथ वाले ब्रेन ट्यूमर शरीर के अन्य भागों से शुरू होते हुए हमारे दिमाग तक फैल सकता है। कुछ ब्रेन ट्यूमर काफी छोटे (3 सेंटीमीटर से भी कम) होते हैं। इनका इलाज गामानाइफ रेडियोसर्जरी के द्वारा किया जाता है, जिसमें हाई एफिशिएंसी रेडियोथेरेपी के माध्यम से ट्यूमर को जला दिया जाता है। एक ट्यूमर होता है पिट्यूटरी ट्यूमर, जिसका इलाज नाक से दूरबीन के द्वारा किया जाता है।

**विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस का उद्देश्य :** ब्रेन ट्यूमर दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों में ब्रेन ट्यूमर के प्रति जागरूकता पैदा करना है। ब्रेन ट्यूमर की घातक स्थिति की जानकारी लोगों तक पहुंचाना है, जो कि आगे चलकर अक्सर मस्तिष्क कैंसर का कारण बनती है। यह महत्वपूर्ण है कि अधिक से अधिक लोग बीमारी के लक्षणों, उपचार और तथ्यों के बारे में जानें, तभी वे इस रोग से बच सकते हैं, नहीं तो दिन-ब-दिन यह रोग और भी गंभीर होता जाता है और मनुष्य की जान तक बचाना मुश्किल हो जाता है।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने किया एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्र महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय कार्यालय, रांची ने बुधवार को होटल मैपलवुड में एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मौजूदा ग्राहकों और संभावित सरकारी/ पीएसयू/ कॉरपोरेट्स ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज की। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, रांची उप अंचल प्रमुख आलोक कुमार एवं विजय कुमार रॉय एवं क्षेत्र प्रमुख, श्रीमती सोनालिका, उप क्षेत्र प्रमुख अरुण कुमार मंडल, विभाष कुमार मिश्रा, सहायक महाप्रबंधक श्रीमती सुनीता कुमारी यादव, श्रीमती दीपमाला लकड़ा, आरएलपी प्रमुख, एमएलपी प्रमुख, बिजनेस रिलेशनशिप मैनेजर, शाखा प्रमुख गण एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आरिफ हुसैन, एचआर विशेषज्ञ, एक्सआइएसएस की उपस्थिति में एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपने यूनियन सुपर सैलरी अकाउंट से मिलने वाले लाभ के विषय में ग्राहकों को अवगत कराने के उद्देश्य से सरकारी विभागों/ पीएसयू/ कॉरपोरेट के एचआर प्रमुखों के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस अवसर पर उनके साथ सुदृढ़ संबंध स्थापित करने, उनकी जरूरतों को समझने और उनकी आवश्यकतानुसार अपने उत्पाद को तैयार करने पर भी चर्चा की गयी। कार्यक्रम में मृत्युंजय कुमार, सहायक महाप्रबंधक, सीआरसी प्रमुख द्वारा वररअ (सैलरी अकाउंट/ पीपीएफ/ पेंशन) पर पवार पॉइंट की प्रस्तुति कर ग्राहकों को यूएसएसए के लाभ के विषय में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आरिफ हुसैन, एचआर विशेषज्ञ, एक्सआइएसएस ने ग्राहकों को संबोधन में एचआर की विशेषताओं पर चर्चा करते हुए इसके महत्व को साझा किया। कार्यक्रम में मौजूद ग्राहकों के साथ प्रश्नोत्तरी हेतु ओपेन फोरम डिस्कशन के माध्यम से उनकी आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं पर भी चर्चा गयी।

कार्यक्रम के अंत में अरुण कुमार मंडल, उप क्षेत्र प्रमुख ने उपस्थित ग्राहकों का आभार व्यक्त किया तथा विश्वास दिलाया कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ग्राहकों के आशाओं पर खरा उतरेगा तथा राची शहर के विकास में सतत सहयोग प्रदान करेगा।

# शावक और गेंडा के बच्चे का हुआ नामकरण

## बिरसा जैविक उद्यान

- शावक का वैदेही व हिप्पो का नाम रखा गया मोती
- केक काट कर मनायी गयी खुशी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

शावक वैदेही



ओरमांझी। बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी में बुधवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर उद्यान के नवजन्मे वन्य पशुओं का नामकरण किया गया। मादा शावक को वैदेही, गौर के बच्चे का नाम हीरा और हिप्पो के बच्चे का नाम मोती रखा गया। इन सभी का नामकरण मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी एवं मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक झारखंड के शशिकर सामांत व जैविक उद्यान के निदेशक जब्बर सिंह द्वारा किया गया। निदेशक ने बताया कि मादा तेंदुआ ज्योति ने तीन मार्च-2023 को प्रथम बार एक मादा शावक को जन्म दी थी। इससे पूर्व 31 अक्टूबर 2022 को मादा गौर रोशनी ने नर बच्चे को जन्म दी है। वहीं 11 मई को उद्यान की लिली ने नर हिप्पो को जन्म दी है। तीनो के नामकरण के अवसर पर जैविक उद्यान में केक काटा गया। मुख्य अतिथि शशिकर सामांत ने नामकरण कर बधाई दी और कहा बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी एक कुदरती चिड़ियां घर है। यहां रहने वाले पशुओं की देख-भाल व भोजन में विशेष ध्यान दिए जाने के कारण ही जैविक उद्यान में प्रजनन व वन्यप्राणियों की संख्या बढी है। उन्होने उद्यान के सभी कर्मियों के कार्य की सराहना भी की। मौके पर एसीएफ अशोक कुमार सिंह, उद्यान के पशु चिकित्सक डॉ आमप्रकाश साहू, वनक्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार, बाबूनंद प्रसाद, रामलखन पासवान, जीव वैज्ञानी विवेकानंद कुमार, वनरक्षी राकेश कुमार, ललन कुमार, मुकेश कुमार, अमित कुमार, जैविक उद्यान के कर्मी व पशुपालक उपस्थित थे।

### सेल्फी प्वांइट का उद्घाटन

मुख्य अतिथि शशिकर सामांत द्वारा जैविक उद्यान के अंदर बने नये सेल्फी प्वाइंट बुद्धा गार्डन एवं नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए मातृ शिशु देखभाल गृह का उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि जैविक उद्यान आने वाले सैलानियों के मनोरंजन व यादगार पलों को अपने कैमरे में कैद करने के लिए यह बेहतर सुविधा है। वहीं अपने बच्चों के देखभाल की सुविधा मिलने से निष्चत ही उद्यान आने वाली माताओं को बेहतर एहसास होगी।

## स्पीड न्यूज

### डायन-बिसाही हत्याकांड में तीन को जेल

इटकी। डायन बिसाही को लेकर मलटी गांव में बासो उरांव नामक महिला की हत्या के नामजद तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर इटकी पुलिस ने बुधवार को जेल भेज दिया। जेल भेजे गये लोगों में बिरसा उरांवए दिनेश उरांव व मनीष कच्छप के नाम शामिल है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। मालूम हो कि पिछले दिनों डायन करार देकर बासो उरांव की हत्या कर दी गयी थी। इस सिलसिले में बासो की पुत्री पुष्पा उरांव द्वारा गांव के ही करीब दर्जन भर लोगो के विरुद्ध हत्या किये जाने का आरोप लगाया है।

### मां शारदा उवि के कक्षा नौ का रिजल्ट शत-प्रतिशत

सिकिदिरी। जैक बोर्ड के वर्ग नवम के परीक्षाफल में मां शारदा उच्च विद्यालय गेतलसूद का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र साहिल पाहन ने सभी विषयों में ए प्लस ग्रेड लाकर स्कूल के टॉपर बने है। विद्यालय से कुल 30 छात्रों ने परीक्षा लिखा था। प्रधानाध्यापक सन्तोष सिन्हा शिक्षक टहलु बेदिया अजय कारमाली सिकंदर महतो ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है।

### युवक ने डिप्रेशन में फंदे से लटक कर दी जान

नामकुम। खरसीदाग ओपी क्षेत्र के लालखटंगा के पोखरटोली में रोहित नायक 19 वर्ष नामकुम युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गयी। बताया जा रहा हे कि मृतक रोहित नं इसी वर्ष प्रकाश उच्च विद्यालय हुलहुंडू से मैट्रिक की परीक्षा फर्स्ट डिवीजन से पास की थी। परिजनों नं बताया की विह पिछले काफी दिनों से डिप्रेषन में था,मंगलवार रात वह खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया,सुबह अपने कमरे में नही था। तब स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना दी कि रोहित खेत के समीप एक पेड में रस्सी के सहारे लटका हुआ है। आनन फानन में परिजन मौके पर पहुंचे तबतक रोहित की मौत हो चुकी थी। मामले की जानकारी खरसीदाग ओपी पुलिस को दी गयी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर पोसटमार्टम के लिए रिम्स भिजवा दिया।

### बिजली चोरी में सात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

रातू। ऊर्जा वितरण निगम के शीर्ष अधिकारियों के निर्देश पर विभाग के अभियंता सख्त हो गये हैं। बुधवार को रातू रोड और सब स्टेशनए रातू की दो अलग .अलग टीम ने बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी की। इस दौरान कनीय अभियंता अशोक प्रिय की ओर से चलाये गये अभियान में सिमलिया के नीलेश कुमार सिंह सुमित्रा कुमारी शानिचारवा उरांव व सिनाद्ला देवी जबकि प्रशांत कुमार सिंह ने द्वारिकापुरी कमड़े की पुष्पा तिर्की, हीरा कुमार और सुरेश महतो को ऊर्जा चोरी करते रंगेहाथ पकड़ा। इनपर केस दर्ज किया गया है।

### यूनियन के एरिया सचिव ने एनके प्रबंधन से की वार्ता

खलारी। सीसीएल क्व द्वारा बिजली आपूर्ति पर बिना सूचना दिए ही बाधा डालने पर झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन के एरिया सचिव मो0 इस्माइल अंसारी ने एन के प्रबंधन से आग्रह किया है। उन्होंने एनके महाप्रबंधन से आग्रह किया कि बिजली संबंधित मेन्टेन्स का काम को कराया जाये।

## एक नजर में

### दुर्घटना की आशंका : बीच सड़क पर गिरा पेड़



अनगड़ा। गोन्दली पोखर विकास सड़क के बीच एक पीपल का पेड़ पिछले कई दिनो से गिरा हुआ जो दूर्घटना को आमंत्रित कर रहा है । उक्त स्थल सदर थाना क्षेत्र अन्तर्गत हूटूप टीओपी के क्षेत्रधिकार में आता है लेकिन न तो पुलीस और ना हीं प्रशासनिक अधिकारी इसे बीच सड़क से हटाने का पहल किया गया है । यह सड़क काफी चालू सड़क है और प्रतिदिन इस सडक पर सैंकडों छोटे बडे वाहनों का परिचालन होता है। बीच सड़क पर गिर कर पड़े इस पेड़ से किसी भी दिन कोई बडा हादसा हो सकता है।

### एसएसबी जवानों ने युवाओं को सिखाये सेना में भर्ती होने के गुर

राहे। एसएसबी 26 वीं बटालियन के कमांडेंट एसडी शेरखाने के दिशा निर्देश पर सताकी स्थित 26 वीं बटालियन ए कंपनी के जवानों ने जन कल्याण कार्यक्रम के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरुकता शिविर में सताकी पोषक क्षेत्र के युवकों को आर्मी भर्ती प्रक्रिया के विषय में जानकारी दिया।

## सड़क हादसे में महिला और छात्र की मौत से ग्रामीणों में गुस्सा

# शव के साथ की सड़क जाम

- चितरकोटा के थे झालो और प्रेम
- पिठोरिया से लौट रहे थे गांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रातू। रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग स्थित मुरगू में छह जून की रात करीब साढ़े दस बजे नेक्सा कंपनी एस क्रॉस कार जेएच 01 सीडी 6188 की चपेट में आने से बाइक जेएच 01 ईडी 6547 पर सवार 22 साल के प्रेम उरांव और 30 वषीर्या झालो उराईन जख्मी हो गये। रिम्स के न्यूरो वार्ड में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। गुस्साये ग्रामीणों ने बुधवार की शाम मुआवजे और सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराने की मांग को लेकर शव के साथ राष्ट्रीय राज मार्ग को मुरगू में घंटों जाम कर दिया। इस दौरान लंबी दूरी के यात्री बसों की कतार लग गयी। राहगीर को परेशानियों का सामना करना पड़ा। सीओ प्रदीप कुमार और थानेदार सपन महथा ने मृतक के परिजनों को दस हजार की तत्काल सहायता राशि दी। एनएचआई अधिकारियों के साथ बैठक कर रोड की समस्या को दूर करने का आश्वासन के बाद रात आठ बजे जाम हटा लिया गया। दोनों मृतक चितरकोटा छोटकाटोली के थे। प्रेम, भीम उरांव का पुत्र और मांडर कॉलेज में बीए फाइनल ईयर का छात्र था। जबकिए झालो उराईन मंगा उरांव की पत्नी थी। वह पिठोरिया के सिरांगो से गांव लौट रहे थे। पुलिस ने कार चालक अंशुमन को गिरफ्तार कर लिया है। वह तुपुदाना का रहने वाला है। दुर्घटना ग्रस्त कार और बाइक को जब्त कर लिया है।

### गांव में है मातमी सन्नाटा





प्रेम दो भाइयों में बड़ा था। परिवार में पिता समेत मां चारी उराईन, भाई सनम उरांव, बहन प्रतिमा उरांव, सानिया उरांव व सुनिला उरांव हैं। प्रतिमा की शादी हो चुकी है। झालो के परिवार में पति के अलावा दो पुत्री बिपाशा कुमारी व ज्योति कुमारी तथा पुत्र नीलेश उरांव हैं। गांव में मातमी सन्नाटा है। एक साथ दोनों की अर्थी निकली। इससे कोहराम मच गया। लोगों के क्रुदन से माहौल गमगीन था।

### कैसे हुई दुर्घटना

दुर्घटना राष्ट्रीय राज मार्ग संख्या 75 में हुयी। सड़क की दोनों ओर बोल्डर बिछा हुआ है। हर कोई चाहता है कि चिकने रास्ते से होकर गुजरें। कार रांची से ब्राम्बे जा रही थी। प्रेम उरांव समान दिशा से घर जा रहा था। झालो उसके पीछे बैठी थी। जैसे ही वह खराब रोड पार कियाए तेज रफ्तार कार ने उन्हें रौंद डाला। कार का अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गये हैं।

## इटकी : बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर, तीन घायल

इटकी। रांची–गुमला मुख्य मार्ग पर इटकी थाना क्षेत्र के कुर्गी बस्ती के समीप बुधवार को एक यात्री बस ने बाइक को अपने चपेट में ले लिया। जिससे बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिये अस्पताल भेजा गया। इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गयी। थाना प्रभारी अमित प्रशांत के मुताबिक मृतकों में नारी गांव के निमेश लकड़ा ;18द्ध व करमा लकड़ा (25 वर्ष) के नाम शामिल है। जबकि गंभीर रूप से घायल चन्द्रदेव लकड़ा (30 वर्ष) रिम्स में इलाजरत है। घटना करीब दस बजे दिन की है। घटना के संबंध में बताया गया कि कुर्गी बस्ती के समीप रांची से बेड़ो की ओर जा रही एक यात्री बस ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाइक सवार तीन लोग घायल हो गये।


### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

सर्वसाधारण के लिए सूचना।



नाम–रोहित कुमार, उम्र–13 वर्ष, रंग–काला, उचाँई– 4 फिट, पहनावा–काला गंजी एंव सफेद जिन्स पहना हुआ है।

उपरोक्त लापता लड़का रोहित कुमार, पे0–रमेश, पता–अवाज विकास कॉलोनी, मकान संख्या–254, जिला–उन्नाव, राज्य–मध्य प्रदेश, वर्तमान पता–कॉंटाटोली हरिजन बस्ती, थाना–लोअर बाजार, जिला–राँची, जो दिनांक–16.08.22, को घर बगैर बताए कहीं चला गया जो आजतक अपने घर वापस नहीं आया है। जिसके संबंध में लोअर बाजार थाना कांड संख्या–223/2023 दिनांक–26.08.2022, धारा–363,दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़का कहीं मिलता/मिलते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, नगर राँची। –9431706139
थाना प्रभारी, लोअर बाजार,राँची। –9431706171

PR.NO.299392 Police(23-24):D

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।


# खलारी : ग्रामीणों ने भरे सड़क के गड्ढे

### विधायक प्रतिनिधि ने संपन्न कराया काम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



खलारी। मैकलुस्कीगंज से पतरातू तक राज्य पथ निर्माण विभाग प्राधिकरण से निर्माण किये गए सड़क पर जानलेवा गड्ढे जगह जगह बन गया है। जिसे लेकर आये दिन उक्त सड़क से सफर करने वाले राहगीरों व वाहन चालकों का दुर्घटनाग्रस्त का शिकार बन ही जाते है। दुर्घटना ग्रस्त के जगह मैकलुस्कीगंज थाना अंतर्गत छापर टोला बनी हुई हैए जहाँ पर सड़क बनते के साथ गड्ढे बन गए थे। ग्रामीणों ने सड़क पर बने गड्ढे के विषय मे निर्माण कर रही कंपनी ;आरकेएसद्ध के अधिकारियों को बार बार सूचना दिया गया था। परन्तु एक बार भी कंपनी के अधिकारियों ने नही सुना। बताया गया कि कम्पनी काम कर निकल जाने के बाद पुनः उक्त रोड को देखने तक नही पहुँचते। महीनों इंतेजार करते करते अंततः ग्रामीणों ने अपने से बीड़ा उठाया और हाइवे रोड का मरम्मत का कार्य शरू कर दिया। रोड में बने गड्ढे का काम जब ग्रामीणों को करते देख विधायक प्रतिनिधि की नजर पड़ी तो ग्रामीणों की समस्या को समझा तो विधायक प्रतिनिधि ने ग्रामीणों के द्वारा लगाए गए कारीगर व मेटीरियल का सहयोग अपने धन कोष से देकर मदद किया। साथ ही कंपनी के खिलाफ शिकायत करने की बात कही।

### बेड़ो : घर की उड़ गयी छप्पर

बेड़ो। बेड़ो थाना क्षेत्र के सेरो गांव में मंगलवार की दोपहर लगभग दो बजे दिन में तेज हवा के बवंडर ने ऐसा कहर बरपाया कि जादो मुंडा के घर का एस्बेस्टस उड़ गया। अचानक जोर से बवंडर आई और कुछ समझ पाते तब तक पूरा घर का एस्बेस्टस उड़ा ले गया। वही पीड़ित परिवार पास रहने के लिए कोई भी घर नहीं बचा है। वही घर में रखा खाने पीने का सामान भी बर्बाद हो गया। पूरा घर क्षतिग्रस्त हो गया और घर में रखे कपड़े व घरेलू समान उड़ गए। घर का एस्बेस्टस उड़ जाने से तपती गर्मी में परिवार को खुले आसमान में रहने को मजबूर हैं।


### प्रोक्योरमेंट सेल
### अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,भवन अंचल, हजारीबाग

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/BCHZB/HAZARIBAG/012/2023-24 दिनांक:– 07.06.2023

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | CONSTRUCTION OF PANCHAKARMA TRAINING cum SEVA CENTRE AT HAZARIBAG. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 12.06.2023 | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 17-06.2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 19-06.2023 को अपराह्न 12.00 बजे | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 19-06.2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधिक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग। | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 7991163104/8987663716 | |
| vii | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 06546-222640 | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,भवन अंचल, हजारीबाग

PR 299492 Building(23-24).D


## अनगड़ा : भाजपा युवा मोर्चा की बैठक में विकास तीर्थ पर चर्चा

अनगड़ा। भाजपा युवा मोर्चा अनगड़ा मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक बेड़वारी गोन्दली पोखर स्थित राजधानी होटल परिसर में मंडल अध्यक्ष संतोष महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एक माह तक चलने वाले मोदी सरकार के नौ साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत विकास तीर्थ को लेकर कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गयी। कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इसके तहत लाभार्थी सम्मेलन नव मतदता सम्मेलन बाइक यात्रा ऑन लाईन क्वीज प्रतियोग का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि सह प्रभारी भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष विक्रांत तिवारी, मेडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अजय भोक्ता, शिवलाल पहान, मंत्री अजय करमाली, विश्वनाथ मिश्रा, सरोज महतो, मुकेश मुंडा, दिलीप ठाकुर, सचिन महतो, हर्षनाथ भोक्ता, परमेश्वर महतो, राकेश महतो इत्यादि उपस्थित थे।

## बेड़ो डीएसपी मुख्यालय में अपराध गोष्ठी का आयोजन

बेड़ो। बेड़ो डीएसपी मुख्यालय में डीएसपी रजत मणि बाखला ने अपने अधीनस्थ चार थाना क्षेत्रों के पदाधिकारियों के साथ अपराध गोष्ठी का आयोजन किया। उन्होंने अपराध गोष्ठी के दौरान लापुंगए बेड़ोए इटकी और नरकोपी थाना क्षेत्र में लंबित कांडों की समीक्षा किया और लंबित कांडों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। डीएसपी ने बैठक में मौजूद थानेदारों को हाल में घटित घटनाओं का त्वरित गति से जांच करते हुए मामले का उद्भेदन करने तथा घटनाओं में संलिप्त अपराध कर्मियों या उग्रवादियों की गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया। डीएसपी रजत मणि बाखला ने कहा कि सभी थाना प्रभारी खुद या थाना में मौजूद अन्य पदाधिकारियों के माध्यम से क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाएं और सघन गश्ती अभियान शुरू करें। उन्होंने कहा कि उग्रवादी और अपराधियों को पकड़ने में किसी तरह की कोताही बरतने की जरूरत नहीं है।


### झारखण्ड सरकार
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा

ई–प्रोक्युरमेंट सूचना

ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/SIMDEGA/01/2023-24 (2nd Call) Pr. N0. 2885558 Rural Development (22-23):D

अल्पकालीन ई० निविदा सूचना संख्या RDD/SD/SIM/01/2023-24 (2nd Call) Pr. N0. 2885558 Rural Development (22-23):D PM-ABHIM योजना अन्तर्गत ग्रामीण कार्य एवं भवन निर्माण विभाग में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदकों से निम्नांकित योजनाओं के लिए दो लिफाफा प्रणाली अन्तर्गत ई०निविदा आमंत्रित की जाती है ।

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | Jaldega प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम Tikra में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 55.500 | 111000.00 | 10000.00 | छः माह |
| 3 | Jaldega प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम Tingina में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 55.500 | 111000.00 | 10000.00 | छः माह |
| 5 | Kolebira प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम Bongram में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 55.500 | 111000.00 | 10000.00 | छः माह |
| 6 | Kolebira प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम Larwa में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 55.500 | 111000.00 | 10000.00 | छः माह |
| 7 | Kurdeg प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम Tainsera में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 55.500 | 111000.00 | 10000.00 | छः माह |
| 8 | Kurdeg प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम Rengarbahar में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 55.500 | 111000.00 | 10000.00 | छः माह |
| 9 | Kurdeg प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम Saraipani में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 55.500 | 111000.00 | 10000.00 | छः माह |
| 11 | Simdega प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम Keundih में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | 55.500 | 111000.00 | 10000.00 | छः माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 12.06.2023
3. ई० निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 19.06.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit एवं Bank Certificate for Credit facility जमा करने की तिथि एवं समय :– 22.06.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्य दिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 24.06.20213 अपराह्न 2:00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।
8. ई० निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष संख्या :– 9060405905
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा के पद नाम से देय हो देना होगा।
10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र का राशि का 2% (प्रतिशत) राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
11. पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची का पत्रांक 2146 (एस) दिनांक 09.09.2020 से झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता की कंडिका 163 (a) द्वारा कृत प्रावधान को अवक्रमित करते हुए 10 प्रतिशत न्यूनतम अधिसीमा को समाप्त किया गया है। सम्प्रति 10 प्रतिशत से नीचे के दर की निविदायें अनुमान्य होंगी एवं निदेश है कि 10 (दस) प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से (i) 10 से 20 प्रतिशत below तक की राशि का 20% तथा (ii) 20 प्रतिशत से अधिक below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा। जिसे निविदा के साथ ही जमा करना होगा। यह झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता के नियम 172 (a) के रूप में समाहित होगा। पूर्व के संहिता/ नियम/ परिपत्र द्वारा कृत सभी प्रावधान अवक्रमित समझें जायेगें।
12. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताये निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www. Jharkhandtender.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।

PR.NO.299481 Rural Development(23-24):D


# शिक्षण और शोध कार्य में रचनात्मकता जरूरी

- बीएयू में कृषि शोध पर कार्यशाला

**तौकीर अहमद**



रांची। शिक्षण संस्थानों में सभी शिक्षकों का नैतिक मूल्य का स्तर ऊंचा होना चाहिए, तभी छात्रों में नैतिक मूल्य का विकास होगा और छात्रों में रचनात्मकता की कला विकसित होगी। छात्रों एवं पाठ्यक्रमों की अधिक संख्या की अपेक्षा छात्रों में हैप्पीनेस का होना जरुरी है। बेहतर शिक्षण कार्य में दिल दिमाग और ईमानदारी के साथ-साथ शिक्षा में गुणवत्ता होना चाहिए। उक्त बातें राज्यपाल के एकेडमिक एडवाइजर प्रो डॉ ई बालागुरुसामी ने बुधवार को बीएयू के वरीय पदाधिकारियों को सबोधित करते हुए कही। वे राज्यपाल के ओएसडी (जुडीशियल) मुकलेश चन्द्र नारायण के साथ बीएयू के दौरे पर पहुचें थे। डॉ ने कहा कि भारत के आर्थिक विकास में कृषि क्षेत्र बैकबोन है। जबकि किसानों एवं राज्य के विकास में राज्य कृषि विश्वविद्यालय भी बैकबोन की तरह है। कृषि शोध में विकास की वजह से ही देश खाद्यान मामले में आत्मनिर्भर है और देश के 140 करोड़ लोगों को भोजन नसीब हो रहा है, लेकिन आधुनिक कृषि क्षेत्र के बदलते परिवेश में कृषि विश्वविद्यालय के शिक्षण एवं शोध कार्यक्रमों में नयी रचनात्मकता होनी चाहिए। हर नये शोध में नयापन, नया ज्ञान एवं अभिनव तकनीकी से रचनात्मकता होना जरुरी है। उन्होंने कृषि विश्वविद्यालय के लिए किसानों के महत्त्व को सर्वोपरि बताया। वैज्ञानिकों को अद्यतन कृषि तकनीकी को लागु करने में किसान हितों एवं प्रबंधन को आगे बढ़ाने की बात कही। मौके पर डॉ एमएस मल्लिक, डॉ सुशील प्रसाद, डॉ डीके शाही डॉ पीके सिंह, डॉ एस कर्माकर, डॉ एमके गुप्ता, डॉ नरेंद्र कुदादा, डॉ जगरनाथ उरांव, ई डीके रूसिया, डॉ रेखा सिन्हा, डॉ एके पांडे, एचएन दास, संजय राय सहित कई वरीय विवि पदाधिकारी भी मौजूद थे।

# तकनीकी विकास पर जोर

भारतीय उद्योग परिसंघ के सालाना आयोजन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रक्षा उद्योग के शीर्ष लोगों से यह विनती करते नजर आए कि वे भविष्य की तकनीकों पर काम करें ताकि भारत को एक अनुयायी से नेतृत्वकर्ता में बदला जा सके। हमारे रक्षा उद्योग को रक्षा उपकरणों के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की बात करें तो केवल ऐसे जुमलों से बात नहीं बनेगी। इस बीच दुनिया ने हाल में दो युद्ध देखे। 2020 में अजरबैजान ने आर्मीनिया पर हमला किया और रूस 462 दिनों से चल रही लड़ाई के बावजूद यूक्रेन को परास्त नहीं कर सका है। ये दोनों घटनाएं युद्ध की प्रकृति में अहम बदलाव की ओर इशारा करती हैं। इस बात ने कई लोगों को चकित किया है क्योंकि 1861-65 के अमेरिकी गृह युद्ध और 1914-18 के बीच हुए प्रथम विश्वयुद्ध के दौर से ही लड़ाई के तौरतरीके कमोबेश वही रहे हैं जहां स्वचालित हथियारों और लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियारों की बदौलत युद्ध के मैदान खाली हो गए थे और जवानों को यहां वहां छिपना पड़ा था।

स्वचालित हथियारों के क्षेत्र में चीन भी अहम खिलाड़ी है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी 2013 से मानव रहित प्रणालियां विकसित कर रही है। चीन भारत की साइबर कमजोरियों को ध्यान में रखते हुए इनकी तैनाती कर रहा है। माना जा रहा है कि चीन की सेना ने हमारे अहम बुनियादी ढांचे मसलन नैशनल पावर ग्रिड, रेलवे और राजमार्ग नेटवर्क, दूरसंचार नेटवर्क, वित्तीय सेवा और शेयर बाजार आदि में साइबर संबंधी कमियों को चिह्नित किया है। इन प्रणालियों में हार्डवेयर शामिल होता है जो चीनी कलपुर्जों से बना है। भारत में स्थापित होने के बाद भी उन पर उसका पूर्ण स्वामित्व है। ऐसे में भारत को दो बातों पर विचार करना चाहिएः पहले तो उसे अपना हार्डवेयर तैयार करना होगा और दूसरा गुरिल्ला मानसिकता विकसित करनी होगी ताकि तत्काल निर्णय लिए जा सकें।

# न्याय के लिये दंगल

यौन शोषण के आरोपी, भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर कार्रवाई की मांग को लेकर देश के दिग्गज पहलवान महीनों से आवाज उठा रहे हैं। पहले जब पहलवान धरने पर बैठे तो उन्हें कार्रवाई और जांच का आश्वासन देकर उठा दिया गया। जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो पहलवानों ने फिर से मोर्चा खोला और जंतर-मंतर पर डेरा डालकर बैठ गए। लेकिन नए संसद भवन के उद्घाटन के दिन उन्हें वहां से भी खदेड़ दिया गया। उन पर पुलिस ने बल प्रयोग किया, हिरासत में लिया। पहलवानों ने गंगा में पदक बहाने का फैसला किया, तो सरकार को इससे भी कोई फर्क नहीं पड़ा। टिकैत बंधुओं की समझाइश पर पहलवानों ने तब पदक बहाने का फैसला टाल दिया, लेकिन इंसाफ की लड़ाई चल ही रही है। अब इसमें किसान भी उनके साथ आ गए। पहलवानों के समर्थन में खाप पंचायतें हुईं, जिसमें फिर सरकार को अल्टीमेटम दिया गया कि 9 जून तक बृजभूषण शरण सिंह पर कार्रवाई हो। दिल्ली पुलिस की एक विशेष जांच टीम आरोपी के अलग-अलग घरों पर जांच और पूछताछ के लिए पहुंची। आरोपी के कर्मचारियों से पुलिस ने सवाल-जवाब किए। इस पूछताछ का क्या नतीजा निकलेगा, इस बारे में कुछ कहना जल्दबाजी होगी। लेकिन फिलहाल ये पूछताछ बात को टालने का एक हथकंडा ही नजर आ रही है। उपहार कांड, बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामला, जेसिका हत्याकांड और इसी तरह के न जाने कितने हाईप्रोफाइल मामलों में इंसाफ ने अपने मायने ही खो दिया। ये सारे मामले उस दौर के हैं, जब सत्ता, समाज और मीडिया सभी जगह आंखों में थोड़ी शर्म बाकी थी। लेकिन अब मामला दंगल में शोषण कम और राजनीतिक अधिक होता जा रहा है।


# प्रदूषित होते महासागर से पृथ्वी खतरे में



**महासागर** हमारी पृथ्वी पर न सिर्फ जीवन के प्रतीक हैं बल्कि पर्यावरण संतुलन में भी प्रमुख भूमिका अदा करते हैं। पृथ्वी पर जीवन का आरंभ महासागरों से माना जाता है। महासागरों में असीम जैव विविधता का भंडार समाया है। पृथ्वी का लगभग 70 प्रतिशत भाग महासागरों से घिरा है। पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का लगभग 97 प्रतिशत जल महासागरों में समाया हुआ है।

हर साल जून 08 को दुनिया भर में विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है। 1987 में ब्रंटलैंड की एक रिपोर्ट में टिप्पणी की गयी थी की विश्व के जो महासागर हैं उन पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसी रिपोर्ट से प्रेरित होकर कनाडा ने विश्व महासागर दिवस मानाने का प्रस्ताव रखा। 1992 में कनाडा के इंटरनेशनल सेंटर फॉर ओशन डेवलपमेंट ने इस दिवस को मानाने का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र के एक सम्मेलन अर्थ समिट में रखा । 08 जून 2009 को पहला विश्व महासागर दिवस मनाया गया। इसके बाद से प्रतिवर्ष 08 जून को विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है। महासागर के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं के प्रति जागरुकता पैदा करने में मुख्य भूमिका निभाते हैं।

आज जब विश्व की कुल जनसंख्या का 30 प्रतिशत तटीय क्षेत्रों में निवास करता है तो ऐसी स्थिति में महासागर उनके लिए खाद्य पदार्थों का प्रमुख स्रोत साबित हो सकते हैं। सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण होने के कारण महासागर अत्यंत उपयोगी हैं। पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व यहां उपस्थित वायुमंडल और महासागरों जैसे कुछ विशेष कारकों के कारण ही संभव हो पाया है। अपने आरंभिक काल से आज तक महासागर जीवन के विविध रूपों को संजोए हुए हैं। पृथ्वी के विशाल क्षेत्र में फैले अथाह जल का भंडार होने के साथ ही महासागर अपने अंदर व आसपास अनेक छोटे-छोटे नाजुक पारितंत्रों को पनाह देते हैं। जिससे उन स्थानों पर विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु व वनस्पतियां पनपती हैं। महासागर खाद्य पदार्थों का एक प्रमुख स्रोत होने के कारण हमारी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की मदद से महासागरों से पेट्रोलियम सहित अनेक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों को निकाला जा रहा है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन सहित अनेक मौसमी घटनाओं को समझने के लिए समुद्रों का अध्ययन भी महत्वपूर्ण है। पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति महासागरों में ही हुई है। इसलिए महासागरीय पारितंत्र में थोड़ा सा परिवर्तन पृथ्वी के समूचे तंत्र को अव्यवस्थित करने का सामर्थ्य रखता है। वर्तमान में मानवीय गतिविधियों का प्रभाव महासागरों पर भी दिखाई देने लगा है। महासागरों के तटीय क्षेत्रों में दिनों-दिन प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। जहां तटीय क्षेत्र विशेष कर नदियों के मुहानों पर सूर्य के प्रकाश की पर्याप्तता के कारण अधिक जैव-विविधता वाले क्षेत्रों के रूप में पहचाने जाते थे। वहीं अब इन क्षेत्रों के समुद्री जल में भारी मात्रा में प्रदूषणकारी तत्वों के मिलने से वहां जीवन संकट में हैं। तेलवाहक जहाजों से तेल के रिसाव के कारण एवं समुद्री जल के मटमैला होने पर उसमें सूर्य का प्रकाश गहराई तक नहीं पहुंच पाता है। जिससे वहां जीवन को पनपने में परेशानी होती है और उन स्थानों पर जैव-विविधता भी प्रभावित होती है। महासागरों में बढ़ता प्रदूषण चिंता का विषय बनता जा रहा है। अरबों टन प्लास्टिक का कचरा हर साल महासागरों में समा जाता है। आसानी से विघटित नहीं होने के कारण यह कचरा महासागरो में जस का तस पड़ा रहता है। विषैले रसायनों के रोजाना मिलने से समद्री जैव विविधता भी प्रभावित होती है। इन विषैले रसायनों के कारण समुद्री वनस्पति की वृद्धि पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने वाले परितंत्रों में महासागर की उपयोगिता को देखते हुए यह आवश्यक है कि हम महासागरीय पारितंत्र के संतुलन को बनाए रखें तभी हमारा भविष्य सुरक्षित रहेगा।



- रमेश धमोरा

> हर साल जून 08 को दुनिया भर में विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है। 1987 में ब्रंटलैंड की एक रिपोर्ट में टिप्पणी की गयी थी की विश्व के जो महासागर हैं उन पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसी रिपोर्ट से प्रेरित होकर कनाडा ने विश्व महासागर दिवस मानाने का प्रस्ताव रखा। 08 जून 2009 को पहला विश्व महासागर दिवस मनाया गया।

अपने आरंभिक काल से आज तक महासागर जीवन के विविध रूपों को संजोए हुए हैं। पृथ्वी के विशाल क्षेत्र में फैले अथाह जल का भंडार होने के साथ महासागर अपने अंदर व आस-पास अनेक छोटे-छोटे नाजुक पारितंत्रो को पनाह देते हैं। जिससे उन स्थानों पर विभिन्न प्रकार के जीव व वनस्पतियां पनपती हैं। इसी प्रकार तटीय क्षेत्रों में स्थित मैन्ग्रोव जैसी वनस्पतियों से संपन्न वन समुद्र के अनेक जीवों के लिए नर्सरी का काम करते हुए विभिन्न जीवों को आश्रय प्रदान करते हैं। महासागरों में पृथ्वी का सबसे विशालकाय जीव व्हेल से लेकर सूक्ष्म जीव भी मिलते हैं। एक अनुमान के अनुसार केवल महासागर के अंदर करीब दस लाख प्रजातियां उपस्थित हो सकती हैं।

प्रशांत महासागर पृथ्वी पर सबसे बड़ा महासागर है। पृथ्वी की सतह का यह लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा है। इस महासागर की गहराई 35 हजार फुट और इसका आकार त्रिभुजाकार है। प्रशांत महासागर में करीब 25,000 द्वीप हैं। अटलांटिक महासागर क्षेत्रफल और विस्तार की दृष्टि से दुनिया का दूसरे सबसे बड़ा महासागर है। इसके पास पृथ्वी का 21 प्रतिशत से अधिक भाग है। अटलांटिक महासागर का आकार अंग्रेजी के 8 की संख्या के जैसा है। इस महासागर की कुछ वनस्पतियां खुद से चमकती हैं क्योंकि यहां सूर्य की रोशनी नहीं पहुंचती।

हिंद महासागर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा महासागर है। यह धरती का लगभग 14 प्रतिशत हिस्सा है। हिंद महासागर को रत्नसागर नाम से भी जाना जाता है। हिन्द महासागर इकलौता ऐसा महासागर है जिसका नाम किसी देश के नाम पर रखा गया है। अंटार्कटिका महासागरों में चौथा सबसे बड़ा महासागर है। इस महासागर को ऑस्ट्रेल महासागर के नाम से भी जाना जाता है। इस महासागर में आइसबर्ग तैरते हुए देखे जाते हैं। अंटार्कटिका की बर्फीली जमीन के अंदर 400 से भी अधिक झीलें हैं। आर्कटिक महासागर पांच महासागरों में सबसे छोटा और उथला महासागर है। इसे उत्तरी ध्रुवीय महासागर भी कहते हैं। सर्दियों में यह महासागर पूर्णतः समुद्री बर्फ से ढका रहता है। हम सांस लेने के लिए जिस ऑक्सीजन का प्रयोग करते हैं। उसकी दस फीसद मात्रा हमें समुद्र से ही प्राप्त होती है।

## खास बात

## धर्मनिरपेक्षता

**पंकज जगन्नाथ**

**कोई** सोच भी नहीं सकता कि 140 करोड़ की आबादी वाला देश 70 साल से भी ज्यादा समय से 'सेक्युलरिज्म' शब्द के झांसे में फसा हुआ है। विरोधी मान्यताओं वाले राजनीतिक समूह 'धर्मनिरपेक्षता' के बैनर तले एकजुट हो गए हैं। कई राजनीतिक दल चुनाव जीतने और धर्म के खिलाफ शासन करने के लिए तुरुप के पत्ते के रूप में 'धर्मनिरपेक्षता' का उपयोग करते हैं। धर्म का पालन करने वाले राजनीतिक दल की कड़ी आलोचना की जाती है। उसे हराने के लिए तमाम तरह के तरीकों का इस्तेमाल किया जाता है। यह एक ऐसे देश में हो रहा है जहां राजनीतिक जीवन की दस हजार साल की परंपरा सभी के लिए न्याय और समानता को स्थापित करती है, जैसा कि रामराज्य में देखा गया है।

धर्म, स्वामी विवेकानंद के अनुसार, भारत का मूल है। लोगों को यह विश्वास करने में गुमराह किया गया कि रिलीजन का अर्थ धर्म है। भारत के इतिहास में ऐसा कोई क्षण नहीं था जहां रिलीजन राज्य सरकार पर हावी था जैसा कि वर्तमान सहस्राब्दी के मध्य में यूरोपीय देशों में हुआ था और आज भी है। लोग धर्म के अर्थ से अच्छी तरह वाकिफ हैं क्योंकि वे युगों से पुत्र-धर्म (पुत्र के कर्तव्य), पत्नी-धर्म (पत्नी के कर्तव्य) और राज धर्म (सरकार के कर्तव्य) जैसे अर्थों के साथ जीवन जीते आ रहे है। कई राजनीतिक दलों के नेता, हालांकि 'धर्मनिरपेक्षता' शब्द की गलत धारणा को तो स्वीकार तो करते हैं, लेकिन अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए लोगों को गुमराह कर रहे हैं। समाज और राष्ट्र को नुकसान पहुंचा रहे है।

आज 'धर्मनिरपेक्ष राज्य' शब्द का प्रयोग एक धर्म आधारित राज्य के विपरीत किया जाता है। इस शब्द का उपयोग केवल पश्चिमी विचार पद्धति की एक प्रति है। हमें इसे भारत में लाने की आवश्यकता नहीं थी। इसे पाकिस्तान से अलग करने के लिए हमने 'धर्मनिरपेक्ष राज्य' करार दिया। यह गलत सोच का कारण बन रहा है। धर्म को धर्म के बराबर रखा गया था और एक 'धर्मनिरपेक्ष राज्य' को धर्म से रहित राज्य के रूप में परिभाषित किया गया था।

# सबके लिये योग

## विचार-प्रवाह

**डॉ संजय द्विवेदी**

**योग** को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिलने के बाद पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। भारत के योगशिक्षकों की पूरी दुनिया में मान्यता बढ़ी है। भारतीय मूल के योगशिक्षकों या भारत में प्रशिक्षित योग शिक्षकों को लोग अधिक भरोसे से देखते हैं। इस बहाने भारत के योगाचार्यों को एक विस्तृत आकाश मिला है और वे अपनी प्रतिभा से वैश्विक स्तर पर अपना स्थान बना रहे हैं। प्रधानमंत्री की रूचि के नाते भारत के दूतावास और विदेश मंत्रालय भी अपने स्तर पर इस गतिविधि को प्रोत्साहित कर रहे हैं। पाठ्यक्रमों में स्थान मिलने के बाद योग की अकादमिक उपस्थिति भी बन रही है। योगिक स्वास्थ्य प्रबंधन जैसे विषय आज हमारे समाज में सम्मान से देखे जा रहे हैं। दुनिया को अच्छे-योग्य-चरित्रवान योग शिक्षक उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। यह दायित्वबोध हमें काम के अवसर तो देगा ही भारतीय ज्ञान परंपरा को वैश्विक पटल पर स्थापित करेगा। हर वर्ष वैश्विक योग दिवस पर दुनिया भर के देशों में योग के आयोजन होते हैं। जिनमें तमाम मुस्लिम देश भी शामिल होते हैं। एक समय दुबई के बुर्ज खलीफा में स्वयं योगगुरु बाबा रामदेव ने 10 हजार महिलाओं को योग करवाया। इस अवसर उन्होंने अपने संबोधन में कहा था कि योग का कोई पंथ नहीं है यह 100 प्रतिशत पंथनिरपेक्ष अभ्यास है। योग ने पूरी दुनिया को जोड़ा। फ्रांस व अमेरिका से लेकर अफ्रीकी व मध्?यपूर्व के देशों में योग करते लोगों को देखना अविस्मरणीय क्षण था। उन्होंने टाइम्स स्क्वायर से लेकर सियाचिन और दक्षिण चीन सागर में सैनिकों द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होने की सराहना की।

**प्लाजा** सिनेमा में भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकताओं व अन्य युवतियों के साथ द केरला स्टोरी सिनेमा देखा। यह सिर्फ फिल्म नहीं बल्कि आंखें खोलने वाला दस्तावेज है कि कैसे साजिश के तहत देश की सुरक्षा पर खतरा उत्पन्न किया जा रहा है। सिनेमा हर व्यक्ति को सपरिवार अवश्य देखना चाहिए।

**- संजय सेठ, सांसद, रांची**

## आपके ट्वीट

चाईबासा के पूर्व विधायक आदरणीय श्री पुतकर हेम्ब्रम जी के निधन की खबर सुनकर मन आहत है। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**





**देशभर** में महंगी से महंगी दवाएं भी कम से कम कीमत पर उपलब्ध होंमुझे पूर्ण विश्वास है कि सहकारिता क्षेत्र में हुई इस बड़ी पहल से ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों का जीवन और आसान होगा।

**- नरेन्द्र मोदी**

# आज सपनों का घर पहले से अधिक उपयोगी और सुरक्षित

**टी. एन. नाइनन**

**भारत** के आवासीय बाजार में मालिकाना नियंत्रण का चलन अधिक है। खासकर, देश के ग्रामीण क्षेत्रों में किराये पर मकान बहुत कम दिए जाते हैं। शहरी क्षेत्रों में भी 70 प्रतिशत से अधिक मकान उनके वास्तविक मालिक स्वयं इस्तेमाल करते हैं या अपने नियंत्रण में रखते हैं। इस तरह, शहरी बाजार में किराया बाजार की हिस्सेदारी महज एक चौथाई है। हालांकि यह आंकड़ा कम नहीं माना जा सकता है। इसलिए यह बिल्कुल उचित है कि केंद्र सरकार आदर्श किराया कानून लेकर आई है। अब राज्य सरकारों को यह कानून लागू करना है और इस संबंध में कानून बनाने और विशेष न्यायालय स्थापित करने में कुछ वर्ष लग जाएंगे। बहरहाल नया कानून किराया कारोबार और आवास खंड में मूलभूत बदलाव ला सकता है।

तीन दशक पहले तक अर्थव्यवस्था में आवास निर्माण की प्रक्रिया धीमी थी। देश के ज्यादातर शहरों और गांवों में यह पूरी तरह राज्य के नियंत्रण में था और निर्माण धीमा होने से खरीदारों को मकान देरी से मिलते थे और मकान की भारी किल्लत बनी रहती थी। जैसे ही निजी डेवलपरों का प्रवेश हुआ, दिल्ली के निकट नए उपनगर बसने शुरू हो गए। हालांकि कोलकाता और पुणे जैसे शहरों के इर्द-गिर्द उपनगर तेजी से नहीं उभर पाए, जबकि बेंगलूरु और हैदराबाद के लिए तो यह किसी सपने जैसे था। वर्ष 1991 में आवास वित्त जीडीपी का महज 1 प्रतिशत के बराबर था।


## सामयिक

मकान खरीदने के लिए ऋण की व्यवस्था शुरू होने पर आवास वित्त का अनुपात 2005 में जीडीपी का 7 प्रतिशत तक पहुंच गया। बाद में यह थोड़ा कम हो गया लेकिन अब करीब 10 प्रतिशत है। आवास ऋण नहीं चुकाने की घटनाएं यदा-कदा ही सामने आती हैं, इसलिए इसे सर्वाधिक सुरक्षित ऋण माना जाता है। अगर इस खंड का सही प्रबंधन हो तो यह अर्थव्यवस्था का महत्त्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है। इससे न केवल वित्त प्रदत्त करने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी बल्कि कई उत्पादों एवं सेवाओं की मांग भी बढ़ेगी।

लेकिन इस क्षेत्र में अनियमितताओं की कमी नहीं है। सांठगांठ से जमीन की कीमतें बढ़ाए जाने से रियल एस्टेट की लागत बहुत ज्यादा हो गई है। यही वजह है कि दो-तिहाई मकानों में एक या दो कमरे होते हैं लेकिन उनकी कीमतें मकान खरीदार के कई वर्षों के वेतन के बराबर होती हैं।

मकान खरीदने पर आने वाले खर्च की तुलना में किराये से प्राप्त आय ज्यादातर मामलों में कम (महज 2 प्रतिशत) होती है। किरायेदारों की मदद करने वाले किराया कानून से कोई फायदा नहीं होता है। इस समय देश में 1 करोड़ मकान खाली पड़े हैं क्योंकि मालिक मकान किराया पर देने का जोखिम मोल नहीं लेना चाहते हैं। इससे जायदाद बिना उपयोग के धूल फांकती रहती है। जर्मनी का संदर्भ लें तो वहां 60 प्रतिशत लोग अपने मकान किराये पर लगाते हैं। आदर्श किराया कानून मकान मालिक और किरायेदारों दोनों के हितों की रक्षा करते हुए एक संतुलन कायम कर सकता है। मोदी सरकार ने इस क्षेत्र के लिए अच्छी पहल की है। प्रधानमंत्री आवास योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में 1.2 करोड़ से अधिक आवास बनाने में मदद मिली है। अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में काम करने वाले प्रवासी मजदूरों और कामगारों को किराये पर आवास संकुल देने का कार्यक्रम आवास बाजार में बड़ा बदलाव ला सकता है। इससे उन लोगों का जीवन बदल जाएगा जो बदतर स्थिति में रहते हैं। रियल एस्टेट नियमन एवं विकास अधिनियम (रेरा) ने निर्माण कारोबार का ताना-बाना बदल दिया है और अपार्टमेंट खरीदने वाले लोगों के हित पहले से अधिक सुरक्षित हो गए हैं।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### भारत से उम्मीदें

**विभिन्न** देशों में युद्ध होते रहे हैं और उनको रुकवाने में कुछ महत्वपूर्ण लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। बेशक अमेरिका तथा रूस के राष्ट्रपति के साथ मोदी के अच्छे संबंध हैं लेकिन रूस अभी युद्ध रोकने के पक्ष में तैयार नहीं है। अगर पुतिन भारत में जी20 की मीटिंग में आते हैं तो इस बात की संभावना है कि वह दोनों देशों में युद्ध विराम के लिए बातचीत करें। **- रविकांत सिंह, रांची**

### जल संकट बड़ा खतरा

**जल** संकट से आज जिस तरह के हालात बन रहे हैं उससे आने वाले समय में पानी की भयावह स्थिति होगी। बड़ी आबादी के बोझ और पानी के बढ़ते दुरुपयोग के बीच मौसम में बदलाव के साथ-साथ तापमान में बढ़ोतरी से दुनिया की आधी बड़ी झीलों में पानी की कमी होती जा रही है। इस पानी की कमी ने अदृश्य संकट की तरफ इशारा किया है जिसे समझा जाना जरूरी है। **- शिवम, कोडरमा**

# मानवीय क्रियाकलाप और प्रदूषित होते महासागर

**योगेश कुमार गोयल**

**जैव** विविधता, खाद्य सुरक्षा, पारिस्थितिकी संतुलन, जलवायु परिवर्तन, सामुद्रिक संसाधनों के अंधाधुंध उपयोग इत्यादि विषयों पर प्रकाश डालने तथा महासागरों की वजह से आने वाली चुनौतियों के बारे में दुनिया में जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 08 जून को विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है। यह दिवस महासागरों को सम्मान देने, उनका महत्व जानने तथा उनके संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाने का अवसर प्रदान करता है। मानव जीवन में महासागरों की महत्वपूर्ण भूमिका और इनके संरक्षण के लिए अनिवार्य प्रयासों के संबंध में वैश्विक जागरुकता बढ़ाने के लिए ही इस दिवस का आयोजन किया जाता है। दरअसल समुद्रों का हमारे जीवन में बेहद महत्वपूर्ण स्थान है लेकिन बढ़ते मानवीय क्रियाकलापों के कारण दुनियाभर के महासागर बुरी तरह प्रदूषित हो रहे हैं। इसीलिए विश्व महासागर दिवस के आयोजन के जरिये समुद्रों की साफ-सफाई के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के साथ लोगों को उनके रोजमर्रा के जीवन में महासागरों की प्रमुख भूमिका का स्मरण कराया जाता है। दरअसल भोजन और दवाओं के प्रमुख स्रोत तथा जीवमंडल का बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा हैं महासागर, इसीलिए इनका संरक्षण बेहद जरूरी है। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित बहुचर्चित पुस्तक ह्यप्रदूषण मुक्त सांसें के मुताबिक महासागरों का सामाजिक,

## विशेष

सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से बड़ा महत्व है और पृथ्वी पर जीवन का आरंभ इन्हीं महासागरों से ही माना जाता है। ऐसा माना गया है कि पहली बार महासागरीय जल में ही जीवन का अंकुर फूटा था लेकिन आज यही महासागर प्रदूषण के बोझ से कराह रहे हैं। दरअसल दुनिया में विकास की रफ्तार तेज होने के साथ महासागरों के दूषित होने की गति भी उसी तेजी से बढ़ती गई है। रियो डी जेनेरियो में वर्ष 1992 में हुए पृथ्वी ग्रह नामक फोरम में प्रतिवर्ष विश्व महासागर दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। तब कनाडा के इंटरनेशनल सेंटर फॉर ओशन डवलपमेंट तथा ओशन इंस्टीट्यूट ऑफ कनाडा द्वारा ह्यपृथ्वी शिखर सम्मेलन में इसकी अवधारणा का प्रस्ताव रखा गया था। इस अवधारणा का मूल उद्देश्य लोगों को महासागरों पर मानवीय क्रियाकलापों के प्रभावों को सूचित करना, महासागर के लिए नागरिकों का एक विश्वव्यापी आन्दोलन विकसित करना तथा विश्वभर के महासागरों के स्थायी प्रबंधन के लिए एक परियोजना पर वैश्विक आबादी को जुटाना व एकजुट करना है।

वायु और जल ही पृथ्वी पर जीवन के आधार हैं और हमारी पृथ्वी का करीब दो तिहाई हिस्सा महासागरों से घिरा है, जिनमें पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का करीब 97 प्रतिशत जल समाया हुआ है। हालांकि पृथ्वी का इतना बड़ा हिस्सा जल से घिरा होने के बावजूद दुनियाभर में शुद्ध पानी की मात्रा बेहद कम है। समुद्रों से घिरे होने के कारण ही पृथ्वी को ह्यवाटर प्लैनेट भी कहा जाता है लेकिन अब इसी वाटर प्लैनेट का अस्तित्व खतरे में है। महासागर पर्यावरण संतुलन में अहम भूमिका निभाते हैं और पृथ्वी पर जीवन का प्रतीक हैं। अनादिकाल से महासागर जीवन के विविध रूपों को संजोए हुए हैं, जिनमें अति सूक्ष्म जीवों से लेकर विशालकाय व्हेल तक अनेक प्रकार के जीव-जंतु और वनस्पतियां पनपती हैं। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि समुद्रों में जीवों की करीब दस लाख प्रजातियां मौजूद हैं, जिनका प्राकृतिक आवास हैं महासागर। असीम जैव विविधता के प्रतीक महासागर पृथ्वी


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### महिलाओं ने पेड़ों में बांधा रक्षासूत्र



**कुजू।** क्षेत्र के बुढ़ाखाप स्थित स्पंज आयरन फैक्ट्री के विस्तारीकरण के लिए 22.92 एकड़ वन भूमि का अधिग्रहण होना है। जिसको लेकर बुधवार को वन कर्मी पेड़ों की गिनती के लिए पहुंचे थे। इस बीच पेड़ों को काटे जाने से रोकने के लिए ग्रामीण महिलाएं, वन कर्मी और पुलिस के बीच काफी नोकझोंक भी हुई। पेड़ों को बचाने के लिए ग्रामीण महिलाएं चिपको आंदोलन का रूख अपना कर पेड़ों से चिपक गयी है। ताकि पेड़ों को काटे जाने से बचाया जा सके। बेहद कड़ी धूप में भी भूखे- प्यासे दिन भर पेड़ों की पहरेदारी करती दिखी। इस बीच ग्रामीण महिलाओं ने सभी पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधकर उसे कटने नहीं देने का संकल्प ले लिया।

### सेवानिवृति नौकरी का हिस्सा : वर्णवाल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एसबीए पद पर कार्यरत सीसीएल कर्मी कामेश्वर प्रसाद के सेवानिवृति पर बुधवार को बलकुदरा खदान में विदाई सह सम्मान समारोह हुआ। बलकुदरा के मैनेजर आरके वर्णवाल ने सेवानिवृतकर्मी कामेश्वर प्रसाद को फूल माला पहनाकर भावभीनी विदाई दी।मैनेजर आरके वर्णवाल ने कहा कि सेवानिवृति, पदोन्नति व ट्रांसफर नौकरी का हिस्सा होता है, इस रास्ते से हर कर्मी को एक न एक दिन गुजरना ही पड़ता है।

### क्षेत्र को अपराधमुक्त बनायेंगे : नरेंद्र

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बासल थाना के एएसआई नरेंद्र प्रसाद को रामगढ़ एसपी पीयूष पांडेय ने डबल स्टार लगाकर सब इंस्पेक्टर में पदोन्नति होने पर बधाई दी। इस अवसर पर नवपदोन्नति एसआई को उनके कर्तव्य, पुलिसिंग, आम जनता के साथ व्यवहार, विधि-व्यवस्था को बनाए रखने, कर्तव्यनिष्ठा के प्रति जवाबदेह की बात कही। उन्होंने कहा कि अब आपकी जिम्मेवारी पहले से काफी बढ़ गई है। जनता के साथ मधुर संबंध बनाए रखते हुए विधि-व्यवस्था बनाए रखना आपका उद्देश्य है। प्रसाद ने कहा कि सौंपे गए दायित्वों ने ईमानदारी पूर्वक निवार्हन करूंगा। क्षेत्र को भयमुक्त व अपराधमुक्त बनाना मेरा लक्ष्य होगा।

### टैक्सी स्टैंड में आग से तीन बस जली

**हजारीबाग।** शहर के टैक्सी स्टैंड में भीषण आग लग गई, जिसमें तीन बसें जलकर राख हो गईं। इनमें दो रवि बस और एक शानू सुधांसु बस पूरी तरह जल गई। घटना मंगलवार देर रात की है। टैक्सी स्टैंड में आग लगी घटना की सूचना तत्काल अग्निशमन विभाग को दी गई। दमकल कर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। अग्निशमन विभाग के प्रभारी रामयश सिंह ने बताया कि समय पर आग लगने की सूचना मिलने से वहां खड़े कई वाहनों आग से बचा लिया गया।

### विस्थापित /प्रभावित संघर्ष मोर्चा की बैठक

**चरही।** बहेरा पंचायत सचिवालय में बुधवार को विस्थापित/प्रभावित संघर्ष मोर्चा बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो एवं संचालन विधायक प्रतिनिधि आरिफ अंसारी ने किया। जबकि बतौर अतिथि मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिवलाल महतो थे। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष श्री महतो ने कहा कि सीसीएल के द्वारा यहां के रैयतों को 637 एकड़ जमीन के बदले नौकरी एवं मुआवजा देने की पत्र प्राप्त होने से आंदोलन की बहुत बड़ी जीत हुई है।आगे कहा कि सीसीएल प्रबंधन सेल को लेकर प्रबंधन जल्द वार्ता कर इसका निष्पादन करे। पंसस शक्ति देवी, रोशनी देवी,पूर्व उपप्रमुख चौलेश्वर महतो,नईम अंसारी,संतोष कुमार राय,प्रदीप लकड़ा,महादेव ,सहित दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### भीषण गर्मी में जल मीनार खराब



**टाटीझरिया ।** प्रखंड मुख्यालय से करीब 7 किमी के दूरी पर झरपो गांव है।जहां भाया दारू पेटो जाने के रास्ते शांति मार्ग स्थित राजगढ़ भुइंया टोला है। जो की गरीब परिवार का एक टोला है। यहां के वासी पीने के पानी की किल्लत से परेशान तालाबों में महिला पुरुष और बच्चे नहाते,कपड़े धोते देखे जा रहे है। मुहल्ले वासियों में संजय भुइंया उर्फ गोलू, कारू भुइंया,राजेश भुइंया, तेतर भुइंया ,सावित्री देवी,मंजू देवी,कविता देवी, मांलो देवी, कालो देवी,टेकनी देवी,सरिता देवी,बबिता देवी ,फुलवा मो., मो.उगनी,उमिया मो. इन्होंने कहा कि जब वोट का समय आता है तो नेता मंत्री मुखिया प्रत्यासी समेत अन्य लोग स्मायाओ को समाधान करने की वादा करते है। और जब समस्याओं का समाधान के लिए गुहार लगाया जाता है। तो आज कल कर टाल मटोल किया जाता है। बता दें कि पूर्व में जहां जल मीनार लगाया गया था । मुहल्ले वासियों ने नाराजगी जताते हुए विभाग से मामले को संज्ञान में लेकर समस्या समाधान के लिए आग्रह अपील निवेदन किया है।

## भुरकुंडा में झारखंड वैश्य मोर्चा का प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन

# राजनीतिक ताकत के लिए एकजुट होकर संघर्ष करें : रामचंद्र केशरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा एयरटेल टॉवर स्थित उत्सव मैरेज हॉल में बुधवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु के नेतृत्व में आयोजित हुई। पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने कहा कि राजनीतिक ताकत बनना है तो एकजुट होकर संघर्ष करने की आदत डालें। झारखंड में वैश्य समाज एक बड़ी ताकत है और वैश्य मोर्चा ने इन्हें एक पहचान दिलाने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि अब किसी के पीछे चलने के बजाये आगे चलकर नेतृत्व संभालने का काम करें। श्री केशरी ने कहा कि संघर्ष में दम होगा तो सरकारें भी आपकी बात सुनेगा। मैं हमेशा आपके साथ खड़ा रहूंगा। केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि बिना संघर्ष के कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता है। वैश्य मोर्चा ने अपने संघर्षों के बल पर ही यह मुकाम हासिल किया है। सम्मेलन को कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल, हीरा नाथ साहु, वरीय उपाध्यक्ष संजीव

### 27 प्रतिशत आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन और एकजुटता पर मंथन

चौधरी (रातू), अश्विनी कुमार साहु (रांची), केंद्रीय उपाध्यक्ष परशुराम प्रसाद, अजित प्रजापति, लक्ष्मण साहु, उप प्रधान महासचिव इंदु भूषण गुप्ता, उपेंद्र प्रसाद साहु, संगठन महासचिव रोहित शारदा, महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणू देवी, कार्यकारी नम्रता सोनी आदि ने भी संबोधित किया। सम्मेलन में दो प्रस्ताव पारित किए गए। पहले प्रस्ताव में कहा गया कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, छोटे दुकानदारों-व्यवसायियों के 10 रुपये तक की ऋण माफी, वैश्य समाज के ऊपर हो रहे हमले, शोषण-दमन, हत्या, लूट पर रोक लगाने के खिलाफ आंदोलन को और तेज किया जायेगा। जबकि दूसरे प्रस्ताव में कहा गया कि 6 जुलाई को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले महाधरना कार्यक्रम में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के जिलों से 200 प्रमुख कार्यकर्ता शामिल होंगे। मौके पर केंद्रीय महासचिव हरिनाथ साहु, संगठन सचिव रामाशंकर राजन, त्रिभुवन प्रसाद, शैलेन मंडल, रोहित कुमार




साहु, मुन्ना प्रसाद गुप्ता, केंद्रीय सदस्य ड. अरविंद कुमार, गीता देवी, चिंता देवी, डीके पंडित, श्रीनिवास अग्रवाल, उपेंद्र शर्मा सहित दर्जनों लोग मौजूद थें। सम्मेलन को सफल बनाने में मुकेशलाल सिंदूरिया, उपेन्द्र गुप्ता, श्रीनिवास अग्रवाल, देवकुमार पंडित, भुनेश्वर साव, उपेन्द्र शर्मा, जीवन गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**पत्रकार अवधेश शर्मा समेत कई सम्मानित :** सम्मेलन में अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए 10 लोगों को सम्मानित किया गया। इसमें डॉ. कामेश्वर प्रसाद, पूर्व निदेशक रिम्स (सांकुल) राम गोपाल अग्रवाल भुरकुंडा, अशोक अग्रवाल भुरकुंडा, सेना से सेवानिवृत फौजी एवं किसान अमित साहु भुरकुंडा, अवधेश शर्मा पत्रकार दैनिक भास्कर भुरकुंडा, डॉ. रामबली प्रसाद सौंदा डी, आकांक्षा मित्तल बैंकर्स (पीएनबी) सहित स्व. जगदीश प्रसाद वर्णवाल, स्व. गुलाब चंद्र अग्रवाल एवं स्व. भुनेश्वर साव शामिल हैं।

### 27 प्रतिशत आरक्षण के लिए संघर्ष जारी रहेगा : महेश्वर साहु

महेश्वर साहु ने कहा कि आज अगर ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का मामला सरकार और विपक्ष के लिए मुद्दा बना हुआ है तो इसमें सबसे बड़ा योगदान वैश्य मोर्चा के कार्यकर्ताओं का है। उन्होंने कहा कि संगठन और सामाजिक एकता में बहुत ताकत होती है, वैश्य समाज एकता बना कर चले तो हर मुसीबतों का सामना किया जा सकता है। श्री साहु ने कहा कि बिना संघर्ष के कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता है। वैश्य मोर्चा ने अपने संघर्षों के बल पर ही यह मुकाम हासिल किया है।

## एक नजर में

### जमीन कब्जा कर बन रहा कब्रिस्तान


आवेदन देने पहुंचे ग्रामीण।

**कटकमदाग ।** ग्राम सिरसी थाना कटकमदाग के निवासियों ने उपायुक्त के नाम एक आवेदन दिया है। जिसमे लिखा है कि ग्राम शंकरपुर के ग्रामीणों का खाता न. -94, प्लाट न. 878 , रकबा 37 डिसमिल जमीन कब्रिस्तान के लिए पूर्वजों द्वारा दिया जा चुका है। परन्तु वर्तमान समय में कुछ मुस्लिम युवको जिसमें अब्दुल सतार पिता इब्राहिम मिया, मो साबित पिता मो. इजराइल, मो. सलीम पिता मो हुसैन, मो. नौशाद पिता नावालूम सभी ग्राम शंकरपुर निवासी द्वारा बलपूर्वक खता न. 251 व प्लाट न. 848 पर कब्रिस्तान का निर्माण कराया जा रहा है। हमारे गांव में एक भी मुस्लिम नहीं है, सभी दूसरी गांव में एक किलोमीटर की दुरी पर रहते है। जबरन कब्रिस्तान बनाने के कारण यहाँ के ग्रामीणों में रोष व्याप्त है जिससे कभी भी यहाँ मारपीट हो सकता है जो दंगा फसाद में तब्दील हो सकता है। इसलिए उपायुक्त से निवेदन है कि इस मामले पर संज्ञान लेते हुए कानूनी कार्रवाई करे। आवेदन देने वालो में रुपेश कुमार पासवान, सोनू कुमार, दीपक राम सहित कई लोग मौजूद थे।

### हजारीबाग में बालू का अवैध कारोबार जोरों पर

**हजारीबाग।** बालू का कारोबार हजारीबाग में खुलेआम जारी है। बालू ढोने वाले वाहन बालू ढक कर भी नहीं ढोते है, जिस कारण सड़कों में बालू गिरते जाता है। इससे मोटरसाइकिल वाहन चलाने वालों को आंखों में बालू पड़ जाने से सड़क दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। साथ ही सड़कों में बालों गिरे होने के कारण मोटरसाइकिल वालों को फिसलने का भी डर बना रहता है।यह बालू बड़कागांव, कटकमसांडी, इचाक, पद्मा क्षेत्र से रात-दिन ट्रैक्टरों, टरबो व हाइवा वाहनों के माध्यम से बालू की ढुलाई अवैध रूप से जारी है। इससे प्रतिदिन सरकार को लाखों रुपए के राजस्व की हानि हो रही है। वही मामले में प्रशासनिक विभाग एवं खनन विभाग चुप्पी साधे हुए है। खबर मंत्र संवाददाता से बातचीत के क्रम में लोगो ने बताया की बालू खरीदना मजबूरी है। इसी का फायदा माफिआ उठा रहे है। वे बालू को दोगुना तिगुना दामों पर बेचकर लोगो के मजबूरी का फायदा उठा रहे है। जहा बालू तीन हजार रुपये प्रति ट्रैक्टर मिलता था वहीं नौ हजार रुपये ट्रैक्टर तक बेचीं जा रही है। सबका कमीशन बंधा हुआ है।

### पेयजल आपूर्ति को ले स्वच्छता समिति की बैठक

**चरही ।** चुरचू ग्रामीण जलापूर्ति योजना पश्चिमी के लिए ग्राम जल स्वच्छता समिति की बैठक बहेरा में हुई, जिसमें इस योजना को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने हेतु सपोर्ट संस्था व सिनी ट्रस्ट के तत्वाधान की गई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया देवकी महतो ने की। पेयजल आपूर्ति योजना को सुदृढ़ तरीके से चालू कराने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। सरकार द्वारा लाभुकों से मासिक शुल्क 62 रुपए की जगह 65 रुपए करने,जल सहिया द्वारा जमा राशि शुल्क 310 रुपए बैंक खाते में जमा कराने,जल समिति के सदस्यों की साप्ताहिक टोला बैठक करने का निर्णय लिया गया।

# रामगढ़ महिला थाना प्रभारी और दो जमादार हुए निलंबित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** महिला थाने में पैसे के लेनदेन को लेकर थाना प्रभारी और दो जमादार सस्पेंड कर दिए गए हैं। रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने बुधवार को निर्देश जारी कर दिया है।

महिला थाना परिसर में दो पक्षों के बीच मामला चल रहा था, जिसमें समझौते के बाद रुपये का लेनदेन हुआ था। इस लेनदेन की तस्वीरें भी खींची गई थी। इसके बाद लेनदेन की वह तस्वीर वायरल हुई और रामगढ़ एसपी तक पहुंची। इस मामले में तत्काल महिला थाना प्रभारी राजे कुमारी कुजुर और महिला थाना में पदस्थापित जमादार शाहनवाज खान और एसएन यादव को सस्पेंड कर दिया गया। महिला थाने में

### पैसे के लेनदेन की तस्वीरें हुई थी वायरल



कुछ दिनों पूर्व एक महिला गुड़िया देवी और उसके तथाकथित प्रेमी सचिन को लेकर एक मामला आया था। गुड़िया देवी ने यह आरोप लगाया था कि सचिन ने उसका शारीरिक शोषण किया है। यहां तक कि उससे रुपये लेकर उसने अपना घर भी बनवाया। बाद में गुड़िया देवी को धोखा देकर सचिन ने किसी दूसरे स्थान पर शादी कर ली। इस मामले में गुड़िया देवी और सचिन के बीच कई बिंदु पर समझौता हुआ। उन दोनों के बीच समझौता राशि 24 लाख भी तय किया गया। समझौता राशि को लेकर सचिन ने महिला थाना परिसर में ही एक लाख रुपये गुड़िया देवी को दिया, जिसकी तस्वीर सचिन के द्वारा खींची गई। साथ ही महिला थाना में पदस्थापित जमादार शाहनवाज खान ने भी अपने मोबाइल से एक तस्वीर रुपये के लेनदेन होते हुए खींची थी। एसपी के पास जो तस्वीर पहुंची है उसमें जमादार शाहनवाज खान फोटो खींचते हुए नजर आ रहे हैं और एसएन यादव वहां मौजूद थे।

### नप का छावनी परिषद में विलय का होगा विरोध : अरूण सिन्हा

**रामगढ़।** पूर्व वार्ड आयुक्त एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा ने बुधवार को कहा कि यदि छावनी परिषद का नगर परिषद में विलय होता है तो यह छावनी परिषद क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों के हित में नही होगा। उन्होंने कहा की छावनी परिषद क्षेत्र आर्मी जोन है। यदि छावनी परिषद का नगर परिषद क्षेत्र में विलय होता है। तो लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि परिषद द्वारा कोई भी नियम जन कल्याण के दृष्टिकोण से बनाया जाता है। परिषद को रक्षा मंत्रालय की ओर से बजट का आवंटन किया जाता है। उन्होंने कहा के छावनी परिषद के अंतर्गत आनेवाले सेवटा, मरार, सांडी में लोगों को कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। साथ ही नगर परिषद क्षेत्र में टैक्स की दर परिषद से दुगुनी से अधिक है।

### युवक ने की आत्महत्या

**बरही।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बरही के गया रोड रेलवे ओवरब्रिज के समीप के रहने वाले 21 वर्षीय युवक आयुष कुमार पिता स्व. देवानंद विश्वकर्मा ने बुधवार की सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या की। आत्महत्या करने का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है।पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर युवक का शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेजा।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

निविदा सूचना सं. डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-52-2023, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची के द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है. सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-52-2023, कार्य का नाम: (i) एसएसई/पी.वे/जीडीएक्स, बानो और एसएसई/वर्क्स/बानो स्टोर्स में स्टोरेज शेड का प्रावधान। (ii) बानो में 10 शय्या वाले लेडीज आरपीएफ बैरक का निर्माण और एलएडी में वर्तमान संरचना का आरपीएफ लेडीज बैरक में रूपांतरण। निविदा मूल्य: ₹.45,89,749.05, बयाना राशि: ₹. 91,800/-, निविदा की अंतिम तिथि और समय: उक्त निविदा के लिए दिनांक 28.06.2023 को 15.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा करने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-258)



**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।**

(email-districtboardhazaribag@gmail.com, Phone No. 06546-261407)

—:अति अल्पकालीन निविदा सूचना :—

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, हजारीबाग कोषांग के कार्यालय कक्ष के सुदृढ़ीकरण हेतु उन्नयन कार्य किया जाना है, जिसके लिए इच्छुक निविदादाता (Bidders) से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। नियम एवं शर्ते तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा Web Site- www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

1. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :— दिनांक 16/06/2023 समय 2.00 अपराहन तक।
2. निविदा जमा करने का स्थान :— जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :— दिनांक 16/06/2023 समय 3.00 अपराहन।
4. निविदा खोलने का स्थान :— जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।

उप विकास आयुक्त—सह—मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 299420 District(23-24)D



**JHARKHAND INDUSTRIAL AREA DEVELOPMENT AUTHORITY (Ranchi Region)**

5th Floor JIADA Central Office, Namkum Industrial Area Lowadih Ranchi-834010

Phone : 0651-2460408, Telfax:2460125, Website-www.jiada.co.in, Email Id-riada.rnc@gmail.com

Letter No.- 660 Dated- 06.06.2023

**Notice**

The process for allotment of vacant plots at Patratu Industrial Area Phase-II Katiya, Hesla bearing plots no.-26, 27, 28, 29, 30, 31 and S.C. Shed No.- 1 at Kokar Industrial Area as published through advertisement PR No.-294924 dated-11.04.2023 is hereby cancelled due to unavoidable reasons. The processing fees submitted by the applicant in this regard would be refunded.

Sd/-

Regional Director, JIADA, Ranchi Region

PR.NO.299398 RIADA(23-24):D


### सिविल सर्जन के आदेश का धज्जियां उड़ा रहें हैं बरकट्ठा सीएचसी प्रभारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरकट्ठा ।** बरकट्ठा प्रखंड के सलैया गांव में गलत तरीके से सहिया चयन करने का स्वास्थ्य विभाग बरकट्ठा पर आरोप लगाया गया था । इस संबंध में संजु देवी सिविल सर्जन हजारीबाग को आवेदन देकर बिना आम सभा किये और रिस्वत लेकर सहिया चयन करने का आरोप विभाग के बाबुओं पर लगाई थी । आवेदन मे लिखी है कि गांव के ही मंजु देवी को मनमानी तरीके से पैसे के बल पर सहिया चयन किया है । चयन में आम सभा का फर्जी बैठक का दस्तावेज तैयार कर विभाग में जमा की है। मामले को जांच कर उचित कार्यवाई करने कि मांग 29 अप्रैल 23 की थी। आवेदन पर सिविल सर्जन ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बरकट्ठा को पत्रांक 616 दिनांक 09/5/2023 को पत्र लिख कर कार्रवाई करने का आदेश दिया था , एक माह हो गया लेकिन प्रभारी ने अभी तक विभाग को रिपोर्ट नही सौपा है । प्रभारी के कार्यशैली पर अब सवाल उठने लगा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार एक जनप्रतिनिधि के दबाव प्रभारी के उपर है इललिए रिपोर्ट जमा करने मे आना कानी कर रही हैं। उधर ग्रामीणों ने विभाग के उदासीनता देख कर सामूहिक आवेदन सीएस को दुबारा देकर कार्रवाई करने का मांग की है।

# भाजपा नेताओं ने बाजपेई का किया जोरदार स्वागत

खबर मन्त्र यंवाददाता

**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा दौरे पर रामगढ़ आये झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रभारी सह राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई , राष्ट्रीय मंत्री डॉ नरेंद्र सिंह रैना एवं लोकसभा कलस्टर प्रभारी सह प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह का बुधवार को जोरदार स्वागत जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में रामगढ़ प्रभारी शशिभूषण भगत,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू,प्रकाश मिश्रा,अभियान संयोजक राजू चतुर्वेदी,महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू, छोटन सिंह ,दीनदयाल साहू,अभियान टोली के मीडिया प्रभारी सत्यजीत



चौधरी आदि ने रामगढ़ स्थित पटेल चौक के समक्ष माल्यार्पण कर किया।

पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता लक्ष्मीकांत बाजपेई समेत सभी वरिष्ठ नेताओं की अगुआई करते हुए नेशनल हाइवे स्थित कार्यक्रम स्थल तक ले गए।

जहां भाजपा के सैकड़ों वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का नेतृत्व कर रहे हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा एवं मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कार्यक्रम स्थल पर आगंतुक मेहमानों का जोरदार स्वागत किया। बाजपेई ने कहा कि झारखंड का विकास किए बिना देश के विकास की बात करना बेमानी होगी।

# नशे की लत से बर्बाद हो रहे हैं कई युवा

शंकर यादव

**चौपारण।** चौपारण के कई होनहारों ने क्षेत्र का नाम कई कामयाबियों की फेहरिस्त में दर्ज करवाया है। वहीं दूसरी ओर कुछ युवाओं को ढाल बना कर नशा के सौदागरों ने चौपारण को अपनी मकड़जाल में फांसने की कोशिशें तेज कर दिया है।

बड़ी बात ये है कि चौपारण में इन दिनों ब्राउन शुगर, गांजा व अफीम की लत से कई युवा बर्बादी के कगार पर पहुंच गए है।



इस मंहगे नशे की लत से आर्थिक के साथ साथ मानसिक और शारीरिक नुकसान भी हो रहा है। विगत 10 वर्षों में ब्राउन शुगर,

### चौपारण में ब्राउन शुगर ,गांजा और अफीम की बिक्री धड़ल्ले से जारी

गांजा और अफीम की नशा करने वालो की संख्या में भारी बढ़ोतरी हुई है। नशे की लत इस कदर बढ़ी है कि सुबह उठते ही उन्हें इसकी तलब हो जाती है फिर किसी भी सूरत में उन्हें ये चाहिये तभी उनका शरीर काम करता है। चिंता की बात ये है कि कुछ नशा को छोड़ने के कारण बीमार हो जा रहे है। इलाज के लिए उन्हें शहर जाना पड़ रहा है। इन घटनाओं से अभिभावकों की चिंताएं दिन-रात बढ़ती जा रही है। कुछ लोगों ने तो नाम न बताने की शर्त पर ऐसी जानकारियां दी जिससे आपके होश उड़ जाएंगे। लोगों ने दबे जुबान लोगों से मदद करने की गुहार के साथ ही प्रशासन से ये उम्मीद लगाए बैठे हैं कि जैसे अवैध शराब कारोबारियों के मंसूबे विफल किये जा रहे हैं वैसे ही इन नशा रूपी मौत के सौदागरों पर भी जल्द प्रशासन का कहर टूटेगा और इनकी पसरती पांव को रोका जाएगा।


Tender ref. No,: Dated:- __/__/2023

**District Collectorate District Supply Office Latehar, Jharkhand**

INVITATION OF TENDERS FOR PROVIDING BLOCK-WISE DOOR-STEP DELIVERY (TRANSPORTATION & HANDLING) SERVICES TO THE FAIR PRICE SHOPS (FPS) LOCATED IN URBAN AREAS AND BLOCKS OF LATEHAR DISTRICT OF JHARKHAND FOR PERIOD OF ONE YEAR THROUGH E-TENDER FOLLOWED BY REVERSE E-AUCTION PLATFORM

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender published on website | 08.06.2023 |
| 2. | Name of the Client | District Collectorate, District Supply Office Latehar, Jharkhand |
| 3. | Address of the concerned person for correspondence | Abhishek Tiwari: Email: jhsupport@c1india.com |
| 4. | Bidding Document Cost | RS. 2,500/-(Rupees Two thousand five hundred Only) (Non-Refundable & non-Adjustable) as a Demand Draft in favour of "District Supply Office Latehar Jharkhand". |
| 5. | EMD | As per the details mentioned in the RFP |
| 6. | Financial security money. | All bidders have to submit Bank Guarantee of Rs 5 lakh per block in favor of DSO Latehar,Jharkhand. The Format of Bank Guarantee has been attached as Annexure-11 |
| 7. | Bid Submission Start | 08.06.2023 |
| 8. | Bid Submission End | 17.06.2023 |
| 9. | Technical E-Bid Opening Date & Time | 21.06.2023 |
| 10. | Pre-Bid Meeting | 02.02.2023 (https://meet.google.com/pix-qfhe-ant) 1:30 to 2:30 |
| 11. | Date of Auction | Will be intimated later |
| 12. | Publishing Websites | https://latehar.nic.in&https://jhtenders.eproc.in |
| 13. | Registration Fee for C1 India | Rs. 5000/- (Mandatory for all Bidders) |

1. All eligible individuals or partnership firm, Registered Company or Co-operative society or any legal organization should mandatorily register with C1 India Pvt. Ltd. for participation in reverse e-auction.
2. Any changes/modification in the tender documents in the tender documents will be posted on the website- https://latehar.nic.in/ and https://jhtenders.eproc.in

PR 299440 Food Public Distribution and Consumer Affairs(23-24)D District Supply Officer Latehar

## स्पीड न्यूज

### नगर परिषद का स्वनिधि मेला 9 जून को

**गुमला।** पीएम स्वनिधि योजना के तहत फुटपाथ विक्रेताओं को ऋण मुहैया कराया जाता है। उक्त योजना से नए फुटपाथ विक्रेताओं को जोड़ने, ससमय ऋण चुकाने वालों को सम्मानित करने तथा जिनका लोन स्वीकृत हो गया उन्हें स्वीकृति पत्र वितरित करने के लिए नगर भवन में 9 जून को 'स्वनिधि से समृद्धि' मेला आयोजित किया जाएगा। उक्त मेले को सफल बनाने के लिए तथा शहर के स्ट्रीट वेंडरों के बीच अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने के लिए नगर परिषद प्रशासक संजय कुमार ने अपनी एनयूएलएम टीम के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए।

### आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

**गुमला।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी गुलाम समदानी एवं कार्यालय के कर्मी के साथ आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा चुनाव निमित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिसके तहत उनके द्वारा मतदान केन्द्रों से संबंधित आवश्यक सुविधा, नेटवर्क कनेक्टविटी, दिव्यांग मतदाता, वृद्ध मतदाता एवं 80 प्लस आयु के मतदाताओं को आवश्यक सुविधा प्रदान कराने, पिछले चुनाव में आये कमी एवं आगामी चुनाव में उस कमी को पूर्ण करने हेतु मास्टर प्लान तैयार करने तथा स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों से मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रशासनिक समन्वय स्थापित करते हुए पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनाव की तैयारी हेतु दिशा निर्देश दिया गया। इस बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी के साथ कार्यालय के प्रधान लिपिक श्री अजीत कुमार चौधरी कंम्प्युटर ऑपरेटर श्री सौरभ कुमार गुप्ता, श्री राजेश कुमार तथा हेल्प डेस्क मैनेजर श्री शेखर कुमार गुप्ता एवं श्री प्रमोद साहु उपस्थित थे।

### जिला फुटबॉल संघ गुमला कार्यकारिणी कमेटी की बैठक संपन्न

**गुमला।** जिला फुटबॉल संघ गुमला कार्यकारिणी कमेटी की एक अवश्यक बैठक लुथेरन मैदान में हुई। जिसमें जिला फुटबॉल लीग चलाने को लेकर चर्चा की गई। निबंधन से सबंधित जानकारी , लीग शुरू करने की तिथि एवं जरूरी फार्म उपलब्ध कराने के लिए 10 जून को दोपहर 2 बजे लुथेरन मैदान में अगली बैठक रखी गई है। जिसमें फुटबॉल टीम के अध्यक्ष, सचिव एवं जिला कमेटी के पदाधिकारी और सदस्यों को बैठक में भाग लेने का आग्रह किया गया। बैठक में अध्यक्ष रोबर्ट टोप्पो , सचिव सागर उराँव , उपाध्यक्ष अमित एकका , जोन वेसली मिंज, प्रदीप राम, मनोज कुमार साहू उपस्थित थे।

### राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति लोहरदगा कोर कमिटी की बैठक संपन्न

**लोहरदगा।** बुधवार को राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति लोहरदगा कोर कमिटी की बैठक एमजी रोड वीर शिवाचौक लोहरदगा स्थित झखरा कुम्बा में जिला समिति कोर कमिटी की आपातकालीन बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला संरक्षक सह कोर कमिटी अध्यक्ष फूलदेव भगत की अध्यक्षता में की गई। बैठक में कोर कमिटी ने झखरा जिला समिति के कार्य कलापों पर समीक्षा की गई। बैठक में एतवा उरांव अध्यक्ष, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति लोहरदगा के विरुद्ध विभिन्न अनैतिक कार्य कलापों में लिप्त पाये जाने के कारण अध्यक्ष पद से तत्काल प्रभाव सात जून 2023 को पदमुक्त कर दिया गया। सोमदेव उरांव उपाध्यक्ष को राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति लोहरदगा को अध्यक्ष पद हेतु तत्काल प्रभाव सात जून 2023 को मनोनीत किया गया है।? सुकेद्रं उरांव सदस्य प्रबंधन समिति को तत्काल प्रभाव सात जून 2023 को उपाध्यक्ष पद हेतु मनोनीत किया गया।? बैठक में जालेश्वर उरांव, बिरसा उरांव, सोमे उरांव, रंथु उरांव, अमरनाथ भगत, प्रकाश भगत, बिरेंद्र उरांव, बुधराम उरांव, सुधू भगत आदि मौजूद थे।

### एसबीआई लाइफ इन्शुरेंस कम्पनी के शाखा का हुआ उद्घाटन

**लोहरदगा।** शहर के ब्लॉक मोड़ के समीप स्थित एसबीआई लाइफ इन्शुरेंस कम्पनी के शाखा कार्यालय का उदघाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित एवं गणेश वंदना के साथ किया गया उसके उपरांत कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कम्पनी के रीजनल डायरेक्टर दिनेश आर, रीजनल मैनेजर विवेक पांडेय, डीआरएम राघवेंद्र सिन्हा, रीजनल मैनेजर बैंका चैनल फरहान वलीउल्लाह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसके उपरांत रीजनल डायरेक्टर द्वारा सभी लाइफ मित्रों (एजेंट) को कंपनी के बारे में एवं कम्पनी के विस्तारपूर्वक बताया। सभी लाइफ मित्रों को इस वित्तीय वर्ष कंपनी द्वारा किये गए बीमा के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर मुख्य रूप से शाखा प्रबंधक राजीव रंजन, ट्रेनिंग मैनेजर नरेन्द्र प्रकाश, विकास अधिकारी अमर कुमार देवघरिया, अफजल अमानुल्लाह, तापस कुमार, शशि किरण राज, बालकिशुन उरांव, चंद्रकेतु प्रजापति, अनस अहमद, उपासना कुजूर, जयझंडा लकड़ा, नूतन कुमारी,अरुण कुमार, राजमोहन उरांव, गौतम प्रसाद साहू, सोमनाथ दत्ता,अनुपमा सिंह, पुष्पा साहू, सचिन कुमार सिन्हा, मनीषा मिंज, सरोज रवि, बृजमोहन साहू, धनेश लोहरा, अनिल साहू, अमित कुमार समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में आकांक्षी प्रखंड डुमरी के सर्वांगीण विकास के संबंध में हुई समीक्षा बैठक, कहा

# जिन क्षेत्रों में स्वास्थ्य केंद्र दूर है,वहां सरकारी भवनों को संस्थागत प्रसव में करें उपयोग

**15 जून तक डुमरी प्रखंड कार्यालय में होगा कैंप का आयोजन, योजनाओं की दी जाएगी जानकारी**


बैठक में निर्देश देते उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** आकांक्षी प्रखंड डुमरी के सर्वांगीण विकास को लेकर बुधवार को उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से आकांक्षी प्रखंड डुमरी के अंतर्गत अलग-अलग विभागों द्वारा किये जाने वाले ग्रामीण विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने आकांक्षी प्रखंड विकास अंतर्गत विभिन्न संकेतकों की स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने स्कूलों के इन्फ्रास्ट्रक्चर सहित शिक्षा के गुणवत्ता को बेहतर करने, फाउंडेशन लर्निंग पर कार्य करने, आंगनवाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण से संबंधित विषयों पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। डुमरी में तीन नये बन रहे आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित किया कि आंगनवाड़ी केंद्रों के शत प्रतिशत बच्चों को अक्षरों का ज्ञान , संख्या का ज्ञान आदि की जानकारी अवश्य हो। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन ने बताया कि डुमरी में पिछले दो माह में शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं ने अपना एएनसी चेकअप करवाया वहीं संस्थागत प्रसव भी पिछले दो माह में 90 प्रतिशत देखने को मिली है। उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं के एएनसी 1 एवं एएनसी 4 की चेकअप एवं इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी को शत प्रतिशत कराने हेतु विशेष रूप से निर्देशित किया। साथ ही डुमरी को टीबी, एनीमिया एवं कुपोषण मुक्त बनाने हेतु भी सभी संबंधित विभागों को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करने की बात कही। उपायुक्त ने कृषि, हॉर्टिकल्चर, भूमि संरक्षण , विभाग की समीक्षा करते हुए खाद एवं बीज की उपलब्धता, फसलों की उत्पादकता,सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता, सिंचित क्षेत्र, पशु टीकाकरण ,बागवानी आदि की भी समीक्षा की। उपायुक्त ने अगले सात दिनों तक लगातार डुमरी प्रखंड कार्यालय परिसर में कैंप का आयोजन करने का निर्देश दिया। कल्याण विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने आदि आदर्श ग्राम योजना , छात्रवृत्ति जैसे विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बैठक से पूर्व उपायुक्त ने डुमरी के दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लाते हुए सफलता प्राप्त करनेवाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया। इस दौरान कुल 16 विद्यार्थी सम्मानित हुए। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त , सिविल सर्जन,समाज कल्याण पदाधिकारी,भूमि संरक्षण पदाधिकारी , शिक्षा अधीक्षक , बीडीओ डुमरी सहित विभिन्न पंचायतों के मुखिया के अलावा संबधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# हथियार खरीद बिक्री करने वाले तीन युवक गिरफ्तार, गये जेल

**गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक छः चक्रीय रिवाल्वर, 4 पिस्टल, 11 मैगजीन, 12 राउंड जिंदा गोली, तीन मोबाईल व एक स्कूटी बरामद**


गिरफ्तार अभियक्त, बरामद हथियार के साथ एसडीपीओ, थाना प्रभारी व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** हथियार खरीद बिक्री करने वाले तीन युवकों को गुमला पुलिस ने मंगलवार की शाम हथियार व कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्तों में गुमला थाना क्षेत्र के करौंदी गांव निवासी हरि उरांव का 24 वर्षीय पुत्र सुनील उरांव, सिसई थाना क्षेत्र के बरगांव निलवासी दीपक साहु का 20 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार साहु व सिसई थाना क्षेत्र के पुनाटोली निवासी धोंधली उरांव का 23 वर्षीय पुत्र पंकज उरांव है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस ने एक छः चक्रीय रिवाल्वर, 4 पिस्टल, 11 मैगजीन, 12 राउंड जिंदा गोली, तीन मोबाईल व एक स्कुटी बरामद किया है। इस संबंध में बुधवार को गुमला थाना परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए एसडीपीओ मनीष चंद्र लालव थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि मंगलवार को गुमला पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि करौंदी स्थित निटको टाइल्स दुकान के पीछे मैदान में कुछ लड़के हथियार की खरीद बिक्री के लिए जमा हैं।

ये लोग पहले भी हथियार मंगा कर आस-पास के क्षेत्रों के बदमाशों व पीएलएफआई को बेचते हैं। सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो लड़कों को तीन पिस्तौल, पांच मैगजीन व 9 जिंदा गोली के साथ पकड़ा। पूछताछ में गिरफ्तार युवकों ने बताया कि वे सिसई का पंकज उरांव भी इस खरीद बिक्री में शामिल है। जिसके आधार पर सिसई थाना के सहयोग से पंकज उरांव के घर में छापामारी की गई। जहां से पुलिस ने एक पिस्तौल, एक छः चक्रीय रिवाल्वर, तीन जिंदा गोली, व छः बड़ा छोटा मैगजीन बरामद किया। छापामारी अभियान में पुअनि मो. मोजम्मील, सअनि बबलू बेसरा, सअनि बीरबल कुमार पांडेय व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## प्रेरणा शखा ने लोगों के बीच किया तुलसी पौधे का वितरण



युवतियों को तुलसी का पौधा प्रदान करती प्रेरणा शाखा की सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा जून माह को पर्यावरण माह घोषित किया गया है। जिसके तहत मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा गुमला के सदस्यों के द्वारा बुधवार को विभिन्न दुकान और घरों में घूम-घूमकर 25 तुलसी पौधा का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में शिल्पा अग्रवाल ,सोनल अग्रवाल, नमीता अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, रचना अग्रवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित थी।

## डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ


कार्यक्रम में महिला को ओआरएस व जिंक प्रदान करते चिकित्सक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में बुधवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चैनपुर डॉ राजमोहन खलखो, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सदर डां,के एम बोदरा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बिशनपुर डॉ डी एन ठाकुर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती जया रेशम खाखा, जिला कार्यक्रम समन्वयक श्री अभिनित आनंद, इपिडेमियालाजिस्ट डॉ नागभूषण प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बताया गया कि बरसात का मौसम शुरू होने वाली है। इस मौसम में डायरिया की समस्या आम बात हो जाती है। जिसके नियंत्रण हेतु विभाग द्वारा यह कार्यक्रम शुरू किया गया है जो 5 जून से 17 जून तक चलेगा। इस कार्यक्रम के तहत सहिया घर घर जाकर 2 माह से 5 वर्ष के बच्चों को ओआरएस और जिंक का वितरण करेगी। पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम में दो बच्चों को ओआरएस और जिंक दिया गया। इस अवसर पर चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड डाटा प्रबंधक, संघनक श्री शिवचरण साहू, बली साहू, राजकुमार ओहदार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## योग शारीरिक व मानसिक लचीलेपन को प्राप्त करने की एक अनुशासित विधि है : रमाकांत


शिविर में बच्चों को योगाभ्यास कराते पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में आयोजित दो दिवसीय योग शिविर बुधवार को संपन्न हो गया। शिविर में पतंजलि योग समिति गुमला के जिला प्रभारी श्री भोला प्रसाद के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने योगाभ्यास किया एवं योग के गुर सीखे। वहीं कला शिक्षक श्री पार्थ प्रतिम मैती ने विद्यार्थियों को आर्ट एंड क्राफ्ट का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को सामान्य ज्यामितीय आकृतियों के माध्यम से वर्ली आर्ट का प्रशिक्षण दिया। जिसे सीखकर विद्यार्थी काफी उत्साहित नजर आये। प्रधानाचार्य डा रमाकांत साहू ने सभी प्रतिभागियों को समर कैंप का सर्टिफिकेट प्रदान किया। इसके पूर्व प्रधानाचार्य ने योग प्रशिक्षक को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा विद्यार्थियों को रोज योगाभ्यास की सलाह दी। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक और मानसिक लचीलेपन को प्राप्त करने की एक अनुशासित विधि है। यह हमें शरीर और मन को नियंत्रित करने की तकनीक सिखाती है। बदलती जीवन शैली के वर्तमान परिपेक्ष्य में शरीर और मन से संबंधित विभिन्न समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए योग समय की आवश्यकता बन गया है। श्री भोला प्रसाद ने कहा कि योग हमारी सांस्कृतिक विरासत है। योग विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं है अपितु योग करने से चेहरे पर कांति एवं तेज आता है। सीसीए इंचार्ज श्रीमती संजुक्ता खटुआ ने बताया कि योग की गुरुता एवं महत्ता को दशार्ने तथा आर्ट एवं क्राफ़्ट के माध्यम से सीखने के अवसर प्रदान करने के लिए इस कैम्प का आयोजन किया गया। कैंप कोआर्डिनेटर श्री अभिजीत झा ने कहा कि रोज सुबह जल्दी उठ कर योगाभ्यास करना हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभ दायक होता है। योग शिविर के अंतिम दिन विद्यार्थियों ने आइसक्रीम का भी लुत्फ उठाया एवं वे इस शिविर से काफी प्रसन्न नजर आये।

## उपायुक्त से मिलकर शिष्टमंडल ने ठकुराइन तालाब में एक स्टेप सीढ़ी बनाने की मांग की



डीसी से मुलाकात करते शिष्टमंडल

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** समाजसेवी ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल बुधवार को उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान यहां के कई समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया । जिसमे गुदरी बाजार स्थित ठकुराइन तालाब में एक स्टेप सीढ़ी निर्माण की मांग की गई। शिष्टमंडल ने बताया कि तालाब का सफाई के साथ गहराई करने का कार्य किया गया जो कि स्वागत योग्य एवं सराहनीय कार्य है,इस ऐतिहासिक तालाब में गंदगी के साथ-साथ मिट्टी भर गया था, यहां के स्थानीय लोग लंबे समय से इसके जीर्णोद्धार करने की मांग करते आ रहे थे,नगर परिषद लोहरदगा के द्वारा अपने संज्ञान में लेते हुए यह कार्य कराया गया,जिसकी काफी प्रशंसा हो रही है। शिष्टमंडल ने उपायुक्त से कहा की, ठाकुरान तालाब के चारों ओर काफी गहराई हो जाने के कारण छठ व्रतियों के साथ-साथ आम नागरिकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा,और हर वक्त दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी,इसको ध्यान में रखते हुए,गड्ढे करण के चारों ओर कम से कम एक और स्टेप सीढ़ी का निर्माण बरसात के पूर्व करवाने की मांग की,जिससे आम लोगों को कोई भी असुविधा ना हो। मौके पर उपायुक्त से व्यक्तिगत रूप से इस तालाब का निरीक्षण करने का आग्रह भी किया। जिस पर उपायुक्त ने यथाशीघ्र स्थल पर आकर निरीक्षण करने की बात कही।

### डुमरी कस्तूरबा स्कूल का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**डुमरी।** डुमरी प्रखंड के दौरे के क्रम में बुधवार को उपायुक्त सुशांत गौरव ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय परिसर में एनआरईपी द्वारा बनाये जा रहे मल्टी परपस हॉल एवं कीचन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने निरीक्षण के क्रम में ड्रेनेज सिस्टम को ठीक करने एवं अन्य निर्माण कार्य की आवश्यकताओं को देखा। उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारी को उक्त विद्यालय का पूर्ण अवलोकन करते हुए आवश्यक निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया ।

## बाल श्रम को रोकने के लिए चलाया गया जांच अभियान


अभियान में शामिल अधिकारी

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला श्रम विभाग के द्वारा बाल मजदूरों के विमुक्ति के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान पूरे जून माह में चलेगा। इसी क्रम में बुधवार को श्रम अधीक्षक दिनेश भगत के नेतृत्व में लोहरदगा के साइडिंग बस स्टैंड, पावरगंज, बगड़ू मोड़, अपर बाजार आदि क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया।

जांच के क्रम में किसी भी प्रकार के बाल श्रमिक कार्य करते हुए नही पाये गये। श्रम अधीक्षक ने कहा है कि बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 की धारा 12 के तहत किसी भी प्रतिष्ठान में 14 वर्ष से कम उम्र के बालकों का व खतरनाक नियोजनों में 14 से 18 वर्ष के किशोरों का नियोजन प्रतिषेध है। उल्लंघन की स्थिति में 20000 रुपए से 50000 रुपए तक जुमार्ना अथवा 6 मास से 2 वर्ष तक का कारावास या दोनों हो सकता है। बाल श्रम से संबंधित शिकायत या जानकारी के लिए आमजन टोल फ्री नंबर 18003456526 पर कॉल कर सकते हैं।

मौके पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, संरक्षण पदाधिकारी अनुरंजन कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी संदीप कुमार गुप्ता, सीडब्ल्यूसी मेंबर सुशीला कुमारी, पीओआईसी अनुरंजन कुमार, चाइल्ड लाइन समन्वयक पीटर तिग्गा, चाइल्डलाइन सदस्य कुंती साहू, टीम मेंबर चाइल्ड लाइन मुकेश साहू, डिस्ट्रिक्ट फील्ड फैसिलिलेटर कैलाश सत्यार्थी, चिल्ड्रन फाउंडेशन के धीरेंद्र कुमार एवं सब इंस्पेक्टर अभिषेक तिवारी उपस्थित थे।

# मन का मिलन पखवाड़े में चार केसों का हुआ निष्पादन

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** झालसा रांची के तत्वावधान में तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के निर्देशन में चलाए जा रहे मन का मिलन पखवाड़ा जो 29 मई 2023 से लेकर 14 जून 2023 तक चलाया जा रहा है इसके अंतर्गत पूरे लोहरदगा जिले में मन का मिलन पखवाड़ा को लेकर और विशेषकर मध्यस्थता से सुलह सुनिश्चित करने को लेकर जोर शोर से प्रचार प्रसार किया जा रहा है ।डालसा के पीएलवी इसका प्रचार-प्रसार गांव- गांव जाकर कर रहे हैं । इस अवसर पर डालसा सचिव राजेश कुमार ने बतलाया कि सिविल कोर्ट परिसर स्थित मन का मिलन पखवाड़ा बेंच में अब तक कुल 04 मुकदमों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जा चुका है । 6 जून 2023 को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, लोहरदगा चंदन के यहां लंबित 2 वादों का निस्तारण किया गया जो 498 अ एवं चोरी से संबंधित केस एवं काउंटर केस था । दोनों केस के पक्षकार रेशमा परवीन एवं नसीम अंसारी ने आपसी सुलह के आधार पर दोनों वादों को समाप्त करने का निर्णय लिया ।इसी प्रकार 07 जून, 2023 को अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी राज कल्याण के कोर्ट का चेक बाउंसिंग से संबंधित मुकदमे का निस्तारण मन का मिलन पखवाड़े के अंतर्गत किया गया जिसमें परिवादी इमरान आजाद अंसारी को द्वितीय पक्षकार सुनील बाखला ने ? 3,75,000/ चेक की रकम अदायगी कर के आपस में केस सुलह कर लिया। एक अन्य केस जो न्यायिक दंडाधिकारी पूजा कुमारी लाल के यहां घरेलू हिंसा अधिनियम से संबंधित था में परिवादी सोनी कुमारी ने स्वेच्छा से अपने पति सतीश पांडे के विरुद्ध किये गये केस को सुलह के आधार पर समाप्त करने का निर्णय लिया और दोनों पति-पत्नी साथ रहने की कसमें खाईं और यह भी कहा कि उनका मन का मिलन हुआ इसलिए वे साथ-साथ राजी खुशी से रहेंगे । डालसा सचिव ने यह भी जानकारी दी कि मन का मिलन पखवाड़ा 14 जून तक चलेगा जिसका लाभ आमजन अपने विवाद को सुलझाने के लिए कर सकते हैं । सिविल कोर्ट परिसर स्थित मन का मिलन पखवाड़े बेंच में सुबह 7:00 से दोपहर 12:00 बजे तक एक मध्यस्थ, डालसा सचिव एवं थाने से प्रतिनियुक्त एक अधिकारी उपस्थित रहते हैं जिनके सहयोग के लिए दो पीएलवी प्रतिनियुक्त किए गए हैं ।इन्हीं लोगों के समन्वित प्रयास से मामले को सुलझाया जा रहे है।



सुलह करते पति पत्नी

## स्पीड न्यूज

### जंगल से मिला अज्ञात युवक का शव

**बेरमो/चंद्रपुरा।** दुग्दा थाना क्षेत्र के माधुरी पेट्रोल पंप के सामने पंच फेड़ी दुग्दा पहाड़ी के जंगलों में बुधवार को दुग्दा पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति की लाश बरामद की है। मामले की जानकारी देते हुए दुग्दा थाना प्रभारी कन्हैया राम ने बताया किए ज्यादा दिन होने के कारण चेहरा सड़ चुका हैए जिस कारण मृतक की पहचान और मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। मृतक छाई कलर का पेंट और शर्ट पहना हुआ है। उम्र लगभग 40-45 वर्ष के आसपास का होगा। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### चचेरे भाई की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**बेरमो।** पेटरवार थाना क्षेत्र के ओरदाना गांव में अपने चचेरे भाई की हत्या कर फरार आरोपी को पुलिस 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया हैए मामले का उद्भेदन करते हुए थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि 5 जून की रात देवशरण महतो ने चचेरे भाई उपेंद्र महतो (45 वर्ष) की हत्या की थी। वारदात की सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर जाकर मुआयना की थीण पुलिस की विशेष तकनीकी सेल की मदद से उसे पेटरवार थाना क्षेत्र के चिनियागढ़ा से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि उसके चचेरे भाई का उसकी पत्नी के साथ अवैध संबंध था। रात में उपेंद्र आरोपी के छत पर सोया हुआ था। रात में ही उसने कुल्हाड़ी से उसके सिर पर वार कियाए जिससे उससे मौत हो गई। इसके बाद चाकू से उसके गुप्तांग को काट दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद कुल्हाड़ी व चाकू घर के पास अपने बागान में छुपा दिया।

### पूर्व सांसद ने जन समस्याओं पर डीसी से की वार्ता

**बेरमो।** पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने क्षेत्र की समस्याओ को लेकर बोकारो के उपायुक्त कुलदीप चौधरी से मिलकर क्षेत्र में आए दिन पानी के अलावा अन्य तरह की समस्याओ से अवगत कराया। उपायुक्त महोदय ने जल्द से जल्द समाधान का भरोसा दिलाया।

### चोरी का कन्वेयर बेल्ट और स्क्रैप जब्त

**बेरमो/ कथारा।** कथारा क्षेत्र के सीसीएल सुरक्षा विभाग जी एम यूनिट कथारा को कैप्टिव पावर प्लांट (रेलवे कॉलोनी कथारा) से चोरी किया हुआ तकरीबन दस रोल कन्वेयर बेल्ट व स्कैप जो असनापानी के नीचे पानी टंकी के पास जंगल में छिपाकर रखा गया था। उसे पकड़ने में बड़ी सफलता मिली है। सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक डीके गुप्ता ने कहा कि अपराध और अपराधी पर कोई रहम नही किया जाएगा। इस मामले को लेकर जो कानूनी प्रक्रिया है उसे पूरा किया जाएगा।

### सिगरेट के विज्ञापन का पोस्टर लगाया तो होगी कार्रवाई

**बोकारो।** नियमित जांच अभियान के दौरान सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के तहत सिटी थाना क्षेत्र के राम मंदिरए सेक्टर 2 एवं नया मोड़ व बस स्टैण्ड बोकारो में छापामारी की गई। इस दौरान कुल 113 दुकानों की जांच की गई और कोटपा कानून का उल्लंघन करने वाले कुल 21 दुकानों व व्यक्तियों का चालान काटकर 4520 रुपये अर्थदंड की वसूली की गई। जिला नोडल पदाधिकारी डॉ सेलिना टुडू ने बताया कि बार बार दुकानदार को चेतावनी देने के बाद भी कुछ दुकानदार अभी भी तम्बाकू उत्पाद का प्रचार प्रसार कर रहे है जो कि कोटपा 2003 की धारा 5 का उल्लंघन है ऐसे सभी दुकानदारों को चेतावनी दी जाती है कि उनपर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### कुसुंडा तालाब से अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद

**केंदुआ।** गोंन्दुडीह ओपी क्षेत्र के कुसुंडा तलाब में करीब 50 वर्षीय व्यक्ति की शव मिलने से सनसनी.शव की पहचान नहीं हो पाई है.सुचना पर गोंन्दुडीह ओपी प्रभारी कुंदन भारद्वाज घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेजकर घटना की तफ्तीश में जुट गए।

# कतरास : जीटीएस आउटसोर्सिंग में रोजगार को लेकर चक्का जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** कतरास थाना क्षेत्र के आकाशकिनारी में संचालित बीसीसीएल एरिया 3 आउटसोर्सिंग जीटीएस कम्पनी में जेएमएम द्वारा पूर्व निर्धारित बंदी का आयोजन रोजगार की मांग को लेकर किया गया। बताते चले कि झारखंड मुक्ति मोर्चा बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष अजमुल अंसारी एवं पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रतीलाल टुडु के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में जेएमएम कार्यकर्ता एवं रैयत बंदी के कार्यक्रम में शामिल हुए। वही मीडिया को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष अजमुल अंसारी ने बताया कि हम लोगों ने पहले ही धरना के माध्यम से एवं पत्र के माध्यम से कंपनी को सूचना दे दिया था कि यहां के रैयतों को एवं स्थानीय युवकों को रोजगार मुहैया कराया जाए। इसके साथ ही आसपास में जितने भी बस्ती है बस्ती वालों को पानी मुहैया कराएं बिजली मुहैया कराएं, हैवी ब्लास्टिंग के कारण लोगों के घरों में दरार आ रही है इसलिए लोगों का पुनर्वास भी बहुत ही जरूरी है। इसलिए हम लोग संवैधानिक रूप से शांतिपूर्वक पूरी तरह से कंपनी का चक्का जाम किए हैं। पत्रकारों के सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि बंदी है तो विरोध तो होगा ही कंपनी के द्वारा गुंडा पाल कर रखा गया है। कंपनी गुंडों के बल पर यहां उत्खनन का कार्य करना चाहती है। हम लोग सरकार में है। जब रघुवर सरकार थी तो उस वक्त भी हम लोग नहीं डरे थे। कंपनी आज बम गोली दिखा रही है।



#### कंपनी बात नहीं मानेगी तो जाना होगा वापस

अगर कंपनी हम लोगों का बात नहीं मानती है तो कंपनी को यहां से वापस जाना पड़ेगा। वही बंदी में शामिल पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रतीलाल टुडू ने बताया कि कंपनी प्रबंधक अपनी हठधर्मिता पर अड़ी हुई है। अगर हम लोगों से कंपनी वार्ता नहीं करती है तो अनिश्चितकालीन चक्का जाम रहेगा।

#### वार्ता करने से कर दिया इनकार

आन्दोलकरियो से वार्ता का पहल करने के लिए बीसीसीएल के जीएचजेड पदादिकारी अमीत कुमार पहुँचे ,जहां जेएमएम नेताओं ने वार्ता करने से इनकार करते हुए कहा कि जो भी अधिकारीयो वार्ता करना चाहते है वे आंदोलन स्थल पर आ कर के वार्ता करें। हमलोग वार्ता में नही जाएंगे। तपश्चात आंदोलन कर रहे आन्दोलकरियो डटे रहे, अनिश्चितकालीन चक्का जाम में आंदोलन में मुखिया अर्जुन भुइयां, संजय चौहान, अमीर खान, संजय रजवार, अनिल उरांव, प्रवेज एकबाल, कृष्णा लाल, मिकल सिन्हा, मंगरी देवी, सरस्वती देवी,काजल देवी, शनकुंताल देवी,आरती देवी आदि सैकड़ो के संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं मौजूद थे।

### केबी कॉलेज में बीबीए बीसीए की पढ़ाई शुरू

**बेरमो।** केबी कॉलेज बेरमो में के आसपास रहने वाले विधाथीयों के लिए एक बड़ी खुशखबरी तब सामने आई जब महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी गई है कि अब क्षेत्र के बच्चों को बी सी ए एवं बी बी ए दोनों पाठ्यक्रमो के लिए बाहर जाने की जरूरत नही पड़ेगी क्योंकि केबी कॉलेज बेरमो में ही दोनों पाठ्यक्रमों की पढ़ाई शुरू कर दी गई है जिसके लिए चांसलर पोर्टल पर नामांकन भी जारी है। आगे बताया गया कि दोनों पाठ्यक्रमों के लिए कुल 96. 96 सीटों पर 20 जून 2023 तक चांसलर पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन ली जा रही है। पहली मेरिट लिस्ट 25 जून ए 2023 को निकेलगी और नामांकन 26 जून से 3 जुलाई ए 2023 तक ली जाएगी।

## सिंदरीः महिला से छेड़खानी का मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** सिंदरी थाना क्षेत्र अंतर्गत डोमगढ़ डी एल 8 निवासी बबलू कुमार की पत्नी गंगा देवी ने राँगामाटी सिंदरी के दो युवकों पर सूदखोरी, गाली गलौज, मारपीट व जबरदस्ती के मामला को लेकर मंगलवार को सिंदरी थाना में लिखित शिकायत की है। मामले की लिखित शिकायत के आधार पर दोनों आरोपी युवकों दीपक राय व तनु चौधरी को नामजद आरोपी बनाते हुए सिंदरी थाना में केस दर्ज कर लिया गया है। शिकायतकर्ता महिला ने लिखित शिकायत में बताया है कि उन्होंने पहले आरोपी दीपक राय से 40 हजार रुपए सूद पर लिए थे। उसमें से लगभग 25 हजार रुपए लौटा चुकी हूँ। उन्होंने बताया कि दोनों युवक सोमवार की रात लगभग 9 बजे उनके आवास पर दीपक के टीवीएस बाइक से आए और गाली गलौज करते हुए सूद का पैसा माँगने लगे। उन्होंने बताया कि उनके साथ जोर जबर्दस्ती करने की कोशिश करते हुए मारपीट की। उन्होंने कहा कि दोनों युवकों ने गोली मारकर हत्या करने की बात कही है। उन्होंने लगभग तीन हजार रुपए सहित गले का चेन छीनने की बात शिकायत में कही है। महिला का दावा है कि घटना के समय वह घर पर अकेली थी और पड़ोसियों ने भी इस घटना को देखा है। हालांकि आरोपी युवकों ने बताया कि शिकायतकर्ता महिला को नहीं पहचानते हैं। वह आरोप क्यों लगा रही है, इसकी जानकारी नहीं है। दोनों आरोपी दीपक कुमार व तनु चौधरी बलियापुर थाना क्षेत्र के रहनेवाले हैं। आरोपी दीपक राय राँगामाटी एफसीआई आवास संख्या आर एम4 739 40 का निवासी है।

# अवैध कोयला लदे दो ट्रक जब्त

## सीओ ने की कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** गौशाला ओपी क्षेत्र के डीवीसी मोर स्तिथ चावल गोदाम समीप झरिया अंचल अधिकारी प्रमेश कुशवाहा ने गुप्त और लगातार कोयला तस्करी की सुचना के आधार पर छापेमारी कर भारी संख्या मे अवैध कोयला लदा दो ट्रक जप्त किया। झरिया अंचल अधिकारी ने बताया कि जांच जारी है अवैध कोयला लदा जप्त किया गया है। वहीं छापेमारी की सूचना मिलते ही कोयला तस्कर फरार हो गए है कोयला तस्करों को चिन्हित किया जा रहा है। किसी को भी नही बख्शा जाएगा। स्थानीय लोगों की माने तो गौशाला ओपी और आसपास थाना क्षेत्र मे इस से पूर्व भी दर्जनों बार लगातार छापेमारी की गई थी। लेकिन ढाक के तीन पात कोयला चोरी रोकने में स्थानीय पुलिस, बीसीसीएल, सेल प्रबंधन, सुरक्षा विभाग, होमगार्ड व सीआईएसएफ नाकाम साबित हो रही है। बार बार छापेमारी के बावजूद कोयला चोरों के हौसले बुलन्द है। बताते चलें कि झरिया अंचलाधिकारी परमेश कुशवाहा ने कोयला चोरी पर हस्तक्षेप करते हुए बस्ताकोला गेस्ट हाउस में बीसीसीएल पबंधन और सिंदरी अनुमंडल के कई थाना प्रभारियों के साथ बैठक किया था और साफ तौर पर कहा कि क्षेत्र में किसी भी कीमत पर कोयला चोरी पर अंकुश लगाना चाहिए। इसके लिए जो भी ठोस कदम उठाने होंगे उसे उठाते हुए रोकने का काम करें। साथ ही अवैध कोयला जिनके घरों के पास भंडारण किया जा रहा है उसके खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेजने में कोई कसर नहीं छोड़े।

### बाइक की डिक्की से चोरों ने उड़ाये 55 हजार

**बेरमो।** गोमिया थाना क्षेत्र के स्वांग वन.वी मार्केट में 06 जून को सीसीएल कर्मी रंजीत कुमार की बाइक की डिक्की से अपराधियों ने पचपन हजार रुपए टपा लिए‌ए चोरी की यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। बता दें कि सीसीएल कर्मी रंजीत कुमार एसबीआई आईइएल से रुपए निकालकर बाइक के डिक्की में रखकर अपने क्वार्टर स्वांग लौट रहे थे। स्वांग वन- वी मार्केट में वह अपनी बाइक खडी कर सामान खरीदने गए। कुछ ही मिनट के बाद जब वापस लौटे तो बाइक की डिक्की खुली थी और रुपये गायब थे। उन्होंने तुरन्त इसकी सूचना पुलिस को दी गोमिया थाना के सब इन्सपेक्टर अनुज कुमार मौके पर पहुंचकर आसपास के सीसीटीवी को खंगाला तो सीसीटीवी में दो चोर इस घटना को अंजाम देते दिखेण एक चोर बहुत ही आराम से पैदल रंजीत कुमार के बाइक के नजदीक पहुंचा और दूसरा चोर बाईक से पहुंचा। एक ने अपनी मास्टर चाबी से डिक्की का ताला खोला और पैसे निकालकर दूसरे चोर के बाईक पर सवार होकर हजारी मोड़ की ओर चल दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे।

## एक नजर में

### चार हजार रिश्वत लेते एएसआई धराया

**धनबाद।** बुधवार को धनबाद एसीबी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए महिला थाना के एएसआई को 4000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। एसीबी के अधिकारियों ने बताया कि बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के बिराजपुर निवासी सुधीर साव से डायरी मैनेज करने एवं गिरफ्तार नहीं करने को लेकर महिला थाना के एएसआई सत्येन्दर पासवान द्वारा दस हजार रुपए की रिश्वत मांगी गई थी। रुपैया नहीं देने पर पकड़ कर जेल भेजने की धमकी दी थी आवेदक ने इसकी शिकायत धनबाद एसीबी टीम से की थी जिसके बाद एसीबी टीम ने जाल बिछाकर एएसआई को गिरफ्तार किया। आवेदक की शिकायत पर धनबाद एसीबी ने एएसआई सत्येन्द्र पासवान को 4000 रुपये नगद रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी की गिरफ्तारी धनबाद सदर अस्पताल से की गई है। वहीं पर अभियुक्त को पैसा लेकर बुलाया गया था।

### युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**पुटकी।** पुटकी थाना क्षेत्र के करकेन्द आईएन चन्द्रो के निवासी दिनबंधु साव के 25 वर्षीय पुत्र मनु कुमार ने घर मे फाँसी लगाकर आत्महत्या कर जीवन लीला समाप्त कर लिया।वही मृतक के परिजनों ने कहा कि रात्रि के समय सभी लोग खाना पीना खा कर अपने अपने कमरे में सोने चले गये।सुबह जब घर के सभी लोग उठे मगर यह नही उठा तो कमरा का दरवाजा खटखटाया मगर अंदर से कोई आवाज नहीं आया।तो खिड़की से देखा कि छत के लोहे के ऐंगल में गमछे के सहारे फाँसी लगाकर झूल रहा है।तभी स्थानीय पुलिस को सूचना दिया तब पुलिस पहुँची ओर दरवाजा तोड़कर शव को उतारा और पंचनामा तैयार कर धनबाद पोस्ट मॉडम के लिये भेजा।

### लीगल इंफ्रा इंडिया का जनसंवाद

**पुटकी।** पुटकी पीबी एरिया क्षेत्र संख्या 7 के द्वारा भागाबांध दुर्गा मंदिर के प्रांगण मे लीगल इन्फ्रा इंडिया लिमिटेड कम्पनी के सौजन्य से त्रिस्तरीय जनसंवाद का आयोजन किया गया।इस आयोजन में बीसीसीएल के जे0के0 सिंह,सुरेन्द्र सिंह,आउटसोर्सिंग के डायरेक्टर पी0पी0 सिंह एवं गण्यमान पूर्व प्रमुख भानु प्रताप, रामदेव महतो,जीतू पासवान, पार्षद देवाशीष पासवान,सुरेश महतो,गोबिंद महतो,संतोष पासवान, संतोष महतो,सुदामा पासवान वही ग्रामीण में बबला महतो,राजू महतो, प्रेम महतो,रामविलाश राम,दिलीप महतो,बदरुदीन खान के अलावा सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।वही जनसंवाद के दौरान बहुत सी बातें सामने आई,वही आउटसोर्सिंग के डायरेक्टर पी पी सिंह ने सभी को सम्बोधित करते हुय कहा कि में यहाँ आउटसोर्सिंग के माध्यम से कोयला निकलने का काम करने आया हु।मगर इससे पहले हम यहाँ की जनसमस्याओं से अवगत होना चाहता हूं।

### बेटियां घर की होती है लक्ष्मी : डॉ ईश्वर सागर

**बिश्रामपुर पलामू।** लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज ऐंड हॉस्पिटल में प्रसव के लिए आए पलामू जिले के पांडू प्रखंड के बसडीहा निवासी ज्योति कुमारी पति अक्षय राम को अस्पताल में अनुभवी डॉक्टर के द्वारा सफल आपरेशन कर सुरक्षित प्रसव कराया गया था,जिन्हे बुधवार को उस नवजात शिशु का नामकरण व अस्पताल में ही प्रथम जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान डॉक्टर सहित परिजनों ने एक दूसरे को केक व मिठाइयां खिलाकर खुशी जाहिर की। इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने नवजात का लक्ष्मी नाम रखा है। उन्होंने कहा कि बेटियां घर की लक्ष्मी होती है, बेटियां आज के दौर में हर कार्य में बढ़चढ़ कर भाग ले रही है। अस्पताल प्रबंधक गौरव कुमार ने बताया कि हमारे यहां सभी तरह के ऑपरेशन व इलाज की समुचित सुविधा है। यहां कम खर्च में बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध है। मौके पर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ विवेक कश्यप, डॉ नीलम कुमारी, डॉ एनके रजक, डा एलबी माझी, पूजा कुमारी, असलम बहादुर, अमर सिंह, खुर्सिद आलम सहित कई लोग मौजूद थे।

### जादूगोड़ा प्रॉसेसिंग प्लांट में तीन ठेका मजदूर हुये बेहोश

**जादूगोड़ा/जमशेदपुर।** यूसील की जादूगोड़ा प्रोसेसिंग प्लांट में सफाई के दौरान तीन ठेका मजदूर बेहोश हो गए।घटना पौने दो बजे की है। इधर सी आई एस एफ की अग्नि शमन विभाग के बचाव टीम ने घायल मजदूरो की एबुलेंस से यूसील अस्पताल पहुंचाया जहा डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद ठीक होने पर सभी को छुट्टी दे दी। घटना के बाबत बताया जाता है कि आज दोपहर पौने दो बजे यूसील की ठेका कंपनी दीपक इंजीनियरिंग के चार मजदूर भीम टुडू, आरती जावेद व रमई मुर्मू टैंक सफाई करने उतरे थे। अचानक टैंक में केमिकल गैस से उनका सामना हो गया। गैस लगने से मजदूर वही बेहोश हो गए। इसकी सूचना कंपनी प्रबंधक ने यूसील की सुरक्षा में जुटी सी आई एस एफ की अग्नि शमन विभाग के इंस्पेक्टर बल बिंदर सिंह को दी। बलबिंदर सिंह ने अपने चार जवानों मसलन उमेश मुई, बी बोरो, राहुल व चालक अरविंद के साथ घायल मजदूरों को जादूगोड़ा प्रोसेसिंग प्लांट से रिस्कू की व उसे एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचा कर उसकी जान बचाई। फिलहाल सभी घायल स्वस्थ है व प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मजदूरों के स्वस्थ होनरे पर कंपनी प्रबंधक ने राहत की सांस ली है।

### पैसे के लिए जच्चा-बच्चा को बनाया बंधक

**चतरा।** शहर में एक अस्पताल की शर्मनाक हरकत सामने आई है। यहां एक निजी अस्पताल के संचालक ने मनमाने बिल का भुगतान नहीं करने पर जच्चा-बच्चा को बंधक बना लिया। पीड़िता के पति मंटू कुमार दांगी ने सिविल सर्जन डॉ श्यामनंदन सिंह को आवेदन देकर वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुवे नर्सिंग होम संचालक के विरुद्ध कारवाई करने की मांग की है। मौके पर पहुंची सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली ने जच्चा-बच्चा को मुक्त कराकर परिजनों के साथ घर भेजा। सदर थाना क्षेत्र के पकरिया गांव निवासी सुषमां देवी को प्रसव पीड़ा हुई। परिजनों ने उन्हें देवरिया बाईपास रोड में संचालित एमजी नर्सिंग होम भर्ती करा दिया। जहां डॉक्टर पूर्णिमा सिन्हा ने आनन फानन में महिला के परिजनों को तुरंत आपरेशन नहीं किए जाने पर जच्चा बच्चा को होने वाले कई प्रकार के खतरे का भय दिखाकर ऑपरेशन कर दिया। ऑपरेशन के बाद सुषमां ने बच्चे को जन्म दिया। फिर क्या था डॉक्टर साहिबा ने ऑपरेशन के बदले परिजनों से दो लाख की राशि की मांग कर डाली। गरीब सुषमा का पति ने उसे अपने पास 20 हजार रुपए होने की बात कही। डॉक्टर साहिबा ने ऑपरेशन के बाद उससे पहले 20 हजार ले लिए और शेष 1 लाख 80 हजार रुपये लाने को कह दिया। इतने रुपए की व्यवस्था करने में असमर्थता जताने पर जच्चा बच्चा को नर्सिंग होम में ही बंधक बना लिया। वहीं बहुत विनती करने के बाद भी उन्होंने जच्चा बच्चा को नहीं छोड़ा।

# यात्री बस पलटने से 29 लोग घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** कांडी, मझिआंव भाया बरडीहा एवं कांडी मुख्य पथ पर बुधवार की अहले सुबह सिंगरा नामक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे लगभग दो दर्जन सवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस संबंध में घायलों ने बताया कि यात्री बस के चालक नशे के हालत में बस चला रहा था। इसी बीच बस लंगोटीया बाबा धाम के समीप फुलललेलवा नामक स्थान के समीप मुख्य पथ से खाई में पलट गई। घायलों में कांडी थाना क्षेत्र के सड़की गांव निवासी उपेंद्र पटवा के 28 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार, छोटकी चटनीयां गांव के टोला सूगही निवासी गया साह के 42 वर्षीय पुत्र मुखलाल साह, हरिगांवा गांव निवासी जोगेश्वर राम के 24 वर्षीय पुत्री सुषमा कुमारी, चौबे मझीगांवा गांव निवासी गिरधारी रजवार के 40 वर्षीय पत्नी तेतरी देवी,व बुधन रजवार के 12 वर्षीय पुत्र संजय कुमार, रमना थाना क्षेत्र के भागोडीह गांव निवासी विश्वनाथ पाल के 60 वर्षीय पुत्र नथूनी पाल, डूमरसोता गांव निवासी बच्चा राम सहित 60 वर्षीय पत्नी सरस्वती देवी 40 वर्ष, एवं पलामू जिले के जोगा करकट्टा गांव निवासी अंतू राम के 57 वर्षीय पुत्र सीताराम, पलामू जिला के मेदनीनगर गांव निवासी पूनम देवी 52 वर्ष पति अखिलेश शर्मा 58 वर्ष, कांडी थाना क्षेत्र के चटनिया गांव निवासी जादू राजमार्ग 42 वर्ष, अरुण कुमार की पत्नी ममता देवी 32 वर्ष उसका 15 दिन का पुत्र, गढ़वा थाना क्षेत्र के चिनार गांव निवासी रामनाथ राम की पत्नी शांति देवी 50 वर्ष गढ़वा थाना क्षेत्र के सजना मोहल्ला निवासी जितेंद्र पाल की पत्नी सुनीता देवी 35 वर्ष उसकी पुत्री अनामिका कुमारी 15 वर्ष पुत्र शुभम पाल 12 वर्ष कांडी थाना क्षेत्र के नैना बार गांव निवासी अजय प्रसाद की पत्नी ममता देवी 40 वर्ष, पुत्री दिव्या कुमारी 24 वर्ष, सांडी थाना क्षेत्र के धारीदार गांव निवासी नागेंद्र सिंह 60 वर्ष पत्नी लाखो देवी 55 वर्ष, कांडी थाना क्षेत्र के मझिगावा गांव निवासी ननकु यादव का पुत्र मकसूदन यादव 60 वर्ष, सड़की गांव निवासी श्याम देव राम 65 वर्ष, अनूप चौबे की पत्नी रागनी तिवारी 34 वर्ष, पुत्र लोकेश चौबे 4 वर्ष, पुत्री अदिति चौबे 18 माह का नाम शामिल है।

## घायलों ने कहा-बस चालक नशे में था धुत

### ओडिशा रेल दुर्घटना के दिवंगत को दी श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की सामाजिक संस्था शौर्य के द्वारा आज गोलमुरी स्थित कार्यालय पर गत दिनों ओड़िशा के बालासोर में हुए भीषण रेल दुर्घटना के दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित की। दीप जला कर सभी ने इस दर्दनाक रेल दुर्घटना के मृतकों की आत्मा की शांति की प्राथना की साथ ही इस दुर्घटना में घायल हुए सैकड़ो रेल यात्रियों के जल्द स्वास्थ लाभ की कामना की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक अमरजीत सिंह राजा ने बताया कि ओड़िशा राज्य में घटित यह रेल दुर्घटना बहुत ही बड़ी व दर्दनाक दुर्घटना हैं जहाँ तीन ट्रेने आपस में भिडंत हुई हैं।

## बोकारो संयंत्र में ग्रीन हाइड्रोजन और डी-कार्बोनाइजेशन पर कार्यशाला

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के पर्यावरण संरक्षण एवं सस्टेनेबिलिटी विभाग द्वारा झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से मिशन लाइफरू लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट मंत्रा के अभियान के तहत एचआरडी सेंटर में ऊर्जा कुशल प्रौद्योगिकियों द्वारा ग्रीन हाइड्रोजन और डी.काबोर्नाइजेशन पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। पर्फेक्ट इंफ्राइंजिनर्स लिमिटेड के कृष्णा मेहता सहित विभिन्न कंपनियों के विशेषज्ञों ने एयर कंडीशनिंग के लिए सोलर पैनल पर प्रस्तुतियां दीं। बतौर मुख्य अतिथि शरद गुप्ता ने बेहतर पर्यावरणीय परिणामों के लिए उद्योगों और नियामकों के सहयोग पर जोर दिया और सम्मानित अतिथि सीजीएम एमपी सिंह ने प्रतिभागियों को ऊर्जा संरक्षणए जल संरक्षण और अपशिष्ट न्यूनीकरण के लिए प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि ने पर्यावरण के अनुकूल स्वास्थ्य जीवन शैली को अपनाने के क्षेत्र में नवाचार करने का आह्वान किया।

## धनबाद बार एसो. चुनाव में होगी कांटे की टक्कर

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद बार एसोसिएशन के चुनाव में मतदान 8 जून गुरुवार को 8:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक निर्धारित है है। अध्यक्ष पद के खड़े वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी ने राधेश्याम गोस्वामी ने अपनी जीत का दावा किया है।इस भीषण गर्मी में भी प्रत्याशियों का हौसला बुलंदी पर है।इस बार धनबाद बार एसोसिएशन का चुनाव काफी कांटे की टक्कर होने की संभावना है। चुनाव में कुल 89 उम्मीदवार मैदान में हैं जिनकी किस्मत का फैसला 2086 अधिवक्ता मतदान कर करेंगे।राधेश्याम गोस्वामी ने मीडिया को बताया कि धनबाद बार एसोसिएशन में वे दो बार अध्यक्ष पद का चुनाव जीते हैं। कई अधिवक्ताओं के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत मेरी ही देन है। जबकि हर कोई इसका श्रेय लेने की होड़ में हैं।सभी योजनाओं का प्राक्कलित मेरे द्वारा किया गया है। इन सभी अधिवक्ताओं का प्यार और प्रेम का समर्थन इस बार मिलने की काफी उम्मीदें हैं और निश्चित तौर पर सभी अधिवक्ताओं को कई प्रकार की योजनाएं से लाभान्वित करवाएंगे। अगर अध्यक्ष पद से जीतकर आते हैं महिला अधिवक्ताओं के लिए हॉल एवं शौचालय की व्यवस्था, सभी अधिवक्ताओं को 5 लाख का मेडिक्लेम, गरीब अधिवक्ता के लिए सहयोग राशि की भी फंड संचालित की जाएगी ताकि सभी अधिवक्ताओं को बेहतर और सुगम व्यवस्था देने के लिए धनबाद बार एसोसिएशन तत्पर्य रहेंगे।

# श्रम मंत्री हैं जीजा, फिर भी हमारे घर में अंधेरा

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जीजा हमारा श्रम एवं रोजगार मंत्री, फिर भी हमारे घर में अंधेरा... यह दर्द है झारखंड के श्रम एवं रोजगार मंत्री सत्यानन्द भोगता के ससुराल का है जो आठ महीने से अंधेरे में गुजारा कर रहा है। सुनकर आपको भी अचरज हुआ न... यहां क्यों अंधेरा पसरा है जानना नहीं चाहेंगे..? मंत्री सत्यानन्द भोगता के चतरा जिले के सेल गांव ससुराल है। लेकिन इस गांव की बदहाल स्थिति विकास कार्यों की पोल खोल रही है। इस गांव में आठ महीने से अंधेरा ही अंधेरा है। सेल गांव के लोगों को बड़ी उम्मीदें थी कि इस गांव का दामाद सत्यानंद भोगता प्रदेश का मंत्री है, अब उनके गांव में बिजली के साथ-साथ विकास बयार भी बहेगी, लेकिन उनकी यह उम्मीदें महज एक सपना ही साबित हो रही हैं। मंत्री सत्यानन्द भोगता की साले ने भी इस बात को माना कि उनके जीजा मंत्री हैं और गांव में ना तो बिजली है और ना ही पेयजल की सुविधा है। आधुनिक युग मे बदहाली का दंश झेल रहा सेल गांव के लोग शिक्षा के क्षेत्र में भी बहुत पीछे हैं। गांव के बच्चे ढ़िबरी के सहारे पढ़ाई लिखाई तो जरूर करते है, पर उनके भविष्य पर बिजली की कमी कुंडली मार कर बैठी है। विकास की राह में कोसो दूर खड़ा खूझा गांव के लोगों के लिए बिजली की कमी कितना सताती है इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। इस भीषण गर्मी में लोगों का बुरा हाल है।

**महीनों पहले जल गए गांव के 2 ट्रांसफॉर्म :** सेल गांव के एक युवक ने बताया कि पहले यहां 2 ट्रांसफॉर्मर लगे थे जिनमें से 18 महीने पहले जल गया जबकि दूसरा अभी 2 महीने पहले जला है। गांव में पिछले 8-10 महीने से बिजली संकट है। गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यार्थियों को खास परेशानी होती है क्योंकि वह ठीक से पढ़ाई नहीं कर पाते। युवक ने कहा कि हमने बिजलीक्षविभाग से लिखित आवेदन देकर मांग की है कि गांव में 100 केवी की क्षमता वाला ट्रांसफॉर्मर लगवाया जाए लेकिन अभी तक जवाब नहीं आया है। एक अन्य ग्रामीण ने कहा कि बिजली नहीं होने की वजह से बहुत परेशानी होती है। महिलाओं की सुरक्षा भी बड़ा मसला है। विद्यार्थियों को पढ़ने-लिखने में खासी परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि हमने बिजली विभाग के समक्ष कई बार ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग रखी लेकिन हमारी मांग पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। नाराज गांव वालों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी भी की।

# मोहन खेड़ा आते हैं दुनिया भर से भक्त

कमल सिधी

मोहनखेड़ा जैन तीर्थ पहुंचने हेतु राजगढ़ से गुरु भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था रहती है। राजगढ़ में मोहनखेड़ा पेढ़ी के नाम से विश्राम गृह है जहां से मोहनखेड़ा जाने हेतु गुरूभक्तों के लिए वाहन व्यवस्था रहती है। मोहनखेड़ा तीर्थ पर कई राजनीतिक हस्तियां भी दर्शन करने पहुंच चुकी है।

मध्य प्रदेश के धार जिला मुख्यालय से लगभग 45 किलोमिटर दुर इंदौर-अहमदाबाद राजमार्ग पर राजगढ़ के समीप मोहनखेड़ा जैन समाज का एक प्रमुख श्वेताम्बर तीर्थ स्थल है। समय-समय पर मोहनखेड़ा में अनेक चमत्कार हुए है। जैन समाज की अटूट आस्था मोहनखेड़ा तीर्थ से जुड़ी हुई है। जैन समाज के छोटे-बड़े मंदिरों के साथ ही यहां पर जैन समाज के 68 वें गुरूदेवेश श्री राजेन्द्र सूरीश्वर जी महाराज साहब का विशाल समाधी मंदिर बना हुआ है। हर वर्ष गुरु सप्तमी पर यहां मेला लगता है। इस दिन यहां देशभर सहित विदेश से भी गुरू भक्त दर्शन- वंदन करने पहुंचते है। मोहनखेड़ा जैन तीर्थ पर कई बड़ी राजनीतिक हस्तियां एवं फिल्मी अभिनेता भी अपना शीश झुकाने पहुंच चुके है। राजेन्द्र सूरीश्वर जी के सामने जो भी मन्नत रखते हैं वह पूर्ण होती है।



### श्री राजेन्द्र सूरीश्वरजी ने त्यागी थी अपने देह-

बताया जाता है कि मोहनखेड़ा तीर्थ स्थल का नाम पहले खेड़ा हुआ करता था। यहां आसपास जंगल था। राजेन्द्र सूरीश्वरजी ने मोहनखेड़ा में आदिनाथ भगवान के मंदिर का निर्माण करवाया था। जैन समाज के 68 वें गुरूदेवेश श्री राजेन्द्र सूरिश्वरजी म.सा. जावरा से विहार करते हुए राजगढ़ पहुंचे थे। राजगढ़ में 21 दिसंबर 1906 को पोष सुदी सप्तमी के दिन राजेन्द्र सूरीश्वरजी ने अंतीम सांस ली थी। जिसके बाद समाजनों ने मोहनखेड़ा में उनका अंतिम संस्कार कर समाधी मंदिर की स्थापना की। समाजजनों ने तीर्थ का समय-समय पर विकास किया। आज माहेनखेड़ा तीर्थ पर स्वर्ण मंदिर का निर्माण हो चुका है। प्रतिदिन यहां गुरूभक्तों का आवागमन रहता है। तीर्थ पर दादा गुरूदेव राजेन्द्र सूरीश्वरजी, यतिन्द्र सूरीश्वरजी, विद्याचन्द्र सूरीश्वरजी, हैमेन्द्र सूरीश्वरजी की समाधी के साथ-साथ आचार्य रविन्द्र सूरीश्वरजी के समाधी मंदिर का भी निर्माण हो चुका है।

### कई राजनीतिक हस्तीयां एवं फिल्म अभिनेता पहुंच चुके है-

मोहनखेड़ा जैन तीर्थ पहुंचने हेतु राजगढ़ से गुरु भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था रहती है। राजगढ़ में मोहनखेड़ा पेढ़ी के नाम से विश्राम गृह है जहां से मोहनखेड़ा जाने हेतु गुरूभक्तों के लिए वाहन व्यवस्था रहती है। मोहनखेड़ा तीर्थ पर कई राजनीतिक हस्तियां भी दर्शन करने पहुंच चुकी है। पूर्व राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, कांग्रेस नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित कई बड़ी राजनीतिक हस्तियां यहां अपनी मनोकामना लेकर अपना शीश झुका चुके हैं। साथ ही फिल्मी अभिनेता सनी देओल, मशहूर गायक दलेर मेहंदी सहित कई फिल्मी हस्तियां भी मोहनखेड़ा पहुंच चुके है। हर वर्ष बड़े सेलेब्रेटी का यहां आना-जाना लगा रहता है। गुरू सप्तमी को लगता है मेला-

मोहनखेड़ा तीर्थ मानव सेवा एवं जीवदया का अनूठा केन्द्र है। यहां के तीर्थ प्रेरक गच्छाधिपती आचार्य श्री ऋषभचन्द्र सूरिश्वरजी म.सा. की प्ररेणा से श्री राजेन्द्र जैन श्वेताम्बर पेढ़ी ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष जीवदया एवं मानव सेवा हेतु अनेक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। साथ ही आचार्य श्री की प्रेरणा से लगातार तीर्थ का विकास हो रहा है। मोहनखेड़ा तीर्थ पर माह पोष सुदी सप्तमी को विशाल मेले का अयोजन होता है। इस दिन देश-विदेश से लाखों गुरुभक्तों यहां पहुंचते है। लम्बी-लम्बी कतारों में लगकर श्री राजेन्द्र सूरीश्वरजी म.सा. के दर्शन एवं पूजन गुरुभक्तों द्वारा किया जाता है। साथ ही आचार्यश्री के आर्शीवाद लेते है। हवाई यात्रा से आने वाले गुरुभक्तों के लिए तीर्थ पर हेलीपेड बना हुआ है। साथ ही प्रतिदिन गुरूदेव की आरती के लाइव प्रसारण भी होता है। तीर्थ पर श्रद्धालुओं के ठहरने हेतु एयर कंडीशनर धर्मशालाओ का निर्माण किया हुआ है। तीर्थ पर विशेष बात यह है कि यहां आने वाले यात्रियों को निःशुल्क भोजन प्रसादी दी जाती है।

### होते है अनेक चमत्कार, बना जीवदया का केंद्र-

मोहनखेड़ा तीर्थ पर अनेक चमत्कार समय-समय पर हुए है। विगत वर्षो यहां प्रतिमा से अमृत झरना बहा था एवं केसर वर्षा हुई थी। जैन समाज के वरिष्ठ पत्रकार सुनिल बाफना बताते है कि मोहनखेड़ा तीर्थ अपने आप में कई चमत्कारों को समेंटे हुए है। आचार्य श्री ऋषभचन्द्र सूरीश्वरजी की प्रेरणा से यहां विशाल गौशाला का निर्माण भी हुआ है। जहां 1100 पशु की देखरेख होती है। तीर्थ पर एक भव्य नेत्र चिकित्सालय में हजारों लोगो का उपचार नि?शुल्क होता है। यहां पहुंचने वाले गुरूभक्तों को एक अलग की सुकुन महसुस होता है। गुरूभक्तों की मन्नते भी यहां पूरी होती है। तीर्थ पर गौशाला के प्रांगण में लाखों कबूतरों का आश्रय है। गर्मी को ध्यान में रखते हुए कबूतरों के लिए 35 कूलर लगाए गए है।

इस तीर्थ में दुनिया भर के भक्त आते हैं।

# प्रेम में ही खिलता है भक्ति का फूल



ओशो सिद्धार्थ औलिया

**परम** शिखर तक जाने के अनेक मार्ग हैं। उनमें से आठ मुख्य हैं। ये आठों हमारे शरीर के आठ चक्रों से संबंधित हैं। भक्तियोग का संबंध अनाहत या हृदय चक्र से है और प्रेम तथा राग भी इसी चक्र से संबंधित हैं। राग अथवा प्रेम के मार्ग से जो यात्रा हम चैतन्य की करते हैं, अपनी आत्मा तक की जो यात्रा हम हृदय के मार्ग से करते हैं, उसी का नाम है- भक्तियोग। यह प्रेम का, हृदय का, भाव का, श्रद्धा का मार्ग है।

### प्रेम योग कैसे बन सकता है?

सूफी कहते हैं, प्रेम-प्रेम में भी भेद है। लेकिन जिसे लौकिक प्रेम का अनुभव नहीं है, उसे पारलौकिक प्रेम का अनुभव होना कठिन है। संवेदना ही किसी को बुद्ध, नानक या कबीर बनाती है। संवेदनहीनता हमें बुद्धू बना देती है। बुद्धू से बुद्धत्व तक की यात्रा संवेदना की यात्रा है। संवेदना न हो तो हृदय पाषाण हो जाए। अगर आपके पास हृदय है तो आपको प्रेम होगा ही, चाहे जिससे हो। प्रेम भाई से हो कि पत्नी से, प्रेमिका से हो या प्रेमी से, आपका प्रेम किससे है, यह बात गौण है। आपको प्रेम है, यह है मुख्य बात। अगर संसार में ऐसा कोई न हो जिसे आप प्रेम कर सकें, जिसे आप अपना कह सकें तो फिर जीने का उद्देश्य भी क्या है? यह जीवन तभी तक प्यारा है, जब तक आपके जीवन में कोई ऐसा हो जिसे आप अपना कह सकें।

जब आप प्रेम के लिए किसी की ओर हाथ बढाते हैं तो दूसरा भी आपको प्रेम करने लगता है। अगर आपको किसी से प्रेम न हो और आप सोचें कि जगत आपको प्रेम करे, तो यह संभव नहीं। हम जो देते हैं, जगत वही हजार-हजार गुना करके हमें लौटाता है। इसलिए, जिसे प्रेम की आकांक्षा हो, वह पहले देना सीखे। तभी वह घड़ी आएगी जब कोई आपको भी प्रेम करेगा और आप पाएंगे कि कोई है, जिसकी जिंदगी में आप अहम स्थान रखते हैं, जिसके लिए आपका होना जरूरी है। तब पहली बार आपको अपना मूल्य समझ में आता है और आप स्वयं को भी प्रेम करना शुरू कर देते हैं।

इसी प्रेम से भक्तियोग की शुरुआत होती है। इसकी दो दिशाएं हैं- आत्मविस्मरण और आत्मस्मरण। जब आप किसी को इस प्रकार प्रेम करते हैं जो आपको आत्मविस्मरण में ले जाए, तो वह अशुद्ध प्रेम है, क्योंकि वह आपको वासना की ओर ले जा रहा है। वह प्रेम जिसमें आप खुद को भूल जाएं, आपको स्वयं का ही स्मरण न रह जाए, वह शुद्ध प्रेम नहीं हो सकता। शुद्ध प्रेम आपको आत्मस्मरण में ले जाता है। जब आप किसी को याद करते हैं, तो आपकी चेतना उसकी ओर जाती है और तब आप अपने को भूल जाते हैं। लेकिन आप किसी को यदि ऐसे याद करें कि मानो उसके प्रेम की तरंगें आपकी ओर आ रही हैं तो यह हुआ स्वकेंद्रित प्रेम। यही शुद्ध प्रेम है। तब आप अपने को भूल न सकेंगे। तब आप दुखी या चिंतित भी नहीं हो पाएंगे। वासनारहित प्रेम वरदान है।

सामान्यत?, प्रेमी दुखी हो जाते हैं क्योंकि प्रेम करने की कला उनको नहीं आती। असली प्रेम वह है जो आपको स्वकेंद्रित प्रेम में ले जाता है और जब आप ऐसा महसूस करने लगें कि आपके प्रेमपात्र की प्रेम तरंगें आपकी ओर बरसात के झोंके की तरह आ रही हैं तो वही है शुद्ध प्रेम। इसी भावदशा में प्रेमयोग की पूर्णता है। यह प्रेम योग ही भक्तियोग का पहला कदम है। जो प्रेम कर सकते हैं, भक्तियोग उन्हीं के लिए है।

### प्रेम और श्रद्धा में है अंतर

प्रेम और श्रद्धा में थोड़ा भेद है। प्रेम बराबर वालों में होता है, श्रद्धा अपने से बड़ों के प्रति होती है, जैसे-माता-पिता या गुरु के प्रति। प्रेम का ऊर्ध्व रूप है- श्रद्धा। प्रेम का अर्थ है- आप देना चाहते हैं और स्वयं को देने लायक समझते हैं। देने का भाव ही प्रेम है। श्रद्धा में भी आप देना तो चाहते हैं, लेकिन आपके भीतर भाव यह रहता है कि हमारे पास है ही क्या देने को? गुरु के प्रति ऐसा ही भाव होता है शिष्य के भीतर। श्रद्धा का अर्थ है कि आपके भीतर सब कुछ दे देने का मन है, लेकिन आप देने के लिए स्वयं को अपात्र समझते हैं। किंतु, यदि श्रद्धा ऐसी हो, आप अपने गुरु का स्मरण ऐसे करते हों कि स्वयं को ही भूल जाएं और आपकी चेतना में केवल आपके गुरु ही शेष रह जाएं तो यह भी श्रद्धा का अशुद्ध रूप है। अपना ख्याल जिसे बिल्कुल नहीं रह जाता, वह अंधश्रद्धा में होता है। गुरु का स्मरण भी ऐसे होना चाहिए, मानो गुरु का आशीष आप पर बरस रहा है और आप उसकी बारिश में भीग रहे हैं। ऐसी स्वकेंद्रित श्रद्धा ही शुद्ध श्रद्धा है।

### निष्कपट भाव से ईश्वर की खोज

स्वामी विवेकानंद ने 'भक्ति-योग' पुस्तक में लिखा है कि निष्कपट भाव से ईश्वर की खोज ही भक्तियोग है। इस खोज का आरंभ, मध्य और अंत प्रेम में होता है। नारद अपने भक्तिसूत्र में कहते हैं, 'भगवान का परम प्रेम ही भक्ति है। जब मनुष्य इसे प्राप्त कर लेता है, तो सभी उसके प्रेम-पात्र बन जाते हैं। वह किसी से घृणा नहीं करता; वह सदा के लिए संतुष्ट हो जाता है। इस प्रेम से किसी काम्य वस्तु की प्राप्ति नहीं हो सकती, क्योंकि जब तक सांसारिक वासनाएं घर किये रहती हैं, तब तक प्रेम का उदय ही नहीं होता। भक्ति स्वयं ही साध्य और साधनस्वरूप है।' भक्तियोग का एक बड़ा लाभ यह है कि वह हमारे चरम लक्ष्य (ईश्वर) की प्राप्ति का सब से सरल और स्वाभाविक मार्ग है।

(लेखक ओशोधारा के संस्थापक हैं)

# एकलव्य का अंगूठादान



### एकलव्य ने यहां दिया गुरुदक्षिणा में अंगूठा

निषाद-भील समाज के लोगों की आस्था के कारण वर्ष 1721 में गांव खांडसा के लोगों ने यहां एक मढ़ी का निर्माण करवाया। इससे पहले मंदिर के नाम पर यहां सिर्फ एक चबूतरा बना हुआ था। कहा जाता है कि जिस स्थान पर चबूतरा बना था, वहां गुरु द्रोण ने एकलव्य से गुरुदक्षिणा में लिया हुआ अंगूठा दफनाया था।

इसे विकसित कर तीर्थ स्थल का रूप मिलना चाहिये। ग्रामीण कहते हैं कि अनदेखी के कारण ऐतिहासिक धरोहर सिर्फ कथा-कहानियों में सिमटकर रह गई है।

नवीन पांचाल

गुरु द्रोणाचार्य की कर्मस्थली गुरुग्राम के इतिहास में एक ऐसा पन्ना भी जुड़ा हुआ है जिसके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। देश का एकमात्र एकलव्य मंदिर गुरुग्राम में है। वही एकलव्य, जिन्होंने महाभारत काल में गुरु द्रोण की प्रतिमा को प्रतीकात्मक तौर पर अपना गुरु मानकर धनुर्विद्या हासिल की और बाद में गुरुदक्षिणा के रूप में अपने दाहिने हाथ का अंगूठा उन्हें दे दिया।

महाभारत काल में खांडवप्रस्थ के नाम से जिस स्थान को जाना जाता था, वह गुरुग्राम जिले का गांव खांडसा है। चारों तरफ विश्व प्रसिद्ध औद्योगिक इकाईयों से घिरे इस गांव में ही स्थित है एकलव्य मंदिर। यह मध्यप्रदेश, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र व पाकिस्तान के कई हिस्सों में बसे निषाद भील समाज के लोगों की आस्था का केंद्र है। इस समाज से जुड़े लोग देशभर से यहां माथा टेकने आते हैं। घर में किसी नये सदस्य के आगमन पर निषाद-भील समाज के लोग इस मंदिर में धौंक लगाने भी आते हैं। मंदिर में हर साल मेला लगता है और देश-विदेश में बसे निषाद-भील समाज के लोग यहां आकर मनोकामना मांगते हैं।

निषाद-भील समाज के लोगों की आस्था के कारण वर्ष 1721 में गांव खांडसा के लोगों ने यहां एक मढ़ी का निर्माण करवाया। इससे पहले मंदिर के नाम पर यहां सिर्फ एक चबूतरा बना हुआ था। कहा जाता है कि जिस स्थान पर चबूतरा बना था, वहां गुरु द्रोण ने एकलव्य से गुरुदक्षिणा में लिया हुआ अंगूठा दफनाया था। इसी चबूतरे पर निषाद-भील समाज के लोग माथा टेकने आते थे। अब यहां कुछ कमरे बनवा दिए गए हैं, ताकि दूर दराज से आने वाले आस्थावान लोग यहां रात्रि विश्राम कर सकें।

गांव के लोग इस मंदिर को विशाल तीर्थ में रूप में विकसित करवाने की मंशा रखते हैं। मंदिर के पास ही स्थित एक इंडस्ट्री के संचालक व स्थानीय निवासी दीपक मैनी कहते हैं कि यह मंदिर भारतभर में गुरु-शिष्य की अनूठी परंपरा का श्रेष्ठ उदाहरण है।

इसे विकसित कर तीर्थ स्थल का रूप मिलना चाहिये। ग्रामीण कहते हैं कि अनदेखी के कारण ऐतिहासिक धरोहर सिर्फ कथा-कहानियों में सिमटकर रह गई है। ग्रामीण मान सिंह राघव बताते हैं कि एकलव्य मंदिर इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहीं से कुरुक्षेत्र में होने वाले महाभारत के युद्ध की रणनीति तैयार की गई। महाभारतकालीन राजधानी हस्तिनापुर भी इसी खांडवप्रस्थ की नीति से चलती थी।

# जिहि प्रानी हउमै तजी करता रामु पछानि

प्रो. नव संगीत सिंह



गुरु तेग बहादुर जी की वाणी में जिंदगी के अनेक फलसफे हैं। जिंदगी के असल मकसद से दूर लोभ-मोह-अहंकार में फंसे लोगों को गुरु ने समझाया कि परमात्मा के भजन के बिना यह जीवन व्यर्थ बीत गया तो आखिर में पछतावा ही बचेगा। उन्होंने कहा- करणो हुतो सु ना कीओ परिओ लोभ कै फंध।। नानक समिओ रम गइओ अब क्यो रोवत अंध।। यानी जीवन में जो करना था, वो नहीं किया, इसके बजाय लोभ के फंदे में फंसे रहे। अब जब समय निकल गया है तो क्यों रोते हो।

गुरु जी ने अहंकार का त्याग करने और हरि-नाम का सुमिरन करने का उपदेश दिया। जो मनुष्य अहंकार को त्याग देता है, उसे ही वास्तव में 'करता पुरख' का ज्ञान होता है। यह समझाते हुए गुरु जी ने कहा- जिहि प्रानी हउमै तजी करता रामु पछानि।। कहु नानक वहु मुकति नरु इह मन साची मान।।

काम एवं क्रोध में डूबे हुए मनुष्य को अच्छे-बुरे की पहचान नहीं होती। इन बुराइयों के अंधेरे में मनुष्य को वास्तविक प्रभु दिखाई नहीं देता। गुरु साहिब ने अपनी वाणी में इनसे बचने की प्रेरणा देते हुए कहा-

काम क्रोध मोह बसि प्रानी हरि मूरति बिसराई।। काम क्रोध जिह परसै नाहनि तिह घटि ब्रह्म निवासा।।

गुरु तेग बहादुर जी संसार की अस्थिरता का बोध करवाते हुए इस तथ्य पर बल देते हैं कि मोह-ममता का त्याग भी अति आवशयक है-

**लोभ मोह माइया ममता फुनि जिह घट माहि पछिनउ ।। सुखु दुखु जिह परसै नहीं लोभ मोह अभिमानु ।। कहु नानक सुनु रे मना सो मूरति भगवान।।**

आज भी समूचा विश्व काम, क्रोध, लोभ, अहंकार जैसे विकारों में फंसा हुआ है। उसको अपनी ही सुध नहीं है। गुरु जी ने अपनी वाणी में इस बात पर जोर दिया कि मनुष्य को सांसारिक पदार्थों का मोह त्याग देना चाहिए। सांसारिक वस्तुएं अस्थाई एवं क्षणिक हैं। हमें प्रभु के नाम का सहारा लेना चाहिए। वही स्थाई है।

# रात को ठहाके लगाती है बिहार के इस मंदिर की देविया

इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि यहां देवियां रात को बातें करती हैं। आपस में होने वाला इनका ये वार्तालाप कई बार हंसी और ठहाकों में भी बदल जाता है। आज के युग में ये बातें कुछ अजीब लगती हैं, लेकिन ये सच है। मंदिर के नजदीक से रात में जो भी व्यक्ति निकलता है वह उनकी आवाज को आसानी से सुन सकता है।



दुनिया में चमत्कारों और रहस्यों की कहीं भी कमी नही है। माता राजेश्वरी का मंदिर बिहार के बक्सर में स्थित है। यहां परिसर में कुछ और भी देवियां हैं जिनमें बगलामुखी माता, तारा माता, काली, कमला, उग्र तारा, छिन्नमाता, धुमावती, शोडषी सहित दस महाविद्यायाएं निवास करती हैं। इसके अतिरिक्त भगवान गणेश, भैरव, शिव का मंदिर भी बना हुआ है। इस स्थान को लेकर होने वाले चमत्कार लगभग पूरी दुनिया में फेमस हैं। जिसकी वजह से यहां दूर-दूर से भक्त माता के दर्शनों के लिए आते हैं, लेकिन यहां की खूबियों को जानने के बाद भी कभी भी कोई यहां रात में रुकने की हिम्मत नही जुटा पाता, हालांकि मंदिर के संबंध में प्रसिद्ध है कि यहां पूरे मन और सच्ची श्रद्धा से जो भी कामना की जाती है वह जरुर ही पूरी होती है।

### हंसी और जोरदार ठहाकों की भी आवाज

इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि यहां देवियां रात को बातें करती हैं। आपस में होने वाला इनका ये वार्तालाप कई बार हंसी और ठहाकों में भी बदल जाता है। आज के युग में ये बातें कुछ अजीब लगती हैं, लेकिन ये सच है। मंदिर के नजदीक से रात में जो भी व्यक्ति निकलता है वह उनकी आवाज को आसानी से सुन सकता है। कई बार लोगों ने मंदिर से आने वाली हंसी की आवाज भी सुनी है। जिसके संबंध में कहा जाता है कि देवियां यहां आपस में बातें करती हैं।

### अंदर जाकर देखा तो...

हालांकि इस रहस्य को जानने वाले और आवाज सुनने वालों ने मंदिर के अंदर जाकर देखा तो किसी तरह की कोई परछाई तक महसूस नही हुई और जब बाहर आए तो फिर उसी आवाज ने लोगों को चैंकाया, हालांकि इससे कभी किसी को कोई नुकसान नही पहुंचा। ये आवाजें बिलकुल वैसी ही होती है जैसी इंसानों की आवाज आपस में बात करने पर आती है।

### स्थानीय लोगों के लिए आम बात

मंदिर में सैकड़ों भक्त दर्शनों के लिए आते हैं कई बार लोग रात के वक्त आवाज सुनने की भी कोशिश करते हैं जो कि स्पष्ट तौर पर सुनने मिलती हैं। रात्रि में किसी के भी न होने पर यहां अपने आप ही चमत्कार होने लगता है जो कि सभी के लिए आश्चर्य का विषय है हालांकि अब स्थानीय लोगों के लिए ये कुछ नया नही है, यह आम बात हो चुकी है और वे इसे एक अनोखा चमत्कार और उनके नगर पर मां की असीम कृपा मानते हैं। इस मंदिर को लेकर स्थानीय लोगों की बड़ी आस्था है। नवरात्रि में भारी भीड़ होती है।

# ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा पहला दिन, 3 विकेट पर 300 रन के पार

## डब्ल्यूटीसी फाइनल, भारत की बढ़ी मुश्किल



एजेंसी

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां द ओवल मैदान में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में बुधवार को टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला भारत को महंगा पड़ने लगा। पहले दिन का खेल खत्म होने तक आस्ट्रेलिया ने तीन विकेट पर 327 रन ठोक दिया। भारतीय गेंदबाज विकेट के लिए तरस रह हैं। ऑस्ट्रेलिया का तीसरा विकेट 25 ओवर में 80 रन पर ही गिर गया था। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले दिन का खेल पूरी तरह से अपने नाम किया। पहले दिन, हेड-स्मिथ ने चौथे विकेट के लिए 251 रनों की अविजित साझेदारी कर भारत को बैकफुट पर ला दिया। ट्रेविस हेड 146 और स्टीव स्मिथ 95 रन बनाकर खेल रहे थे। भारत की तरफ से पहले दिन मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर ने 1-1 विकेट हासिल किया। पहले सत्र में भारतीय गेंदबाजों ने दिखाया दम और 2 विकेट झटके।

**ट्रेविस हेड का छठा टेस्ट शतक**

64.5 ओवर में ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड ने 106 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। यह ट्रेविस हेड का टेस्ट करियर में छठा शतक है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के इतिहास में ट्रेविस हेड शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गये हैं। ट्रेविस का शतक इस चैंपियनशिप में लगाया गया पहला शतक है।

**भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी**

भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में बुधवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारतीय टीम चार तेज गेंदबाजों और एक स्पिनर के साथ मैदान पर उतरी है। रवींद्र जडेजा टीम में है जबकि रविचंद्रन अश्विन को बाहर रखा गया है। इशान किशन को भी इसमें मौका नहीं मिला है।

### टीम इंडिया

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे, श्रीकर भरत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, उमेश यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज।

### ऑस्ट्रेलिया एकादश

डेविड वॉर्नर, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, कैमरन ग्रीन, एलेक्स केरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिचेल स्टार्क, नेथन लायन, स्कॉट बोलैंड।

### ट्रेन हादसा: काली पट्टी बांधकर उतरी भारतीय टीम

ओडिशा के बालासोर में हुई रेल दुर्घटना के प्रति शोक व्यक्त करते हुए भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में अपनी बांह पर काली पट्टी बांधकर उतरी।




# महासेतु मामले की जांच सीबीआई से भी करायी जाए : सुशील मोदी

**पटना।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा कि जब बालासोर रेल दुर्घटना की जांच रेलवे सुरक्षा आयुक्त के अलावा सीबीआई से भी करायी जा सकती है, तो बिहार में निमार्णाधीन महासेतु के बार-बार ढहने की जांच भी तकनीकी कमेटी की जांच के साथ-साथ सीबीआई से भी करायी जा सकती है। सुशील मोदी ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि महासेतु की डिजाइन में गलती थी या नहीं, इसकी जांच तो तकनीकी विशेषज्ञ ही करेंगे लेकिन ऐसे कई सवाल हैं, जिनकी जांच वे नहीं कर सकते। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि निर्माण कार्य में इतनी देर क्यों हुई, जिससे इसका बजट 600 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1710 करोड़ रुपये करना पड़ा। किनको लाभ पहुंचाने के लिए निर्माण में लापरवाही बरती गई।

भाजपा सांसद ने कहा कि महासेतु निर्माण में अनियमितता, प्रशासनिक लापरवाही, भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी को राजनीतिक संरक्षण देने जैसे मामले की जांच सीबीआई ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि जब पुल का शिलान्यास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया और वे ही इसके निर्माण की निगरानी कर रहे थे, तब कहां गलती हुई, इसकी जांच तकनीकी कमेटी कैसे कर सकती है।

मोदी ने कहा कि जिस एजेंसी की गलती से महासेतु के पाये बार-बार ढहते रहे, उसी एजेंसी से नया पुल बनाने की बात सरकार कैसे कह सकती है। उन्होंने कहा कि क्या निर्माण एजेंसी से इस बात का करार हुआ है कि पुल गिरने या निर्माण में गड़बड़ी पाये जाने पर नया पुल भी उसे ही बनाना पड़ेगा। यदि ऐसा कोई समझौता नहीं हुआ तो पहले वाली एजेंसी से नया महासेतु कैसे बनवाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अब अगर नया पुल बनेगा तो फिर नौ साल लगेंगे और इसका बजट भी 3000 करोड़ रुपये तक बढ़ सकता है। उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।

## मुद्दाहीन भाजपा कर रही है अनाप शनाप बयानबाजी : श्रवण

**पटना।** बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने विपक्षी एकता को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बयानों को अनाप-शनाप बताया और कहा कि वह मुद्दहीन हो गई है और उसे विपक्षी एकता की चिंता करने की जरूरत नहीं है। कुमार ने बुधवार को यहां जदयू कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा की विपक्षी एकता की चिंता भाजपा को करने की जरूरत नहीं है। इनके बयानवीर नेताओं के पास कोई मुद्दा नहीं है इसीलिए ये लोग अनाप शनाप बयानबाजी करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों को एक मंच पर लाने की मुहिम उसी गति से आगे बढ़ रही है और जल्द ही बैठक की नई तिथि की घोषणा भी होगी। मंत्री ने बिहार भाजपा के अध्यक्ष एवं विधान परिषद में प्रतिपक्ष के नेता सम्राट चौधरी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें इतनी महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सौंपी है लेकिन वह सही दिशा में काम करने के बजाए प्रतिदिन फालतू का बयानबाजी कर रहे हैं। उन्हें अपने पद की गरिमा का ख्याल रखते हुए कोई भी बयान देने से पहले शब्दों का सही चयन करना चाहिए। इस मौके पर मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि जहरीली शराब पीने से मरने वाले लोगों के आश्रितों को मुआवजा देने की प्रक्रिया सकरात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है। मुआवजे की घोषणा के बाद जिन लोगों मृत्यु हुई है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मौजूद है उन्हें आसानी से मुआवजा राशि मिल जाएगी । लेकिन, इससे पहले जिनकी दुखद मौत हुई थी और उनका पोस्टमॉर्टम भी नहीं हुआ है उन्हें जांच प्रक्रिया के बाद ही मुआवजा राशि सरकार द्वारा दी जाएगी। इसकी प्रक्रिया भी चल रही है।

# 66वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में कांस्य




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** 06 से 12 जून -2023 दिल्ली में आयोजित स्कूली कुश्ती प्रतियोगिता मे पहलवान अंजीत कुमार मुंडा ने 63 भार वर्ग में झारखंड को कांस्य पदक दिलाया। झारखंड के पहलवान अंजीत कुमार मुंडा के कांस्य पदक जीतने पर शिक्षा सचिव झारखण्ड एवं हम सभी के अभिभावक, के रवि कुमार, भोला नाथ सिंह, झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष जिशन कमर सर महासचिव-रजनीश कुमार कोषाध्यक्ष-बबलू कुमार,राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग,विजय शंकर सिंह,सीनियर प्लेयर सह राष्ट्रीय प्रशिक्षक राजीव रंजन,मधु तिर्की ने एवं खेल विभाग झारखंड के पदाधिकारियों ने भी शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी झारखं राज्य कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार ने दी।

# फ्रेंच ओपन : सेमीफाइनल में भिड़ेंगे अल्काराज, जोकोविच

एजेंसी

**पेरिस।** स्पेन के युवा सनसनी कार्लोस अल्काराज ने सर्बियाई दिग्गज नोवाक जोकोविच के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले फ्रेंच ओपन 2023 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अल्काराज ने मंगलवार को खेले गये क्वार्टरफाइनल में यूनान के स्टेफानोस सितसिपास को 6-2, 6-1, 7-6(5) से हराकर सेमीफाइनल में कदम रखा। अल्काराज ने मैच के बाद कहा, 'मैं हर समय अपने ऊपर विश्वास रखता हूं। मैं कहूंगा कि यह सबसे महत्वपूर्ण बात है, न केवल मेरे लिए बल्कि हर किसी के लिये।' उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा सोचता हूं कि मैं इस स्तर पर इस तरह के मैच खेलूंगा। मैं कहूंगा कि खुद पर भरोसा करना ही इसकी कुंजी है।' अगर अलकराज अपने दूसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने के लिये जोकोविच को हरा देता है, तो वह टूनामेंट के बाद एटीपी रैंकिंग में नंबर एक पर बरकरार रहेंगे। दूसरी ओर, जोकोविच भी अपना तीसरा रोलां गैरो खिताब जीतकर रैंकिंग में शीर्ष पर लौट सकते हैं।

जोकोविच और सितसिपास इससे पहले मैड्रिड ओपन 2022 में भी आमने-सामने आये थे, जहां स्पेन के 20 वर्षीय खिलाड़ी ने बाजी मारी थी। अल्काराज ने सेमीफाइनल से पहले कहा कि वह जोकोविच का मुकाबला करने का इंतजार कर रहे थे। अल्काराज ने कहा, 'यह मैच ऐसा है जिसे हर कोई देखना चाहता है। मैं कहूंगा कि यह खेलने और देखने के लिये अच्छा मैच होगा। मैं भी यह मैच खेलना चाहता था।'

उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा कहता हूं कि यदि आप सर्वश्रेष्ठ बनना चाहते हैं तो आपको सर्वश्रेष्ठ को हराना होगा। नोवाक जोकोविच अभी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। मेरे लिये यह कड़ी चुनौती है लेकिन मैं उस मैच का इंतजार कर रहा हूं।



## सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली ब्राजीलियन महिला बनीं हद्दाद मैया



**पेरिस।** बीट्रिज हद्दाद मैया बुधवार को क्वार्टरफाइनल में ट्यूनीशिया की ओन्स जब्योर को हराकर फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश करने वाली पहली ब्राजीलियन महिला बन गईं। कोर्ट फिलिप चैट्रियर पर खेले गये मुकाबले में हद्दाद मैया ने जब्योर को दो घंटे 29 मिनट में 3-6, 7-6(5), 6-1 से मात दी। हद्दाद मैया किसी ग्रैंड स्लैम आयोजन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी ब्राजीलियन महिला भी हैं।

# सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगा भारत

खबर मन्त्र संवाददाता

**काकामिगाहारा।** प्रतियोगिता में अब तक अजेय रहा भारत गुरुवार को यहां चीनी ताइपे के खिलाफ महिला जूनियर एशिया कप हॉकी टूनामेंट के अपने अंतिम पूल मैच में सेमीफाइनल में जगह बनाने के इरादे से उतरेगा। भारत ने पहले मैच में उज्बेकिस्तान को 22-0 से रौंदने के बाद मलेशिया को कड़े मुकाबले में 2-1 से हराया। अपने पिछले पूल मैच में भारत ने दो गोल से पिछड़ने के बाद कोरिया को 2-2 से बराबरी पर रोका। भारत टीम पूल ए में दो जीत और एक ड्रॉ से सात अंक के साथ शीर्ष पर चल रही है और सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए चीनी ताइपे के खिलाफ ड्रॉ भी उसके लिए पर्याप्त होगा। मुमताज खान और दीपिका ने भारत के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए काफी गोल किए हैं जबकि दीपिका सोरेंग ने भी प्रभावित किया है। दीपिका ने अब तक टूनामेंट के प्रत्येक मैच में गोल दागा है लेकिन टूनामेंट जब अपने अंतिम चरण की ओर से बढ़ रहा है तब भारत किसी तरह की ढिलाई नहीं बरत सकता।

भारतीय कप्तान प्रीति ने कहा, ह्यटूनामेंट अब तक हमारे लिए अच्छा रहा है क्योंकि हमने कोई मैच नहीं गंवाया है। मलेशिया और कोरिया के खिलाफ मुकाबले करीबी रहे लेकिन इसने हमें अपनी क्षमता साबित करने का मौका दिया क्योंकि दोनों ही मैच में हमने पिछड़ने के बाद वापसी की।' हाल के फॉर्म को देखते हुए भारत को चीनी ताइपे को हराने में अधिक मशक्कत नहीं करनी चाहिए। चीनी ताइपे ने अब तक तीन में से सिर्फ एक मैच जीता है और वह पूल ए में पांच टीम के बीच तीन अंक के साथ चौथे स्थान पर चल रहा है।



महिला जूनियर एशिया कप

# प्रीति ने जीता ट्रिपल जंप में कांस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मध्य प्रदेश के भोपाल में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के तत्वावधान में चल रहे 66वां नेशनल स्कूल गेम्स में एथलेटिक्स के ट्रिपल जंप स्पर्धा में झारखंड की प्रीति लकड़ा ने कांस्य पदक जीता है। प्रीति ने 11.59 मीटर जंप लगाकर यह सफलता हासिल की। प्रीति ने आवासीय बालिका एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र हजारीबाग से प्रशिक्षण लेती हैं, जिसका संचालन खेल विभाग द्वारा किया जाता है। उसने जूनियर राष्ट्रीय फेडरेशन कप 2023 में रजत पदक जीता था। प्रीति और उनके कोच प्रभात रंजन तिवारी को खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा और खेल विभाग के अधिकारियों और खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।




## संन्यास के 2 साल बाद मोईन का यूटर्न



**नई दिल्ली।** एशेज सीरीज 2023 के लिए इंग्लैंड ने अपने स्क्वाड में बड़ा बदलाव किया है। टीम के सीनियर ऑलराउंडर मोईन अली की टेस्ट में वापसी हुई है। मोइन अली ने अपने रिटायरमेंट वापस ले लिया है। बता दें कि मोईन अली ने 2021 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। लेकिन अब उन्हें कप्तान बेन स्टोक्स, कोच ब्रेंडन मैकुलम और टीम के मैनेजिंग डायरेक्टर रॉब की के साथ बातचीत करके वापस लाया गया है।
मोईन अली को एशेज के शुरूआती 2 टेस्ट मैचों के लिए इंग्लैंड के स्क्वाड में शामिल किया गया है। उन्हें जैक लीच के बाहर होने के बाद टीम में जगह दी गई है।

# भारतीय शतरंज महासंघ ने कैनेडियन एक्सपोजर टूर किया रद्द

एजेंसी

**चेन्नई।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने खिलाड़ियों की पुष्टि नहीं होने के कारण भारतीय टीम का कनाडाई एक्सपोजर दौरा रद्द कर दिया है। घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने आईएएनएस को बताया, रद्द करने का सरकार से कोई लेना-देना नहीं है। 12 में से सात भारतीय शतरंज खिलाड़ियों ने दौरे का हिस्सा बनने में असमर्थता जताई और इसलिए कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया। व्यक्ति ने कहा, कुछ खिलाड़ियों ने भागीदारी की पुष्टि की थी। उन्होंने इस विचार का खंडन किया कि केंद्र सरकार ने दौरे के कार्यक्रम को निधि देने से मना कर दिया क्योंकि एआईसीएफ धन से भरपूर है।



यह पूछे जाने पर कि अगले रैंक के खिलाड़ियों को मौका क्यों नहीं दिया जाता है, व्यक्ति ने कहा कि सरकार प्रत्येक श्रेणी के केवल शीर्ष छह खिलाड़ियों के लिए दौरे के खर्च - वीजा / उड़ान / बोर्डिंग और ठहरने का खर्च वहन करती है और नियम कम ऑनबोर्डिंग की अनुमति नहीं देते हैं। रैंक के खिलाड़ी के लिए भले ही यह एक एक्सपोजर टूर है। एआईसीएफ विभिन्न श्रेणियों - ओपन, महिला और आयु वर्ग के खिलाड़ियों के अंतर्गत आने वाले शीर्ष शतरंज खिलाड़ियों के लिए एक्सपोजर टूर आयोजित करता है।

एक्सपोजर दौरों के दौरान, भारतीय खिलाड़ी अनुभव के साथ-साथ फिडे रेटिंग अंक हासिल करने के लिए कुछ शतरंज टूनामेंट में भाग लेते हैं। हालांकि, एआईसीएफ के अधिकारी इस बात का जवाब देने के लिए उपलब्ध नहीं थे कि पैसे से लबरेज फेडरेशन अपने दम पर खिलाड़ियों को कनाडा क्यों नहीं भेज सकता। एक वरिष्ठ शतरंज खिलाड़ी ने नाम न छापने की शर्त पर आईएएनएस को बताया, एआईसीएफ बाद की तारीख में एक पूर्ण दल लेने के लिए सरकारी धन का उपयोग कर सकता था। फेडरेशन अपने पैसे का उपयोग उन खिलाड़ियों को लेने में कर सकता था जिन्होंने कनाडाई दौरे के लिए अपनी सहमति दी थी और कनाडाई ओपन शतरंज चैंपियनशिप में भाग लिया था।

## पेज एक का शेष

### प्रचंड गर्मी में...

हिट वेव के कारण अप्रैल में बदला गया था समय
आश्चर्य की बात है कि पूरा राज्य प्रचंड गर्मी से बेहाल है लेकिन स्कूली शिक्षा विभाग सो रहा है। इसी साल अप्रैल माह में अचानक गर्मी बढ़ी थी। संथाल के गोड्डा में पारा 45 डिग्री के पार चला गया था। उस दौरान पूरे संथाल में पारा 40 डिग्री से ऊपर था, फिर भी रांची का अधिकतम तापमान 39 के आसपास था। जब बात उठी तो स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार ने आदेश जारी कर राज्य के सभी स्कूलों का समय बदल दिया था। खास बात है कि राज्य के ज्यादातर निजी स्कूलों में 12 जून तक गर्मी का अवकाश है।

### हादसे के बाद फिर...

ट्रेनों में यात्रा करने वाले लोग भगवान की मूर्तियां भी साथ लेकर चल रहे हैं। इस रेल हादसे में 275 से ज्यादा लोगों की जान गयी थी। यह हादसा कई घरों को कभी ना मिटने वाले गहरे जख्म दे गया है।

**कोरमंडल ट्रेन को सर्वाधिक क्षति हुई थी :** कोरोमंडल एक्सप्रेस पश्चिम बंगाल में कोलकाता के हावड़ा स्टेशन और तमिलनाडु के चेन्नई के बीच चलती है। हादसे में 15 बोगियां पटरी से उतरी थीं। 7 बोगियां पूरी तरह पलट गयी थीं। पूरे मामले की सीबीआइ जांच शुरू है। रेलवे बोर्ड ने ने ड्राइवरों के हवाले से बताया था कि सिग्नल में गड़बड़ी के कारण यह हादसा हुआ। कोरोमंडल एक्सप्रेस के ड्राइवर ने बताया था कि उसने ग्रीन सिग्नल देखकर ही आगे का रास्ता तय किया था। वहीं, यशवंतपुर एक्सप्रेस के ड्राइवर ने हादसे से पहले अजीब-सी आवाज सुनने का दावा किया था। इस भयानक हादसे में कोरोमंडल ट्रेन को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ था।

**पहली बार निकली वंदे भारत एक्सप्रेस :** 2 जून को हुए हादसे के बाद बहनागा रेलवे स्टेशन से 5 जून को पहली बार फुल स्पीड में ट्रेन निकली थी। सुबह साढ़े 9 बजे हावड़ा-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस पहली ट्रेन थी, जो ट्रैक के रिस्टोरेशन के बाद पहली बार फुल स्पीड में निकली है। इस दौरान रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहे थे और उन्होंने लोको पायलट को हाथ हिलाकर अभिवादन भी किया।

### पलामू में दो ...

इसी मामले की जांच बिहार एनआइए की टीम कर रही है। बिहार एनआइए की करीब 12 सदस्यीय टीम ने बुधवार को पलामू पहुंच अभिजीत यादव और प्रसाद यादव के घर में छापेमारी की है। अभिजीत यादव पर झारखंड सरकार ने 10 लाख रुपए का इनाम नाम रखा है, जबकि प्रसाद यादव पर पांच लाख रुपए का इनाम है। चार महीने पहले बिहार के गया से एसटीएफ ने अभिजीत यादव को गिरफ्तार किया था। वहीं पांच महीने पहले पलामू पुलिस ने प्रसाद यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा था। अभिजीत यादव के खिलाफ यूएपीए की धाराओं में इडी ने भी पहले कार्रवाई की है और उसके करोड़ों की संपत्ति को जब्त किया है।

**70 से भी ज्यादा नक्सल हमलों का आरोप :** बिहार एनआइए की छापेमारी में पलामू के छतरपुर थाना की पुलिस भी सहयोग किया। अभिजीत यादव और प्रसाद यादव पर झारखंड, बिहार में 70 से भी अधिक नक्सल हमलों को अंजाम देने का आरोप है। इन दोनों के हमलों में 30 से भी अधिक जवान शहीद हुए हैं। 2016 में बिहार के औरंगाबाद और गया सीमा पर हुए नक्सल हमले में कोबरा के 10 जवान शहीद हुए थे। इस हमले में भी अभिजीत यादव और प्रसाद यादव शामिल थे। वहीं 2016-17 में पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र के कालापहाड़ में लैंडमाइंस विस्फोट में पुलिस के सात जवान शहीद हुए थे, इस घटना में भी ये दोनों शामिल थे। अभिजीत यादव माओवादियों का जोनल कमांडर था, गिरफ्तारी से पहले माओवादियों ने उसे स्टेट एरिया कमेटी का सदस्य बनाया था। जबकि प्रसाद यादव माओवादियों का सब जोनल कमांडर था।

स्पीड न्यूज

## बुर्किना फासो में जिहादी हमला, 21 लोगों की मौत

**औगाडौगू।** पश्चिम अफ्रीकी देश बुर्किना फासो में जिहादी हमलों का दौर लगातार तेज हो रहा है। हिंसक इस्लामी विद्रोहियों ने दो हमलों में 18 सैनिकों सहित 21 लोगों को मार डाला। बुर्किना फासो उन कई पश्चिम अफ्रीकी देशों में से एक है, जो हिंसक इस्लामी विद्रोह से जूझ रहा है। बुधवार को जानकारी दी गयी कि मध्य पूर्वी बुर्किना के सवेंगा में जिहादी आतंकियों ने एक सैन्य टुकड़ी पर हमला कर दिया। इसमें 18 सैनिकों की मौत हो गयी। इसी तरह देश की दक्षिण पश्चिमी सीमा पर स्थित येंद्रे में हुए जिहादी हमले में तीन लोगों की मौत हुई। इनमें एक पुलिसकर्मी व दो आम नागरिक शामिल हैं।

## बांग्लादेश में ट्रक और बस की टक्कर, 15 मरे

**ढाका।** बांग्लादेश में बुधवार को एक ट्रक ने पिकअप वैन को टक्कर मार दी। दुर्घटना में कम से कम 15 मजदूरों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सुबह करीब साढ़े पांच बजे बालू से भरे ट्रक ने 25-30 मजदूरों को लेकर सिलहट केमें दक्षिण सुरमा उपजिला के कुतुबपुर जा रही पिकअप वैन को टक्कर मार दी।बचाव कार्य का नेतृत्व कर रहे उस्मानीनगर दमकल सेवा और सिविल डिफेंस के फखरूल इस्लाम के अनुसार, ट्रक चालक को नींद आने के कारण यह दुर्घटना हुई।

## असम में कोयले से लदी ट्रेन के 20 डिब्बे बेपटरी कोई हताहत नहीं

**गुवाहाटी।** असम के कामरूप जिले में बुधवार को एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई लेकिन इस दुर्घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह घटना बोको के पास उस समय हुई जब कोयले से लदी ट्रेन के 20 डिब्बे बोको के पास सिंगरा में पटरी से उतर गए। उन्होंने कहा कि मालगाड़ी के पटरी से उतरने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और रेलवे तथा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर डेरा डाले हुए हैं। रेलवे के अधिकारी ने कहा कि रंगिया-लुमडिंग खंड पर चार यात्री ट्रेनें रद्द कर दी गईं, किंतु एक्सप्रेस ट्रेनें प्रभावित नहीं हुईं।
अधिकारी ने कहा कि मरम्मत का काम शुरू हो गया है और ट्रेनों का परिचालन जल्द शुरू होने की उम्मीद है।

## नाथूराम गोडसे भी देशभक्त थे : रावत

**बलिया ।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बुधवार को महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को देश भक्त करार दिया और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का माखौल उड़ाते हुए कहा कि वह केवल गांधी उपनाम साझा करते हैं। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रावत ने बुधवार को बातचीत में कहा कि गांधी जी को मारा वो एक अलग मुद्दा है। जहां तक मैंने गोडसे को जाना और पढ़ा है, वह भी एक देशभक्त थे। गांधी जी की जो हत्या हुई , उससे हम सहमत नहीं हैं।

## मुख्तार के करीबी जीवा की हत्या

**लखनऊ।** लखनऊ के एसएसटी कोर्ट में सुनवाई के लिए आए अपराधी संजीव माहेश्वरी जीवा पर वकील के वेश में एक बदमाश ने फायरिंग कर दी। घटना बुधवार दोपहर की है। खूंखार शूटर जीवा गंभीर रूप से घायल हो गया और फिर उसने थोड़ी देर बाद दम तोड़ दिया। आरोपी लोगों ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। संजीव माहेश्वरी जीवा भाजपा विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड में सह-आरोपी था, जिसमें मुख्तार अंसारी भी आरोपी है। उसने एक कंपाउंडर के रूप में करियर की शुरूआत की और फिर अंडरवर्ल्ड का सदस्य बन गया। वह मुन्ना बजरंगी का करीबी सहयोगी था, जिसकी 2018 में बागपत जेल में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# हर मोर्चे पर जीत रहा है भारत, दुनिया को सीखना चाहिए

## पाकिस्तानी अमेरिकी कारोबारी ने कहा- पाकिस्तान में राजनीतिक व आर्थिक स्थिति भयावह

एजेंसी

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के एक जाने-माने अमेरिकी कारोबारी ने कहा है कि भारत हर मोर्चे पर जीत हासिल कर रहा है और दुनिया को उससे सीख लेने की जरूरत है। इस कारोबारी ने यह भी कहा कि पाकिस्तान में राजनीतिक और आर्थिक स्थिति दुखद एवं भयावह है। डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के नेता साजिद तरार ने कहा कि इस महीने के अंत में होने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा एक ऐतिहासिक यात्रा होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडेन और प्रथम महिला जिल बाइडन के आमंत्रण पर मोदी 21-24 जून तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे।

### नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा ऐतिहासिक होगी : तरार

उन्होंने मंगलवार को कहा कि यह मोदी की अमेरिका की ऐतिहासिक यात्रा होगी। और भारत की विदेश नीति की कल्पना कीजिए कि वे (अमेरिका) उसे नाटो प्लस सदस्यता की पेशकश कर रहे हैं। भारत की इसमें कोई दिलचस्पी नहीं है क्योंकि वह रूस के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है। उल्लेखनीय है कि मोदी अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे।

पाकिस्तान से संबंधित एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि देश बहुत कठिन समय से गुजर रहा है। तरार ने कहा कि न केवल आपकी राजनीतिक स्थिरता, बल्कि एक ही समय में वित्तीय संकट.... और इसमें शामिल किसी भी दल के पास आर्थिक सुधार या किसी राजनीतिक सुधार के लिए कोई रोडमैप नहीं है। पाकिस्तान में अभी यह बहुत दुखद और गंभीर स्थिति है। यह उल्लेख करते हुए कि इस स्थिति के लिए हर पाकिस्तानी जिम्मेदार है, उन्होंने कहा कि आप एक व्यक्ति या एक पार्टी को दोष नहीं दे सकते। यह पूरा देश है। क्योंकि अभी पाकिस्तान का नंबर एक मुद्दा भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि कोई जवाबदेही नहीं है। हर संस्था और न्यायपालिका काम नहीं कर रही है। विधान एक मजाक है, कोई विपक्षी दल नहीं है। सभी राजनीतिक दल, वे पाकिस्तान में हाईब्रिड प्रणाली का हिस्सा हैं। मैं सभी को दोष देता हूं। अभी, यदि आप मुझसे व्यक्तिगत रूप से पूछते हैं, तो वहां ऐसी कोई एक संस्था नहीं है जिसके पास पाकिस्तान के लिए समाधान हो। यह बहुत दुखद स्थिति है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान के लोगों को समाधान खोजने के लिए पाकिस्तानी बनना होगा। तरार ने आरोप लगाया कि अभी, शासन, जो पाकिस्तान चला रहे हैं। उनके पास पाकिस्तानी पासपोर्ट है, लेकिन अपने दिल और दिमाग से, वे पश्चिम में रहते हैं; उनके बच्चे यहां हैं, उनकी संपत्तियां यहां हैं, उनके बैंक खाते यहां हैं। वे अंशकालिक आधार पर पाकिस्तान जाते हैं और वहां की नीतियां बनाते हैं। फिर वे वापस आ जाते हैं।



### भारत को नाटो प्लस सदस्यता में शामिल करें

तरार प्रतिनिधि सभा की चीन मामलों से संबंधित प्रवर समिति द्वारा पारित हालिया प्रस्ताव का जिक्र कर रहे थे, जिसमें सिफारिश की गई है कि भारत को नाटो प्लस सदस्यता में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत पास पहले से ही ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) ब्लॉक है, उनके पास पहले से ही जी-20 है, उनके पास पहले से ही शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) है। तरार ने कहा कि भारत अपने नेतृत्व या दुनिया में भविष्य की अपनी भूमिका को कमतर नहीं आंकना चाहता। उन्होंने कहा कि भारत हर मोर्चे पर जीत रहा है और दुनिया को उससे सीख लेने की जरूरत है। सच कहूं, तो मैं मोदी की एक और शानदार, अमेरिका की शानदार यात्रा का इंतजार कर रहा हूं। कारोबारी ने कहा कि अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करना किसी भी विश्व नेता के लिए बड़ा सम्मान होता है। उन्होंने कहा कि यह उल्लेखनीय होगा।

## सिंधिया ने अपने मंत्रालय की नौ वर्ष की उपलब्धियों की दी जानकारी, कहा

# किरायों को नियंत्रण में रखें प्राइवेट एयरलाइनें

**अगले पांच साल में 200 से अधिक हवाई अड्डे होंगे, 1400 अतिरिक्त विमानों का ऑर्डर**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को पुनः निजी एयरलाइनों को आगाह किया कि यात्री किरायों को लेकर उनके भी सामाजिक दायित्व हैं और किसी भी सेक्टर पर किरायों को बढ़ाने की एक सीमा होनी चाहिए।

नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने मंत्रालय की नौ वर्ष की उपलब्धियों के विवरण साझा करने के लिए आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि देश में विमानन क्षेत्र नियंत्रण मुक्त या विनियमित है। इसमें एयरलाइनों को किराया तय करने के अधिकार दिये गये हैं जो बाजार नियंत्रित हैं। देश में विमानन बाजार सीजन आधारित है। उसके हिसाब भी दरें तय की जाती हैं। यदि क्षमता कम और मांग ज्यादा होगी और इनपुट लागत कम नहीं होगी तो किराया दर ऊंची होगी। किराया तय करने की एक अल्गोरिद्म होती है। सिंधिया ने कहा कि भारत में अगले पांच साल में 200 से अधिक हवाई अड्डे, हेलीपोर्ट और जलीय विमानपत्तन होंगे तथा भारतीय विमानन कंपनियां इस अवधि में 1,400 से अधिक अतिरिक्त विमानों का ऑर्डर देंगी। सिंधिया ने कहा कि विमानन क्षेत्र में अगले पांच साल में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश आएगा। उन्होंने कहा, ह्यह्य2030 तक सालाना घरेलू यात्रियों की संख्या 45 करोड़ हो जाएगी जिसमें मौजूदा आंकड़े से 300 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। छह महानगरों में हवाई अड्डों की वार्षिक संयुक्त क्षमता इस समय 22 करोड़ यात्रियों की है। श्री सिंधिया ने कहा कि सोमवार को विमानन कंपनियों की एक बैठक बुलायी गयी थी और उनसे कहा गया था कि किराया दर को उचित स्तर पर रखा जाना चाहिए। मणिपुर में और फिर अभी ओडिशा में कुछ अप्रत्याशित घटनाएं हुईं हैं, उनमें किराया दरों का ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इनके अलावा दिल्ली से श्रीनगर, लेह, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद, बेंगलुरु जैसे शहरों के लिए किराया दर अधिकतम रहता है। उन्होंने कहा कि बैठक के बाद असर हुआ है और इन सेक्टरों में किराये 14 प्रतिशत से 61 प्रतिशत तक कम हुए हैं। यह ठीक है कि नागर विमानन क्षेत्र विनियमित है लेकिन कुछ सेक्टरों पर अधिकतम किराये की सीमा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एयरलाइनों को यह संदेश साफ साफ दे दिया गया है और उन्हें कहा गया है कि एयरलाइनों को इस बारे में स्वयं ही सक्रियता से ध्यान देना होगा और उन्हें समझना होगा कि यह उनका सामाजिक दायित्व है।

दिल्ली हवाईअड्डे पर आगमन गेट के समीप निजी गाड़ियों एवं टैक्सियों के आवागमन पर रोक के कारण यात्रियों विशेष रूप से बुजुर्गों एवं रोगियों को होने वाली दिक्कत की ओर ध्यान दिलाये जाने पर नागर विमानन मंत्री ने कहा कि वह आज ही इस विषय को देखेंगे और इसका यात्रियों के हक में समाधान करायेंगे।



### नौ वर्षों में हवाईअड्डों की संख्या 148 हुई

विमानन उद्योग में भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा बाजार बन गया है। उन्होंने कहा कि नौ वर्षों में हवाईअड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 148 हो गयी है। पूर्वोत्तर में नौ हवाईअड्डों की तुलना में अब 17 हवाईअड्डे चालू हो चुके हैं। ग्रीन फील्ड हवाईअड्डों की संख्या तीन से बढ़कर 14 हो चुकी है।

## इमरान और पत्नी बुशरा पर एक और मामला दर्ज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सरकार ने तोशाखाना तोहफों को लेकर फर्जी और जाली रसीद तैयार करने तथा जमा करने के आरोप में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान, उनकी पत्नी बुशरा बीबी और करीबी सहयोगियों के खिलाफ धोखाधड़ी व जालसाजी का मामला दर्ज किया है। जियो न्यूज ने बुधवार को कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख खान, बुशरा बीबी, पूर्व जवाबदेही मंत्री शहजाद अकबर, जुल्फी बुखारी, फराह गोगी (बुशरा बीबी की सहयोगी) तथा अन्य के खिलाफ अवैध लाभ हासिल करने तथा धोखाधड़ी के लिए एक-दूसरे की मदद करने, मिलीभगत और साजिश रचने समेत अन्य आरोपों में मामला दर्ज किया गया है। तोशाखाना कैबिनेट प्रभाग के प्रशासनिक नियंत्रण वाला विभाग है जहां अन्य देशों की सरकार व राष्ट्र प्रमुखों द्वारा पाकिस्तानी शासकों, सांसदों, नौकरशाहों और अधिकारियों को दिए गए उपहारों को रखा जाता है। आरोपियों ने घड़ी व कफलिंक जैसे तोशाखाना तोहफों के संबंध में न सिर्फ फर्जी और जाली रसीद तैयार कीं, बल्कि उन्हें असली बताकर प्रस्तुत किया जिसे लेकर स्वतंत्र सत्यापन किया गया और इससे साबित हुआ है कि ये रसीद फर्जी और जाली हैं। पीटीआई प्रमुख और उनके सहयोगियों ने सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री को उपहार में दी गई दुर्लभ ग्रेफ कलाई घड़ी समेत अन्य तोहफों की फर्जी रसीद जमा कीं।

# बंगाल में 20 ठिकानों पर सीबीआइ की रेड

- नगर निकायों में भर्ती में अनियमितता का मामला
- हाइकोर्ट ने 21 अप्रैल को जांच का दिया था आदेश

एजेंसी

**नयी दिल्ली/कोलकाता।** सीबीआई ने पश्चिम बंगाल में नगर निकायों में भर्ती में कथित अनियमितताओं से जुड़े मामले में बुधवार को राज्य में 20 ठिकानों पर छापे मारे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साउथ दम, हलिसहर और बड़ा नगर सहित 14 नगरपालिकाओं के दफ्तरों के साथ-साथ प्राथमिकी में नामजद आरोपी अयान सील के तीन ठिकानों और तीन अन्य स्थानों पर तलाशी ली गई। सीबीआई टीम ने सॉल्ट लेक इलाके में राज्य शहरी विकास विभाग के दफ्तर पर भी छापा मारा। उन्होंने बताया कि इन नगर निकायों में कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए रिश्वत लिए जाने के आरोप लगे थे, जिसकी जांच के सिलसिले में यह छापेमारी की। सीबीआई ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर पश्चिम बंगाल की कई नगरपालिकाओं में विभिन्न पदों पर भर्ती में कथित घोटाले के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है।

अधिकारियों ने बताया कि अभ्यर्थियों के अंकों के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में सील और उनकी कंपनी एबीएस इंफोजोन प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जो ओएमआर शीट की छपाई और मूल्यांकन में शामिल थी। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने सीबीआई को 21 अप्रैल को नगर निकायों में कथित भर्ती घोटाले की जांच करने का आदेश दिया था। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने बंगाल के डीजीपी और मुख्य सचिव को सीबीआई और ईडी द्वारा अनुरोध किए जाने पर नगरपालिका भर्ती में कथित घोटाले की जांच में केंद्रीय एजेंसियों की सहायता करने का निर्देश दिया था।

बंगाल के के शहरी विकास एवं नगर निकाय मामलों के मंत्री फिरहाद हाकिम ने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई भाजपा द्वारा रची गई साजिश का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इस बात को मानने के कारण हैं कि यह भाजपा द्वारा बदले की कार्रवाई है, जो अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करती आई है। हम निष्पक्ष जांच के खिलाफ नहीं हैं। वहीं, भाजपा के राज्य प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने दावा किया कि सीबीआई कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर नगर निकायों में कथित भर्ती घोटाले की जांच कर रही है, ऐसे में साजिश संबंधी टीएमसी के आरोप बेबुनियाद हैं।

# शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स हुआ 63 हजारी

**मुंबई ।** वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों में लगातार जारी बढ़ोतरी को स्थगित करने की उम्मीद में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 63 हजारी हो गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 350.08 अंक अर्थात 0.56 प्रतिशत की छलांग लगाकर छह माह से अधिक के उच्चतम स्तर एवं 63 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 63142.96 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 127.40 अंक यानी 0.68 प्रतिशत उछलकर 18726.40 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई की दिग्गज कंपनियों से अधिक मझौली और छोटी कंपनियों में तेजी रही। इससे मिडकैप 1.09 प्रतिशत की उड़ान भरकर 27,751.75 अंक और समॉलकैप 1.15 प्रतिशत की तेजी लेकर 31,533.68 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3698 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2295 में लिवाली जबकि 1267 में बिकवाली हुई वहीं 136 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्ट की 43 कंपनियों में तजी जबकि शेष सात में गिरावट रही।

विश्लेषकों के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई में गिरावट को ध्यान में रखते हुए आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति से ब्याज दरों को स्थिर रखने की उम्मीद है। मौजूदा महंगाई का स्तर रिजर्व बैंक की पिछली मौद्रिक नीति समीक्षा के अनुरूप लक्ष्य सीमा के भीतर है। इसके अलावा, मौसम विभाग ने एल नीनो के बारे में कुछ चिंताओं के बावजूद सामान्य मानसून का संकेत दिया है, जिससे आरबीआई को समर्थन मिलेगा। इसके साथ ही मंत्रिमंडल ने बीएसएनएल को 4जी और 5जी स्पेक्ट्रम आवंटित करने के लिए 89,047 करोड़ रुपये के नए पैकेज की मंजूरी दी। कंपनी की अधिकृत पूंजी 1.50 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2.10 लाख करोड़ रुपये की जाएगी। इससे निवेशकों ने बीएसई के सभी 19 समूहों में जमकर निवेश किया। दूरसंचार समूह में सबसे अधिक 2.99 प्रतिशत की लिवाली हुई। साथ ही कमोडिटीज 0.95, सीडी 0.81, ऊर्जा 1.06, एफएमसीजी 1.06, वित्तीय सेवाएं 0.36, हेल्थकेयर 0.93, इंडस्ट्रियल्स 1.31, आईटी 0.83, यूटिलिटीज 1.94, ऑटो 0.56, बैंकिंग 0.13,तेल एवं गैस 1.34, पावर 1.25, रियल्टी 1.52 और टेक समूह के शेयर 1.05 प्रतिशत उछल गए।

### निफ्टी 127 अंक उछलकर 18726 पर पहुंचा



# जूनियर एनटीआर के साथ काम करेंगी प्रियंका चोपड़ा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा दक्षिण भारतीय स्टार जूनियर एनटीआर के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड के अलावा हॉलीवुड फिल्मों में भी कामयाबी का परचम लहराया है। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड की वेब सीरीज सिटाडेल में नजर आई थीं। चर्चा है कि प्रियंका चोपड़ा निर्देशक प्रशांत नील की फिल्म में जूनियर एनटीआर के साथ नजर आने वाली है। यह फिल्म इंडिया-पाकिस्तान वॉर पर बेस्ड होने वाली है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म के लिए दीपिका पादुकोण और मृणाल ठाकुर से भी बात की गई थी लेकिन बात नहीं बनी। यदि सबकुछ सही रहा तो प्रियंका, जूनियर एनटीआर के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। जूनियर एनटीआर इस फिल्म के अलावा 'देवरा' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। जूनियर एनटीआर की फिल्म 'देवरा' में उनके साथ सैफ अली खान और जाह्नवी कपूर भी नजर आने वाली है।



## कैटरीना हर हफ्ते करती हैं स्टाफ मीटिंग : कौशल

**मुंबई।** कटरीना कैफ और विक्की कौशल बॉलीवुड के चर्चित कपल हैं। विकी ने अपनी शादीशुदा जिंदगी से जुड़ा एक खुलासा किया है।विक्की ने कहा कि सबसे मजेदार बात तब होती है जब कैटरीना हर हफ्ते स्टाफ मीटिंग करती हैं। वह पूरे स्टाफ को एक साथ बुलाती हैं और घर के बजट से लेकर हर चीज पर चर्चा करती हैं। पैसा कैसे और कहां खर्च किया जाता है, इस पर नजर रखती है। जब यह चर्चा होती है तो मुझे बहुत मजा आता है। मैं पॉपकॉर्न खाते हुए इस मुलाकात का आनंद लेता हूं।

## कीमतों को काबू में रखना सरकार की प्राथमिकता : गोयल

**नयी दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग और खाद्य मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि सरकार कीमतों को नियंत्रण में रखने को प्राथमिकता देती है और इसी वजह से भारत में मुद्रास्फीति कई विकसित देशों की तुलना में कम है। उन्होंने कहा कि मंत्रियों का समूह नियमित रूप से बैठक कर कीमतों पर चर्चा करता है।
गोयल ने धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 143 रुपये बढ़ाकर चालू 2,183 रुपये प्रति क्विंटल करने के फैसले पर संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कीमतों को नियंत्रण में रखने को प्राथमिकता देते हैं।



